✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 263 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, गुरुवार, 19 फरवरी 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



नयी दिल्ली में एआई इवेंट में हिस्सा लेने से पूर्व पीएम नरेन्द्र मोदी से मिलते सीइओ सुंदर पिचाई

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये तीन आइपीएस अधिकारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने तीन आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजने की अधिसूचना जारी की है। जारी आदेश के अनुसार, 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी आशीष भारती को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है। वहीं 2011 बैच की आईपीएस अधिकारी स्वप्ना मेश्राम को डीआईजी के पद पर सीआरपीएफ में तैनाती दी गई है। इसके अलावा 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव मंगला को इंटेलिजेंस ब्यूरो में प्रतिनियुक्त किया गया है।

### सीसीटीवी से लैस होंगे बिहार के सभी अंचल कार्यालय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक पारदर्शिता और सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग के सचिव गोपाल मीणा द्वारा सभी समाहर्ताओं को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार सभी 537 अंचल कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु प्रति अंचल एक लाख पच्चीस हजार रुपये की दर से कुल छह करोड़ एकहत्तर लाख पच्चीस हजार रुपये की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आवंटित की गई है।

### छात्रा की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिले के सकरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात करीब 2 बजे एक नाबालिग लड़के ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी करीब 8 किलोमीटर दूर सकरा थाना पहुंचा और सरेंडर करने की कोशिश की लेकिन पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में नाबालिग ने अपनी प्रेमिका की हत्या की बात कबूल कर ली।

### दिनदहाड़े घूस लेते पकड़ाया दरोगा



**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भ्रष्ट पुलिसकर्मी के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई हुई है। निगरानी विभाग की टीम ने सदर थाना में तैनात सब-इंस्पेक्टर भास्कर कुमार मिश्रा को घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उससे पास से कैश भी मिला है। बताया जा रहा है कि सदर थाना के दारोगा भास्कर कुमार मिश्रा ने अपहरण के एक मामले में नामजद आरोपी का नाम केस डायरी से हटाने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की थी। बाद में यह सौदा 30 हजार रुपये में तय हुआ। आरोपी अधिकारी ने रकम दो किस्तों में 15-15 हजार रुपये देने को कहा था। पीड़ित ने कहा कि वह इतनी राशि नहीं दे पाएगा। लेकिन, भास्कर कुमार मिश्रा ने उसकी बात नहीं सुनी। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में निगरानी थाना, पटना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर निगरानी विभाग ने विशेष धावा दल का गठन किया और जाल बिछाकर सब-इंस्पेक्टर को घूस लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 15 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई है। निगरानी टीम के डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि आरोपी दरोगा को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ग्रामीण विकास विभाग के 237 अरब एक करोड़ 17 लाख 90 हजार का बजट पारित

# रोजगार के लिए पात्र महिलाओं को पांच किस्तों में मिलेंगे दो-दो लाख रुपये : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत पात्र महिलाओं को पांच किस्तों में दो-दो लाख रुपये दिये जाएंगे। जिन महिलाओं ने रोजगार प्रारंभ कर दिया है, उनके रोजगार विस्तार के लिए यह राशि दी जाएगी। बुधवार को विधान परिषद में उन्होंने यह घोषणा की। ग्रामीण विकास मंत्री वहां विभाग के बजट पर सरकार का पक्ष रख रहे थे। उन्होंने कहा कि अबतक 1.81 करोड़ महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिये जा चुके हैं। वहीं 18 लाख आवेदनों की जांच चल रही है। जांच प्रक्रिया पूरी होते ही सभी पात्र महिलाओं को रोजगार के लिए 10-10 हजार की सहायता राशि दे दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25 और 2025-26 में केन्द्र सरकार से 12.19 लाख आवास की स्वीकृति दी गयी है। यह संख्या सबसे अधिक है। अब नये साल के लिए लक्ष्य निर्धारण की प्रतीक्षा हो रही है। इस वर्ष बिहार ने केन्द्र सरकार से गरीबों के लिए एक करोड़ चार लाख 90 हजार आवास मांगे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे लोगों के सर्वे में इन आवासहीन लोगों की पहचान की गयी है। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 1 मार्च 2010 के पहले के स्वीकृत आवास, जो पूर्ण नहीं हो सके या जर्जर हैं, उन्हें 50 हजार रुपये राज्य के खजाने से देने का फैसला लिया गया है। अब तक 41 हजार से ज्यादा गरीबों को इस योजना का लाभ दिया गया है। उन्हें 217 करोड़ रुपये मिले हैं। मंत्री ने बताया कि हर ग्राम पंचायत में जीविका भवन, विवाह मंडप के अलावा हर प्रखंड में दीदी की लाइब्रेरी, दीदी अधिकार केन्द्र की स्थापना और राज्य के हॉस्पिटल में 45 स्वास्थ्य सहायता केन्द्र की स्थापना करने का फैसला लिया गया है। इस पर तेजी से काम हो रहा है। मंत्री ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां सतत जीविकोपार्जन योजना चलायी जा रही है। अबतक 31.71 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। स्वयं सहायता समूहों की संख्या 11.45 लाख से भी अधिक हो गई है और अब यह योजना गांव से शहर की ओर बढ़ चुकी है। अब तक 4.50 शहरी परिवारों को इससे जोड़ा जा चुका है। श्रवण के तर्कों से सहमति जताते हुए सदन ने ग्रामीण विकास विभाग के 237 अरब एक करोड़ 17 लाख 90 हजार रुपये के बजट को ध्वनिमत से पारित कर दिया। उससे कुछ ही क्षण पहले विपक्ष के सदस्य सदन छोड़कर चले गए थे। चर्चा में अब्दुल बारी सिद्दीकी, आफाक अहमद, विनोद कुमार जायसवाल, रीना सिंह, शशि यादव, सर्वेश कुमार, लालमोहन गुप्ता, सुनील कुमार सिंह बतौर सहभागी हिस्सा लिया।

# तीन लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** बिहार पुलिस को आज बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुख्यात नक्सली कमांडर ने आज पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सली कमांडर पर पुलिस ने 3 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। समर्पण किए नक्सली के पास से एके-56,एके-47 जैसे हथियार मिले हैं। 3 लाख के इनामी नक्सली कमांडर सुरेश कोडा ने आत्मसमर्पण कर दिया है। मुंगेर के पुलिस उप महानिरीक्षक के समक्ष कुख्यात नक्सली ने आज समर्पण किया है। इसके पहले दिसंबर 2025 में भी मुंगेर में तीन कुख्सायात नक्सलियों ने समर्पण किया था। कुख्यात नक्सली के पास से एक एके- 47 राइफल, एक एके- 56 राइफल, दो इंसास राइफल, 505 कारतूस व 10 मैगजीन बरामद किए गए हैं। जिस कुख्यात नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है उसके खिलाफ मुंगेर व अन्य थानों में 60 आपराधिक मामले दर्ज हैं। सुरेश कोड़ा एसएसी का सक्रिय सदस्य है और 25 सालों से फरार था। इसके खिलाफ मुंगेर लखीसराय व जमुई में मामले दर्ज हैं। इस कुख्यात ने 2008 में मुंगेर में एक चौकीदार की हत्या कर दी थी। वहीं 2010 में जमुई में भी एक चौकीदार की हत्या कर दी थी।

# नहर में गिरी कार, दंपति की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पटना के बिहटा के पास बुधवार को कार सोन नहर में गिर गई। इसमें औरंगाबाद के एक दंपति की मौत हो गई जबकि बेटे और ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। यह हादसा तब हुआ जब जितेंद्र अपनी पत्नी के स्पाइनल ऑपरेशन के बाद रुटीन चेकअप के लिए जा रहे थे। मृतकों की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के सरईबार गांव निवासी स्व. लाखदेव ठाकुर के पुत्र जितेंद्र कुमार (54) और उनकी पत्नी मालती देवी (45) के रूप में हुई है। दोनों पटना इलाज के लिए जा रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। मालती देवी का दो महीने पहले पटना के एक निजी अस्पताल में स्पाइनल ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद रूटीन चेकअप के लिए वे अपने पति जितेंद्र कुमार के साथ पटना जा रही थीं। मृतक के बहनोई शैलेश ठाकुर ने बताया है कि ये दोनों इलाज कराने के लिए पटना जा रहे थे तभी बिहटा में नियंत्रण खो देने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गये। इस घटना में पति -पत्नी की मौत हो गई जबकि भतीजे और बेटे ने तैरकर जान बचाई है। कार मृतक के भतीजे अंबुज कुमार उर्फ पुतुल चला रहे थे,जबकि बेटा हिमांशु कुमार उर्फ मोनू भी साथ में था। भतीजे अंबुज और हिमांशु ने कार का दरवाजा खोलकर नहर में छलांग लगा दी और तैरकर बाहर निकल आए। लेकिन कार में फंसे जितेंद्र कुमार और मालती देवी पानी अधिक होने के कारण बाहर नहीं निकल सके और डूबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# रोहतास में पांच लोगों की संदिग्ध मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** रोहतास में पांच लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। मरने वाले जिले के अलग-अलग इलाके से हैं लेकिन सभी का कनेक्शन एक तिलक समारोह से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। हालांकि इन लोगों की मौत के कारण क्या है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस इस घटना को संदिग्ध मान रही है। मरने वालों में लल्लू सिंह पिता पूजन सिंह, लल्लू सिंह के दो रिश्तेदार और दो रसोईया शामिल थे। लल्लू सिंह दूल्हे का भाई था। जानकारी के अनुसार 14 फरवरी की रात भोजपुर जिले के तरारी गांव से बिक्रमगंज के मठिया निवासी पूजन सिंह के पुत्र का तिलक आया था। तिलक समारोह के एक दिन के बाद लल्लू सिंह की तबीयत बिगड़ी और 16 फरवरी को अचानक मौत हो गई। पूजन सिंह के दो रिश्तेदार जो नासरीगंज से आए थे। उनकी भी मौत तीन दिनों के अंदर हो गयी। वहीं तिलक समारोह से लौटने के बाद अकोढीगोला के दो रसोईया की भी मौत हो गयी। हालांकि इन सभी की मौत कैसे हुई, इसको लेकर अभी तक कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है। परिजन भी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कह रहे हैं। गाहे-बगाहे लोग इस मामले को शराब से जोड़कर देख रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि जहरीली शराब के कारण इन लोगों की मौत हो सकती है। हालांकि परिजनों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं हुई और कुछ भी खुलकर बताने से बच रहे हैं। इधर, एक साथ पांच लोगों की मौत की जानकारी मिलने के बाद उत्पाद विभाग के अधिकारी और जिला प्रशासन के कुछ अधिकारी मठिया गांव में जाकर जांच शुरू कर दी है। उत्पाद सहायक आयुक्त तारिक महमूद का कहना है कि घर के लोगों से बातचीत हुई है, जिसमें कुत्ता काटने से मौत की बात सामने आ रही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का पता चलेगा। इस तरह की संदिग्ध घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा है। रोहतास एसपी रौशन कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है। जांच के लिए एक टीम का गठन भी किया गया है। एसपी ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# 15 हजार रुपये घूस लेते दारोगा गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार सुबह जिले के सदर थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर भास्कर कुमार मिश्रा को निगरानी विभाग की टीम ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई थाना परिसर में ही की गई जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार एक अपहरण कांड में सहूलियत देने और केस डायरी को कमजोर करने के एवज में अनुसंधानकर्ता भास्कर कुमार मिश्रा द्वारा पीड़ित पक्ष से 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। बाद में सौदा 30 हजार रुपये में तय हुआ जिसे दो किस्तों में देने की बात हुई। पहली किस्त के तौर पर 15 हजार रुपये लेते ही निगरानी टीम ने जाल बिछाकर दारोगा को पकड़ लिया।



# कृषि रोड मैप से किसानों की आय तेजी से बढ़ रही : रामकृपाल

## फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन व कृषि आधारित उद्यमिता को नई गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि कृषि रोड मैप से राज्य में उत्पादन व उत्पादकता के साथ-साथ किसानों की आय भी तेजी से बढ़ रही है। इसके माध्यम से उर्वरक, सिंचाई सुविधाएं, आधुनिक कृषि यंत्र, डिजिटल सेवाएं व विभिन्न सहायता योजनाओं को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुंचाया गया है। फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, बेहतर बाजार व्यवस्था एवं कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानती है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ एवं स्मार्ट खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि मंत्री बुधवार को सूचना एवं जन-संपर्क विभाग, सूचना भवन स्थित संवाद कक्ष में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, नवाचार आधारित पहलों तथा किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की विस्तृत जानकारी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सरकार का स्पष्ट संकल्प कृषि को लाभकारी, आधुनिक व सम्मानजनक पेशा बनाना है। छोटे एवं सीमांत किसानों को विकास की मुख्यधारा में लाना तथा उनकी आय बढ़ाना है। योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे, इसके लिए डीबीटी एवं डिजिटल प्रणाली को मजबूत किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। भ्रष्टाचार एवं बिचौलिया व्यवस्था पर सख्त नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मीडिया से कहा कि वह सरकार और किसानों के बीच सशक्त सेतु की भूमिका निभाए। योजनाओं की सही जानकारी हर किसान तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विधानमंडल सत्र समाप्त होने के बाद विभाग हर जिले में जाकर किसानों, वैज्ञानिकों, कृषि उद्यमियों एवं नवाचारी युवाओं के साथ संवाद करेगा। इस मौके पर विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कहा कि सुनियोजित रणनीति और समन्वित प्रयासों से बिहार कृषि विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 'कृषि कर्मण पुरस्कार' के माध्यम से राज्य को प्राप्त राष्ट्रीय पहचान, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता में हुई उल्लेखनीय वृद्धि तथा डिजिटल कृषि पहलों के विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे परंपरागत फसलों के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली, कम अवधि में बेहतर प्रतिफल देने वाली एवं बाजार की मांग के अनुरूप फसलों की खेती की ओर भी अग्रसर हों। कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव ने बताया कि बीते वर्षों में धान, गेहूं एवं मक्का के उत्पादन तथा उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है तथा उर्वरक वितरण से संबंधित शिकायतों पर विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि छोटे एवं सीमांत किसानों की आय में बढ़ाने के लिए क्लस्टर आधारित खेती की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। इससे उत्पादन की लागत में कमी, तकनीकी मार्गदर्शन की सहज उपलब्धता तथा विपणन की बेहतर व्यवस्था संभव हो सकेगी। विपणन निदेशालय के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य के बाजार प्रांगणों को राष्ट्रीय कृषि बाजार पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। इस डिजिटल मंच के माध्यम से किसान अपने उत्पादों का ऑनलाइन क्रय-विक्रय कर रहे हैं जिससे व्यापार प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है तथा उन्हें देशव्यापी बाजार से सीधे जुड़ने का अवसर मिला है।

# आइपीआरडी की सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को विभाग ने किया सम्मानित

## सिविल सेवा कबड्डी में रश्मि कुमारी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सहायक प्रशाखा पदाधिकारी रश्मि कुमारी को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए विभागीय अधिकारियों ने सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। बुधवार को विभाग के निदेशक अनिल कुमार ने उन्हें विशेष रूप से बधाई दी। गौरतलब है कि रश्मि कुमारी बीते दिनों चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सेवा कबड्डी टूर्नामेंट में बिहार महिला टीम की प्रमुख सदस्य रहीं। इस प्रतियोगिता में बिहार टीम ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने पिछले वर्ष भी बिहार राज्य की सिविल सेवा महिला कबड्डी टीम में भाग लिया था जहां टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। लगातार दो वर्षों से अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली रश्मि ने प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ खेल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर विभाग के अपर सचिव बिधू भूषण चौधरी, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमारिल सत्यानंदन सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# बिहार विधान सभा में शून्यकाल की प्रक्रिया होगी पूरी तरह ऑनलाइन : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने आज अपराह्न पांच बजे अपने कार्यालय कक्ष में शून्यकाल को ऑनलाइन करने को लेकर सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों और नेवा टीम के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शून्यकाल की वर्तमान प्रक्रिया से सदस्यों को हो रही असुविधा पर विस्तार से चर्चा हुई। शून्यकाल के दौरान सदस्य बिना पूर्व सूचना के तात्कालिक जनहित और लोक महत्व के मुद्दे उठाते हैं जिनकी अनुमति अध्यक्ष द्वारा दी जाती है। अभी सदस्यों को शून्यकाल की सूचना सुबह नौ से दस बजे के बीच देनी होती है जिससे सत्र शुरू होने से पहले उन्हें विधान सभा आना पड़ता है। सदस्यों की इस कठिनाई को दूर करने के उद्देश्य से अध्यक्ष ने नेवा टीम को निर्देश दिया कि सोमवार, 23 फरवरी 2026 से शून्यकाल की पूरी प्रक्रिया डिजिटल कर दी जाए। नई व्यवस्था के तहत सदस्य शून्यकाल में उठाए जाने वाले मुद्दे को अधिकतम पचास शब्दों में यूनिकोड फॉन्ट में नेवा पोर्टल पर दर्ज करेंगे। सुबह नौ बजे से दस बजे तक नेवा पोर्टल पर भेजें बटन सक्रिय रहेगा जिससे शून्यकाल की सूचना ऑनलाइन नोटिस के रूप में विधान सभा के पोर्टल पर प्रदर्शित होगी। यह सूचना अनुमोदन के लिए अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। नई ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी सदस्यों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अध्यक्ष ने नेवा टीम को निर्देश दिया कि 19 फरवरी 2026 से 21 फरवरी 2026 तक विभिन्न बैचों में सदस्यों के निजी सहायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह, नेवा टीम के सदस्य तथा विधान सभा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्रपति शिवाजी की जयंती पर विधान सभा अध्यक्ष ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने मुगलों और अन्य बाहरी आक्रमणकारियों से संघर्ष कर एक स्वतंत्र मराठा साम्राज्य की स्थापना की और पारंपरिक युद्ध प्रणालियों से अलग छापामार युद्ध नीति अपनाकर शत्रुओं को परास्त किया। मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित उनका निर्भीक और स्वातंत्र्य प्रिय व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व राष्ट्रसेवा की भावना को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

# कॉम्फेड का नया रिकॉर्ड, एक दिन में 30.67 लाख किलोग्राम दूध संग्रहण

## 20 वर्षों में कॉम्फेड की दूध संग्रहण क्षमता पांच गुना और प्रसंस्करण क्षमता आठ गुना हुई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डेयरी एवं मत्स्य संसाधन विभाग की इकाई कॉम्फेड अपने ब्रांड सुधा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में कॉम्फेड ने अपने दूध संग्रहण और प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ा ली है। विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार कॉम्फेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पशुपालकों से रोजाना 22 लाख 52 हजार किलोग्राम दूध का संग्रहण किया है। वहीं इसने अब अपनी रोजाना दूध प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ाकर 48 लाख 55 हजार कर लिया है।

COMFED

**20 वर्षों में कॉम्फेड की बड़ी छलांग**

20 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2004-05 में दुग्ध संग्रहण जहां मात्र 4.88 लाख किलोग्राम प्रतिदिन था, वह वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.52 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो गया है। इस तरह से दूध संग्रहण में करीब 5 गुना की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि लगभग 8.5 प्रतिशत की यौगिक वार्षिक वृद्धि दर से हुई है, जो की सराहनीय है। वहीं इस अवधि में कॉम्फेड ने तेजी से अपनी दूध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाई है। वर्ष 2006-07 में राज्य में दूध प्रसंस्करण क्षमता 6.30 लाख लीटर प्रतिदिन थी, जो कि वर्ष 2023-24 में ही बढ़कर 48.55 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई थी। इस तरह कॉम्फेड दूध प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ाकर करीब 8 गुना कर चुका है। आज यह रोजाना जितने दूध का संग्रहण करता है उससे करीब दोगुना अधिक दूध प्रसंस्करण करने की क्षमता रखता है।

# छत्रपति यादव और आनंद माधव छह वर्षों के लिए निष्कासित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस पार्टी के मूल सिद्धांतों, अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादा के खिलाफ लगातार बयानबाजी और अवांछित व भ्रामक बयान जारी करने के आरोप में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने पूर्व विधायक छत्रपति यादव और रिसर्च विभाग के पूर्व चेयरमैन व पूर्व प्रवक्ता आनंद माधव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह वर्षों के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आनंद माधव, पूर्व चेयरमैन रिसर्च विभाग एवं छत्रपति यादव, पूर्व विधायक का पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता बढ़ती जा रही है। अतः विषय की गंभीरता को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के बिहार प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से विमर्श के उपरांत इन दोनों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है।

# महेन्द्रूघाट एवं करबिगहिया में बनेगा रेलकर्मियों के लिए आवास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पटना में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेल आवास की सुविधा मुहैया कराने की योजना बनाई गयी है। इस संबंध में आज मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी जिसमें प्रस्तावित योजना के सभी पहलुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। प्रस्तावित योजना के तहत महेन्द्रूघाट, पटना में निर्माण विभाग हेतु अतिरिक्त कार्यालय भवन एवं निर्माण विभाग तथा दानापुर मंडल के कर्मचारियों हेतु टाइप-4 के 12 यूनिट तथा टाइप-3 के 88 यूनिट रेल आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत टाइप-4 हेतु बनाये जाने वाले टावर में 06 फ्लोर होंगे जिसमें प्रत्येक फ्लोर पर 02 रेल आवास होंगे। इसी तरह टाईप-3 हेतु 02 टावर बनाये जाएंगे जिनमें प्रत्येक टावर में 11 फ्लोर होंगे तथा प्रत्येक फ्लोर पर 04 रेल आवास होंगे। साथ ही इन टावरों में 200 गाड़ियों के पार्किंग का प्रावधान भी किया जाएगा। यहां पर पंप रूम के साथ फायर फाइटिंग टैंक, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, डीजल जेनरेटर तथा केन्द्रीयकृत पैनल रूम आदि का निर्माण भी किया जाएगा।

इसी तरह करबिगहिया, पटना में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय के अधिकारियों हेतु 56 यूनिट रेल आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत टाईप-5 हेतु बनाये जाने वाले टावर में 07 फ्लोर होंगे जिसमें प्रत्येक फ्लोर पर 04 रेल आवास होंगे। इसी तरह टाईप-6 हेतु 02 टावर बनाये जाएंगे जिनमें प्रत्येक टावर में 07 फ्लोर होंगे तथा प्रत्येक फ्लोर पर 02 रेल आवास होंगे। साथ ही इन टावरों में 196 गाड़ियों के पार्किंग का प्रावधान भी किया जाएगा। अन्य सुविधाओं के साथ ही यहां 8 दुकान एवं 1 रेस्टोरेंट का भी निर्माण किया जाएगा ।

# लुइस फिलीप ने लांच किया टिकट टू बहामास कलेक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के प्रीमियम मेंसवेयर ब्रांड, लुइस फिलीप ने अपना स्प्रिंग समर 2026 कलेक्शन टिकट टू बहामास पेश किया है। यह कलेक्शन लग्जरी बीच क्लबों के सुकून भरे ग्लैमर और धूप से सराबोर ट्रॉपिकल नजारों से प्रेरित है। लान्च के अवसर पर लुइस फिलीप के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनिल एस कुमार ने कहा कि टिकट टू बहामास कलेक्शन एक लग्जरी बीच क्लब अनुभव के आरामदायक और सुखद एहसास को दर्शाता है। हवादार कपड़ों, गर्मियों के जीवंत रंगों और आरामदायक लेकिन सोफिस्टिकेटेड स्टाइल के साथ यह कलेक्शन उस आत्मविश्वास और सहज शालीनता को पेश करता है जो गर्मियों के मौसम में एक लुइस फिलीप मैन की पहचान है। बहुमुखी और विचारपूर्वक तैयार किया गया टिकट टू बहामास कलेक्शन, वेकेशन और पूल-साइड ब्रंच से लेकर समंदर किनारे की शामों और शहर की मुलाकातों तक, हर मौके के लिए एकदम सही है। हल्के टेक्सचर, धूप जैसे नरम रंग और आधुनिक टेलरिंग मिलकर एक ऐसा समर वॉर्डरोब तैयार करते हैं जो शानदार, ताजगी भरा और बेहद क्लासी है।

# अब जमाना आ.इ नहीं, ए.आ.इ का है, सही दिशा में उपयोग से बदलेगी देश की दशा : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आ.ई) के बढ़ते प्रभाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आनंद रंजन झा ने कहा कि आज का युग व्यक्तिगत सोच 'आ.ई' का नहीं, बल्कि सामूहिक विकास की तकनीक 'ए.आ.इ' का युग है। यदि ए.आ.इ का सही दिशा में उपयोग किया जाए तो यह देश की दशा और दिशा दोनों बदलने की क्षमता रखता है। आनंद रंजन झा ने कहा कि हाल ही में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट से यह स्पष्ट हुआ है कि भारत ए.आ.ई से हो रहे वैश्विक बदलावों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्टार्टअप, रोजगार और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ए.आ.इ का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है जिससे युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ए.आ.इ सिर्फ बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब यह आम लोगों और युवाओं के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के साथ ए.आ.इ भारत की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बना सकती है।

आनंद रंजन झा ने यह भी कहा कि ए.आ.इ के बढ़ते उपयोग के साथ डाटा सुरक्षा और साइबर खतरों की चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि तकनीक के साथ-साथ नैतिकता, जिम्मेदारी और सुरक्षा पर भी बराबर ध्यान दिया जाए। अंत में उन्होंने कहा कि ए.आ.इ का उद्देश्य इंसान की जगह लेना नहीं, बल्कि इंसान की क्षमता को और मजबूत बनाना है। सही नीति, सही सोच और सही दिशा के साथ ए.आ.इ भारत को तकनीकी महाशक्ति बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

# प्राउट दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प, तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति के तत्वावधान में 18, 19 एवं 20 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय 'प्राउटिष्ट सर्वसमाज कार्यकर्ता सम्मेलन' का शुभारम्भ आज प्रउत भवन पाटलिपुत्र में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक सम्मेलन का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न नारायण सिंह, प्राउटिस्ट यूनिवर्सल के सेक्रेटरी जनरल आचार्य नभातीतानन्द अवधूत, उपाध्यक्षगण आचार्य रणधीर देव, आचार्य शिवानन्द दानी, सरोज पटनायक, महासचिव कल्लूराम सिंह, पंचशाखा सचिव आचार्य विनीत देव, वित्त सचिव मनोज जैन, विधि सचिव प्रभुनाथ, आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के भुक्ति प्रधान आचार्य विनोद, महिला सचिव शारदा दीदी तथा देश के विभिन्न समाजों से पधारे प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक संकल्प के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा की गई।

# जयप्रकाश नगर में हिंदू सम्मेलन के तहत विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** जयप्रकाश नगर क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन के तत्वावधान में विभिन्न इलाकों में अलग-अलग धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का शुभारंभ कांग्रेस मैदान में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भारत माता के पूजन के साथ किया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से मोहल्लों के मंदिरों तथा सामूहिक स्थलों पर विविध आयोजन संपन्न हुए। इनमें दरियापुर स्थित मां ब्लड सेंटर में सुंदरकांड पाठ, हनुमान मंदिर दरियापुर में हनुमान चालीसा पाठ, बिड़ला मंदिर में भजन-कीर्तन तथा दुरुखी गली अखाड़ा में हनुमान चालीसा पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदू जागरण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।

आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सक्रिय योगदान दिया। राजेश बजाज ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव, समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। युवा वर्ग के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। इससे नई पीढ़ी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। भजन-कीर्तन और सामूहिक पाठ के माध्यम से भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। कार्यक्रमों के दौरान अनुशासन एवं शांति व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा गया।

# श्री चैतन्या एकेडमी ने जेईई मेन सेशन 2026 में पटना से सिटी टॉपर दिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री चैतन्या अकेडमी-इन्फिनिटी लर्न की पहल, जो बड़े पैमाने पर उत्तम परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, ने गर्व से अपने पटना टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई मेन सेशन 1 के परिणामों की घोषणा की। इस सेंटर ने अमन आनंद और रिशु कुमार झा को पटना टॉपर घोषित किया जिन्होंने प्रभावशाली 99.58 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। अमन और रिशु, पटना में श्री चैतन्या अकेडमी में रेगुलर क्लासरूम के छात्र है। सफल छात्रों को बधाई देते हुए सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर ऑफ श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की को-फाउंडर ने कहा श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एवं को-फाउंडर, इन्फिनिटी लर्न ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जेईई मेन 2026 सेशन 1 में अमन और रिशु जैसे छात्रों को शानदार प्रदर्शन करते देखना बेहद प्रेरणादायक है।

# गयाजी, दरभंगा और भागलपुर में कामकाजी महिला के लिए सुरक्षित छात्रावास

## कामकाजी महिलाओं के लिए 'आकांक्षा' छात्रावास, मात्र तीन हजार में भोजन, रहना मुफ्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के आई.ए.एस. कॉलोनी, (रूपसपुर) में कामकाजी महिलाओं के लिए बुधवार को छात्रावास (आकांक्षा) का शुभारंभ किया गया। मुजफ्फरपुर, पटना के बाद अब गयाजी, दरभंगा और भागलपुर में भी ऐसे ही छात्रावास खोलने की योजना है। इसका संचालन महिला बाल विकास निगम के तहत किया जाता है। इसमें 50 महिलाओं के रहने की सुविधा है। छात्रावास में अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, रसोइया समेत अन्य आवश्यक कर्मी भी मौजूद होंगे। इस मौके पर विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में अहम पहल है। सुरक्षित आवास मिलने से महिलाएं बिना किसी भय के नौकरी कर सकेंगी और उनकी आत्मनिर्भरता की राह और आसान होगी। साथ ही यह कदम राजधानी समेत अन्य जगहों पर महिला सुरक्षा और सामाजिक भरोसे को भी मजबूत करेगा। यह छात्रावास विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए बनाए गए हैं जो अकेले रहकर सरकारी या अन्य तरह की नौकरी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 'अपना घर' की तर्ज पर तैयार की गई इस छात्रावासों में उन्हीं महिला को रखा जाएगा जिनकी मासिक आय अधिकतम 75 हजार रुपये प्रति है। इसकी क्षमता 50 बेड की है। छात्रावास में रहने के लिए महिलाओं को किसी तरह का कोई किराया नहीं देना होगा।

# पुणे, मुंबई, अहमदाबाद एवं श्रीगंगानगर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुणे, मुंबई, अहमदाबाद, श्रीगंगानगर हेतु स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी संख्या 01481/01482 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01481 पुणे-दानापुर स्पेशल 23 फरवरी से 06 मार्च, 2026 तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पुणे से 19.55 बजे खुलकर तीसरे दिन 04.20 बजे डीडीयू, 05.40 बजे बक्सर, 06.38 बजे आरा रूकते हुए 08.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01449/01450 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल - गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन पुणे से 15.30 बजे खुलकर दूसरे दिन 23.00 बजे डीडीयू, तीसरे दिन 00.16 बजे बक्सर, 01.00 बजे आरा रूकते हुए 02.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01143/01144 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल - गाड़ी संख्या 01143 लोकमान्य तिलक-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन लोकमान्य तिलक से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.25 बजे डीडीयू, 16.40 बजे बक्सर, 17.40 बजे आरा रूकते हुए 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

### डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय शिवसागर का किया निरीक्षण

# पदाधिकारी जनहित में तत्परता और जवाबदेही के साथ करें कार्य : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में वरीय अधिकारियों की टीम द्वारा बुधवार को शिवसागर प्रखंड कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर संचालित प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना, जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा प्रखंड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण करते हुए कार्यालयीन व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, लंबित आवेदनों की स्थिति एवं नागरिक सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी विभागीय कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निष्पादित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यालय परिसर में उपस्थित स्थानीय नागरिकों एवं आगंतुकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्याओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड-स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें शिवसागर प्रखंड एवं अंचल से जुड़े विकासात्मक एवं प्रशासनिक कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागीय एवं सामाजिक स्टालों का भी भ्रमण किया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि रोहतास जिले में सुशासन एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जेईई मेंस में 99.70 स्कोर लाने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भाजपा जिला प्रवक्ता सह स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सासाराम गौरक्षणी के अल्फा कॉलोनी के रहने वाले उत्पल जितेंद्र पिता जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं तरुण कुमार पिता राकेश कुमार मु.- अल्फा कॉलोनी, गौरक्षणी, सासाराम ने जो शाहाबाद के प्रसिद्ध विद्यालय संत पॉल स्कूल का छात्र रहे हैं, उन दोनों ने एन टी ए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) द्वारा लिए गए जेईई मेंस भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित स्कोर परीक्षा में 99.68 व 99.70 स्कोर लाने का कार्य किया है। ये उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है। नियमित अध्ययन एवं शिक्षकों के सही मार्गदर्शन ने उन्हें इस लक्ष्य तक पहुंचाया है। उन्होंने दोनों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है।

# गुप्ताधाम महोत्सव का आगाज, सजेगी सुरों की महफिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** रोहतास जिले के चेनारी के रामदुलारी गंगा इंटर स्तरीय विद्यालय परिसर में गुप्ताधाम महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव की प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है। एक दिवसीय गुप्ताधाम महोत्सव का आयोजन रामदुलारी गंगा इंटर स्तरीय विद्यालय के प्रांगण में 21 फरवरी 2026 को होगा। कार्यक्रम में जिला के स्थापित कलाकारों के साथ- साथ भोजपुरी जगत के मशहूर कलाकार अरविंद अकेला उर्फ कल्लू, अंकुश राजा और शिवानी सिंह जैसी कई नामचीन कलाकार शिरकत करेंगे। महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने में जिला प्रशासन ने सुरक्षा, भव्य मंच और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। महोत्सव की व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी के स्तर से सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बता दें कि 2016 में विधायक ललन पासवान ने अपने प्रयास से गुप्ताधाम महोत्सव का आयोजन किया था, उसके बाद 2017 में गुप्ताधाम महोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। डीएम उदिता सिंह ने बताया कि गुप्ताधाम महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। पहले से निर्धारित तिथि 21 फरवरी के संध्या महोत्सव का आगाज होगा। जिला के स्थापित कलाकारों के साथ-साथ राज्य के कई नामचीन कलाकारों की भागीदारी होगी। यह महोत्सव पर्यटन विरासत और स्थानीय कलाकार एक अनूठा संगम होगा जिसमें स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# हत्या मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** छह साल पूर्व तकिया के रोहित राज हत्याकांड मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए एडीजे चार अनिल कुमार की अदालत ने तीन अभियुक्तों को 30-30 हजार रुपए अर्थदण्ड सहित आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्तों में सासाराम के तकिया मुहल्ला निवासी कैलाश खटिक, जितेंद्र खटिक एवं दरीगांव थाना क्षेत्र के कादिरगंज निवासी प्रदीप खटिक शामिल हैं। इस मामले के अपर लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले की प्राथमिकी 8 सितंबर 2019 को सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौकीदार रामजी सिंह के द्वारा सासाराम मुफस्सिल थाना में दर्ज कराया गया था जिसमें बताया गया था कि मृतक की हत्या कर के अभियुक्त उसके शरीर को चितौली नहर से एक किलोमीटर दक्षिण नहर के किनारे फेंक दिया गया था। पुलिस के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान की कार्रवाई की गई थी जिसमें अभियुक्तों का नाम आया था। इस मामले में डॉक्टर एवं आईओ समेत कुल 9 गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज हुई थी जिसमें मृतक के पिता काशी प्रसाद सेठ ने बताया कि 6 सितंबर 2019 को अभियुक्तों के द्वारा इनके पुत्र रोहित राज को अभियुक्तों ने मिलने के लिए तकिया फील्ड में बुलाया था जिसके बाद से ही वह गायब हो गया, काफी खोजबीन के बाद नहीं मिलने पर अगले दिन थाना को सूचना इनके द्वारा दिया गया था।

## अवैध रूप से बिजली चोरी में आठ पर जुर्माना, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत चोरी को लेकर चलाये जा रहे निरंतर विशेष अभियान के तहत दिनारा, संझौली व सूर्यपुरा प्रखंड अंतर्गत आठ पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बता दें कि मीटर से पहले सर्विस तार में कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत चोरी करने को लेकर प्रखंड दिनारा के दिनारा चौक निवासी जगदीश साह पिता-फौजदार साह पर 43213, संझौली प्रखंड के सोनी निवासी श्याम बिहारी सिंह पिता-जागनारायण सिंह पर 19576, मुन्ना कुमार पिता-ललन सिंह पर 29827, सतेंद्र सिंह पिता-राजमोहन सिंह पर 20716, संजय सिंह पिता-ललन सिंह पर 10398, धनजी सिंह पिता-देवराज सिंह पर 7755 व प्रखंड सूर्यपुरा में बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत चोरी करने को लेकर लखनपुरा निवासी सत्यनारायण चौधरी पिता-पिस्तौल चौधरी पर 20859 तथा राधेश्याम चौधरी पर 10367 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा बिजली से सम्बंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें एवं जो व्यक्ति घरेलू, व्यवसायिक, ई-रिक्शा चार्ज, कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज में चालू माह में 32 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है जिसमें कुल जुर्माना की राशि 18.31 लाख अधिरोपित है।

## बाइक को मारी टक्कर, हथियार का भय दिखा लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र से दिनदहाड़े हथियार का भय दिखाकर सरेआम रुपए लुटे जाने की खबर प्राप्त हुई है। घटना डिहरी-बिक्रमगंज एन एच- 120 पर की बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार काराकाट थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक व्यापारी से 1.75 लाख रुपये लूट लिए गए हैं। बताया जाता है कि नासरीगंज निवासी राजेश कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा से रुपये निकालकर बाइक से लौट रहे थे, तभी दो अज्ञात लुटेरों ने उन्हें टक्कर मारकर गिरा दिया और रुपये छीन लिए। लुटेरों ने हथियार दिखाकर राजेश को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। घटनास्थल पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। हालांकि घटना की सूचना 112 न पुलिस को दी गई। परंतु पुलिस के आने से पहले ही अपराधी रुपए लेकर चंपत हो चुके थे। पुलिस ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई के तहत तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी है।

## हिंदुओं का आपस में बंटना, समरसता के लिए खतरा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद बिक्रमगंज के धनगाई स्थित बुढ़वा शिवाला में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध कथावाचक ब्रज किशोर चंद्र शास्त्री एवं संचालन वीएचपी के अध्यक्ष संतोष भंडारी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ग्राम विकास प्रमुख संजय तिवारी ने भारत को एक सशक्त, चरित्रवान और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने हेतु आरएसएस की दीर्घकालिक योजना पंच परिवर्तन पर चर्चा किया। इसके संदर्भ में उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बल दिया गया है। इनके अंतर्गत समाज में सकारात्मक और आमूलचूल बदलाव का लक्ष्य आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष पर निर्धारित किया है। वहीं जिला प्रचारक विभाष ने अपने संबोधन में समाज में उत्पन्न विकृतियों के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया। अतिथियों का स्वागत आयोजकों द्वारा अंगवस्त्र से किया गया। मौके पर पुष्करनाथ त्रिपाठी, पप्पू तिवारी, नित्यानंद दूबे, अजित दूबे, निलेश सिंह, अंकित महाजन, नरेंद्र कुशवाहा, बिनोद भारती, लोहा सिंह, एवं कृष्णा कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# 'शोषण मुक्त बचपन' अभियान के तहत पॉक्सो व गुड टच-बैड टच पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिभर्ते एनजीओ एवं जेयू एग्री साइंस प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे मिशन 'शोषण मुक्त बचपन' के अंतर्गत बच्चों के बीच पॉक्सो एक्ट एवं गुड टच-बैड टच विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पांचवे और छठे चरण में नारायणपुर (रोहतास) स्थित मध्य विद्यालय तथा तेनुअज (नटवार) मध्य विद्यालय में विशेष सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर एनजीओ के प्रेसिडेंट एलएलबी सीए मोहन सिंह, दिवाकर जी, पवन सिंह एवं अमन शर्मा उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों, गुड टच-बैड टच की पहचान, अपनी सुरक्षा के अधिकार और किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में तुरंत जानकारी देने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। दोनों विद्यालयों को मिलाकर लगभग 1,500 बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बिभर्ते एनजीओ की पूरी टीम तथा जेयू एग्री साइंस की टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे कार्यक्रम में उत्साह और जागरूकता का संदेश और अधिक प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। इस मौके पर बताया गया कि बिभर्ते एनजीओ, जेयू एग्री साइंस के सहयोग से आगामी समय में बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लगभग 50 स्कूलों में इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। बिभर्ते एनजीओ महिला सशक्तिकरण के लिए 'नारी रक्षार्थ' कैंपेन भी संचालित करती है जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाया जाता है। इसी अभियान के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट एवं गुड टच-बैड टच जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। साथ ही संस्था द्वारा प्रतिवर्ष सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाता है। संस्था के अनुसार अब तक देशभर की लगभग 1,00,000 से अधिक महिलाओं को 'नारी रक्षार्थ' अभियान से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा चुका है।

## सामाजिक न्याय के प्रतीक थे जननायक कर्पूरी ठाकुर : अमित कुमार पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और 'जननायक' के रूप में विख्यात कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के सच्चे प्रतीक थे। अमित कुमार पटेल ने कहा कि 17 फरवरी 1988 को उनका निधन हुआ था और प्रत्येक वर्ष 17 फरवरी को उनकी पुण्यतिथि पर पूरा प्रदेश उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन पिछड़ों, दलितों, गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। वर्ष 2024 में उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया जो उनके योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। उन्होंने आगे कहा कि कर्पूरी ठाकुर सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों की राजनीति के लिए जाने जाते थे। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना था। अमित कुमार पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हैं। समाज में समानता, शिक्षा का प्रसार और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जननायक के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सकों की अनदेखी उनके अधिकारों का हनन

### ग्रामीण चिकित्सकों के हक की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** देश के लाखों ग्रामीण चिकित्सकों के सम्मान, अधिकार और भविष्य की रक्षा के लिए आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन ने ऐलान किया है कि वह शीघ्र ही सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करेगी। यह कानूनी लड़ाई उन हजारों ग्रामीण चिकित्सकों के न्याय के लिए है जिन्हें राज्य सरकारों द्वारा प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र दिए जाने के बावजूद आज तक न तो कानूनी मान्यता मिली और न ही रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। फाउंडेशन का स्पष्ट कहना है कि जब राज्य सरकारें स्वयं ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण देकर प्रमाणित करती है तो उसके बाद उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था से बाहर रखना अन्यायपूर्ण, भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में डॉक्टरों की भारी कमी के बीच प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सकों की अनदेखी न केवल उनके अधिकारों का हनन है, बल्कि ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य के साथ भी अन्याय है। आंदोलन की प्रमुख मांगों में राज्य सरकार से प्रशिक्षित एवं प्रमाणित ग्रामीण चिकित्सकों को कानूनी मान्यता प्रदान की जाए। प्रमाणपत्र प्राप्त ग्रामीण चिकित्सकों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में समायोजन/नियोजन दिया जाए। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने हेतु प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली में शामिल किया जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण चिकित्सकों के लिए स्पष्ट नीति, नियम एवं सुरक्षा ढांचा तैयार किया जाए। फाउंडेशन ने कहा कि यह केवल रोजगार की लड़ाई नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के स्वास्थ्य अधिकारों और सामाजिक न्याय की लड़ाई है। यदि प्रशिक्षित एवं प्रमाणित ग्रामीण चिकित्सकों को उनका अधिकार नहीं मिला तो यह आंदोलन कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से देशव्यापी रूप लेगा। संस्था के चेयरमैन डॉ. आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में शीघ्र ही एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया जा रहा है जो आगामी दिनों में इस विषय को लेकर सुप्रीम कोर्ट के लिए प्रस्थान करेगा। आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन शीघ्र ही सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर न्याय की मांग करेगी।

## सज्जन और नेक दिल इंसान थे शिव कुमार गुप्ता : सत्यनारायण यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद में सहायक टैक्स दरोगा के पद पर कार्यरत रहे स्वर्गीय शिव कुमार प्रसाद गुप्ता के ब्रहमभोज के अवसर पर गांधी नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिव कुमार गुप्ता सज्जन और नेक दिल इंसान थे। वे अपने व्यवहार और कार्यशैली के कारण लोगों के बीच 'गुप्ता जी' के नाम से प्रसिद्ध थे। उन्होंने अपने सेवा काल में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया जिसे लोग आज भी याद करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. मनोरंजन गुप्ता, पूर्व पार्षद संजीत सिंह, शोभा सिंह, पंकज गुप्ता, उनके पुत्र प्रेम कुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, आशीष रंजन उर्फ बिट्टू, पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा, श्याम बिहारी प्रजापति, मुजुबुल हक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ट्रेक मशीन संगठन, प्लांट डिपो, डीडीयू**
**ई–निविदा सूचना सं0 : टी.एम.2/ यू.एस.एफ.डी/आउटसोर्स/2026**

उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, डीडीयू द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई–निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती हैः– **ई–निविदा बंद होने की तिथि : 10/03/2026** कार्य का नाम एवं लोकेशनः **टी.एम.2_यू.एस.एफ.डी.आउटसोर्स_2025** – पूर्व मध्य रेलवे के नामित मार्गों पर ठेकेदार के स्वयं के वेल्ड टेस्टर और ऑपरेटरों द्वारा एसकेवी/एटी वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच, जिसमें वेल्ड्स की हैंड प्रोबिंग (फ्लैंज टेस्टिंग) भी शामिल है, भारतीय रेल मानक विनिर्देश "रेल/वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाच" (संशोधित–2020, दस्तावेज संख्या T-53) तथा "रेल वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच हेतु मैनुअल" (संशोधित–2022, नवीनतम संशोधन सहित) जो RDSO द्वारा जारी किया गया है, के अनुसार। निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य। कार्य की अनुमानित लागतः रू **1,76,30,250.00/-** जमानत राशिः रू **2,38,200/-** ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः **10.03.2026, 15:30 बजे तक**। वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: **www.ireps.gov.in**

उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन)
प्लांट डिपो, डी.डी.यू

पीआर/1798/डीडीयू/टी/25–26/44


# अल्पाइन स्कीइंग में बिहार का शानदार प्रदर्शन

### तिलौथू के संजीव कुमार समेत चार खिलाड़ियों ने किया प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** अल्पाइन स्कीइंग (विंटर स्पोर्ट्स) में इस वर्ष बिहार के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पिछले दो वर्षों से बिहार से कोई भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया था, लेकिन इस वर्ष राज्य से कुल चार खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर नया इतिहास रच दिया। बिहार के चार खिलाड़ियों में रोहतास तिलौथू के संजीव कुमार, नालंदा के मृत्युंजय कुमार, हिमांशु कुमार और नेहा कुमारी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता शिमला जिले के नारकंडा में आयोजित की गई जिसमें देशभर से कुल 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच सिर्फ 10 खिलाड़ियों का चयन किया जाना था जिनमें बिहार के दो खिलाड़ी रोहतास के संजीव कुमार और नालंदा के मृत्युंजय कुमार का चयन आगे के प्रशिक्षण के लिए हुआ। यह चयन बिहार के खेल जगत के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। चयनित खिलाड़ियों को आगामी मई महीने में श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना है। प्रशिक्षण शिविर के बाद अंतिम चयन होने पर खिलाड़ियों को 2028 में होने वाले पैराओलंपिक अल्पाइन स्कीइंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। खिलाड़ियों का कहना है कि वे न केवल बिहार बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। रोहतास जिले के ग्रामीण इलाका तिलौथू की धरती से आने वाले खिलाड़ी संजीव कुमार ने कहा कि वे जिले के सभी सरकारी अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों से आगे बढ़ने के लिए सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। ताकि बेहतर तैयारी कर वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस उपलब्धि से बिहार और विशेष रूप से रोहतास जिले के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। बलराम कुमार, सुनील गुप्ता, हंसराज कुमार, संजय चौधरी, अमित गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता, सत्यानंद कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने इन्हें बधाई दी एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**आदेश**

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा अधीन जिला स्तरीय संविदा/ अनुबंध आधारित कर्मियों के रिक्त पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु कार्यालय विज्ञापन संख्या– 02/2025–26 एवं संशोधन सूचना पत्रांक– 1233 (PMU), दिनांक 20.12.2025 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक– 12.01.2026 तक आवेदन प्राप्त किया गया। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्यूटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर जारी कर दिया गया है। यदि जारी की गई सूची में किसी अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये आवेदन एवं आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार कोई अंकनीय एवं टंकनीय त्रुटि हो तो वैसे अभ्यर्थी अंकनीय एवं टंकनीय सुधार हेतु दिनांक– 19.02.2026 से 26.02.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति E-Mail ID के माध्यम से पदवार प्राप्त किया जाएगा। पदवार email Id की विवरणी (Annexure-A) गढ़वा जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

अंतिम तिथि के पश्चात् किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिए गए E-Mail ID के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति में वैसे कोई भी प्रमाण पत्र/कागजात जो आवेदन के साथ संलग्न नहीं है अलग से किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किए जाऐंगे।

दावा आपत्ति निराकरण के पश्चात् योग्य उम्मीदवारों के लिए पद के आवश्यकतानुसार लिखित/ तकनीकी/दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक– 12.03.2026 एवं 13.03.2026 को संभावित है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 373219 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

## एक नजर

### दूसरी पाली की परीक्षा में प्रवेश के दौरान मची भगदड़, चार छात्राएं घायल

**रजौली/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सात परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में मैट्रिक परीक्षा का संचालन बीते मंगलवार से हो रहा है। बुधवार को गणित की परीक्षा हो रही है। इसी दौरान दूसरी पाली में रजौली इंटर स्कूल के प्रवेश द्वार पर छात्राओं की कतारें लगी हुई थी कि पीछे से कुछ हुड़दंगियों के कारण अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इस भगदड़ में कई छात्राएं गिर पड़ी और चोटिल हो गई। परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक व मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचित किया गया। सूचना पाकर सीओ मो. गुफरान मजहरी परीक्षा केंद्र पर पहुंचे एवं स्थिति को नियंत्रित किया एवं अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस को कॉल करके एंबुलेंस व स्वास्थ्यकर्मी को बुलाया गया। वहीं सीओ ने परीक्षा केन्द्र के आसपास खड़े परिजनों से अपील किया कि वे अपने बच्चियों को द्वार के पास लाइन में खड़ा कर दूर चले जाएं।। साथ ही सुरक्षा बलों को सख्त हिदायत दी,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं घटित ना हो सके।

### एसडीपीओ ने चलाया सर्च अभियान

**रजौली/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र में शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर भट्ठियों के साथ अर्द्धनिर्मित महुआ शराब को नष्ट किया है। रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के साथ पुलिस बलों ने हरदिया पंचायत के अंतर्गत आने वाले जमुनदाहा एवं झराही के घने जंगलों में बीते मंगलवार को पूरे दिन सघन छापेमारी अभियान चलाया।
इस दौरान लगभग आधा दर्जन शराब भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। शराब माफिया दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों की आड़ में शराब बना रहे थे, जिस पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सटीक कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान मौके से लगभग 10 हजार लीटर अर्द्धनिर्मित महुआ घोल को बरामद कर उसे स्थल पर ही बहाकर नष्ट कर दिया। वहीं शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरणों और संसाधनों को भी नष्ट किया गया। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में एसआई सचिन कुमार,एएसआई अमित कुमार,एएसआई सत्यदेव प्रसाद के साथ सशस्त्र पुलिस बलों का अहम सहयोग रहा।

### क्वार्टर फाइनल में कैथा ने दरियापुर को हराया




**पकरीबरावां/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उकौड़ा ग्राम पंचायत के राईस गांव के खेल मैदान पर चल रहे स्व. जुल्फकार अली भुट्टो राईस प्रीमियर लीग 2026 जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का अंतिम क्वार्टर फाइनल जमुई जिला के कैथा एवं नवादा जिला के दरियापुर के बीच खेला गया। कैथा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल विकेट खोकर 157 रन बनाई। जवाब में दरियापुर की टीम 142 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार कैथा ने यह मैच 15 रनों के अंतर से जीत लिया। सत्यम को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। उसने तीन ओवर चार बॉल में 33 रन देकर चार विकेट लिए। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित मोहम्मद कयाम, मिराज साहब, मो. बदरुद्दीन एवं मोहम्मद खालिद ने संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच को टॉफी देकर सम्मानित किया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को शेखोपुर एवं पकरीबरावां के दोस्तली बीघा के बीच खेला जाएगा। जानकारी दी गई कि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 23 तारीख को खेला जाएगा। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले टीम को एक लाख रुपए एवं बड़ा ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 50 हजार रुपए एवं बड़ा ट्रॉफी दिया जाएगा। इस अवसर पर शब्बीर आलम, हाजी नेहाल साहब, हाजी ऐनाम साहब, डॉ. साकिब, भीम यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो मोबाइल बरामद

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑपरेशन मुस्कान योजना के तहत मंगलवार को चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौप दिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी ने बताया कि चोरी या गुम हुए कुल दो मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारक को सौप दिया गया। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन की चोरी या गुम हो जाना लोगों का जीवन में एक बड़ी समस्या बन चुकी है। ऐसे में किसी का खोया हुआ मोबाइल फोन वापस मिल जाय तो यह किसी सौगात से कम नहीं है। पुलिस ने वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मुड़लाचक मुहल्ला निवासी सीताराम प्रसाद के पुत्र रंजीत कुमार तथा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी सुरेन्द्र प्रसाद के पुत्र रवि कुमार का खोया मोबाइल फोन लौटाया गया। खोया मोबाइल मिलने पर उनके चेहरों पर खुशी देखी गयी। पुलिस ने आईएमईआई नंबर ट्रैकिंग जैसी तकनीकों का उपयोग कर मोबाइल फोन बरामद करने का काम कर रही है। इस अभियान से पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। मौके पर मुंशी रविस कुमार रविस तथा एएसआई प्रभास कुमार सहित अन्य पुलिस कर्म मौजूद थे।

### पुलिस ने हथियार व शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** गिरियक के राजगीर मोड़ के समीप पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार और भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को राजगीर अनुमंडल कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अजय यादव उर्फ आजो और उसके सहयोगी अरविंद कुमार के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि 17 फरवरी को विशेष कार्य बल, पटना से सूचना मिली थी कि अजय यादव अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस छापेमारी के दौरान गोली चलाने की साजिश रच रहा है। इसके बाद गिरियक थाना प्रभारी ने वरीय अधिकारियों को सूचना देते हुए गुप्त निगरानी तेज कर दी। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपित हथियार के साथ अवैध शराब की बिक्री के लिए राजगीर मोड़ की ओर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम गठित कर सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया गया। वाहन जांच के दौरान तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में बाइक पर रखे प्लास्टिक बोरे से 200 एमएल के 68 पाउच देसी शराब बरामद किए गए। इसके साथ ही अजय यादव की कमर से एक लोडेड देशी कट्टा और अरविंद कुमार के पास से एक जिंदा कारतूस भी मिला। दोनों की निशानदेही पर उनके किराए के मकान की तलाशी ली गई, जहां से 46 बोतल और 12 बोतल शराब, पैकिंग रैपर तथा एक सील मशीन बरामद की गई। इस संबंध में गिरियक थाना कांड संख्या 96/26 दर्ज कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

# जिलाधिकारी ने विकास योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने रजौली प्रखंड की चितरकोली पंचायत अंतर्गत ग्राम दुधीमाटी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में संचालित विकास योजनाओं एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। दुधीमाटी में बिरहोर समुदाय के लगभग 40 परिवार निवास करते हैं। बिरहोर पीवीटीजी ( विशेष रूप से असुरक्षित जनजातीय समूह ) के तहत आते हैं। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि प्रशासन की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। निरीक्षण के दौरान पेयजल, सोलर प्रकाश व्यवस्था, जलनिकासी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए



जिलाधिकारी ने सभी परिवारों का रक्त जांच कराने, नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों की विशेष स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। टीकाकरण एवं आवश्यक चिकित्सा परामर्श की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर भी विशेष जोर दिया गया।
शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय तक आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की गई, ताकि उनकी पढ़ाई निरंतर बनी रहे और शैक्षणिक विकास प्रभावित न हो।
आधार पंजीकरण एवं अद्यतन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। लंबित मामलों के निष्पादन हेतु विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया, ताकि पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए प्राप्त राशि के अंतर्गत विगत वर्ष गांव में 500 फीट नाला निर्माण, 10 सोलर लाइट अधिष्ठापन, 50 डिसमिल भूमि समतलीकरण, 7 बकरी शेड निर्माण, सामूहिक शौचालय निर्माण, एक कुआं निर्माण तथा 2 चापाकल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
चालू वर्ष में धनार्जय नदी पर लगभग 7 करोड़ की राशि से आरसीसी पुल के निर्माण का प्रस्ताव है।साथ ही परतौनिया में प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय भवन निर्माण प्रस्तावित है। इन योजनाओं के पूर्ण होने से आवागमन एवं शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।
जिलाधिकारी ने कहा कि जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी संयुक्त रूप से कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंचे तथा स्थानीय आवश्यकताओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी,जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रजौली, अंचल अधिकारी रजौली सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हत्या मामले में तीन दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास

परवलपुर थाना क्षेत्र के गदाईचक गांव से जुड़ा 1995 का मामला

जमीन विवाद में हुई थी गोली मारकर हत्या



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार पाण्डेय ने बुधवार को हत्या के एक चर्चित मामले में तीन आरोपितों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर 41-41 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में एक-एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रभारी अपर लोक अभियोजक राजाराम सिंह ने बताया कि मामला परवलपुर थाना क्षेत्र के गदाईचक गांव से संबंधित है। यह परवलपुर थाना कांड संख्या 340/95 तथा सत्रवाद संख्या 112/96 से जुड़ा हुआ था। न्यायालय ने गदाईचक गांव निवासी बृजा उर्फ बृजनंदन सिंह, संजीव सिंह एवं अनंत उर्फ आनंद सिंह को भारतीय दंड विधान की धारा 302/34, 307/34, 324/34 तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाया। मामले के अनुसार वर्ष 1995 में जमीन विवाद को लेकर सूर्य नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना उस समय हुई जब वे अपने घर के पास अपने भाई के साथ खेतीबारी को लेकर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान हथियार से लैस होकर पहुंचे आरोपियों ने उन पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भाई सुशील कुमार दत्त ने परवलपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने सजा के बिंदु पर निर्णय सुनाते हुए तीनों दोषियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

## खनवा को पर्यटन स्थल का दर्जा दिए जाने की मांग सदन में उठाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** गोविंदपुर की विधायक बिनीता मेहता ने बिहार विधानसभा में सरकार के समक्ष महत्वपूर्ण मांग रखते हुए कहा कि बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. कृष्ण सिंह की जन्मस्थली खनवा को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही उन्होंने बिहार सरकार से आग्रह किया कि केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी जाए, ताकि बिहार गौरव डॉ. कृष्ण सिंह को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जा सके।
इस मांग से पूरे नवादा जिले में खुशी एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों, बुद्धिजीवियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. कृष्ण सिंह का योगदान बिहार ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अतुलनीय रहा है। उनकी जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित होगा तथा क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिलेवासियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार से इस मांग पर सकारात्मक एवं




शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियां बिहार के महान सपूत डॉ. कृष्ण सिंह के जीवन एवं योगदान से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।
इस पहल के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद चून्नू, विजय पाण्डेय, प्रिय रंजन श्रीनिवास, महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य, नन्द किशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, विनोद भोली, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्वागत एवं बधाई दी।

## छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में छात्राओं के बीच बुधवार को पाठ्य सामग्री का वितरण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम इस विद्यालय में कार्यरत शिक्षक समीर खान व विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर नवम कक्षा में अध्ययनरत 120 छात्राओं को शिक्षक समीर खान के सौजन्य से विद्यालय का परिचय पत्र, जूता और कलम देकर हौसला अफजाई की गई। वही विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी छात्राओं को स्कूली बैग और पाठ्य सामग्री देकर मनोबल बढ़ाया गया। शिक्षक समीर खान ने कहा छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना मुख्य उद्देश्य रहा। कहा गया स्कूली ड्रेस,जूता पहनकर, गले में परिचय पत्र लगाकर आये। यही आपकी पहचान हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कृष्ण कांत ईचा गुट्टू ने की। मुख्य अतिथि के रुप में प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आंनद कुमार रहें। छात्राओं में राधिका, शशि, संस्कृति, रानी,पूजा,निशा, सोनाली, बेबी, नीलम, मुस्कान, नितम समेत अन्य छात्राओं ने पाठ्य सामग्री समेत अन्य समान को पाकर गदगद होकर एक स्वर में कहा हमलोग मन लगाकर पढ़ेंगे,और नियमित विद्यालय आएंगे भी। मौके पर शिक्षक बिनोद कुमार रविदास, डा.सुधा सिन्हा, परवेज आलम, जाफरी, शंकर कुमार, जसीम अंसारी, तहकीम अहमद, राजकिशोर कुमार, पूनम कुमारी, रूपेश कुमार, सुजीत कुमार, राजन कुमार, वंदना कुमारी, कोमल कुमारी, ज्योति कुमारी, लाजवंती कुमारी समेत अन्य रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हिलसा–एकंगरसराय मुख्य मार्ग पर ढिबरापर गांव के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के जहानचक गांव निवासी यदुनंदन प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, अभिषेक मंगलवार देर रात अपने ससुराल हिलसा थाना क्षेत्र के कौड़ियाबिगहा से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। ढिबरापर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर बुधवार को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री की "प्रगति यात्रा" के दौरान की गई घोषणाओं को जमीन पर उतारने की दिशा में जिला प्रशासन ने रफ्तार तेज कर दी है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर सभी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की गहन पड़ताल की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि हर कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो, ताकि जनता को विकास का वास्तविक लाभ मिल सके। बैठक में गिरियक प्रखंड की पंचाने सिंचाई योजना के पुनर्स्थापन कार्य की समीक्षा की गई। 59 किलोमीटर लंबी नहर में से 45 किलोमीटर में मिट्टी कार्य पूरा हो चुका है। छह एक-पथीय और एक द्विपथीय सेतु निर्माणाधीन हैं, जबकि तीन आउटलेट का कार्य पूर्ण हो



चुका है। कैनाल लाइनिंग का 3 किलोमीटर कार्य भी पूरा कर लिया गया है। डीएम ने संवेदक को पर्याप्त मशीनरी और मानवबल लगाकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। सरमेरा स्थित समेकित कृषि अनुसंधान एवं कृषक समृद्धि केंद्र का 53 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। हिलसा पूर्वी बाईपास (7.07 किमी) निर्माण कार्य योजना के अनुरूप जारी है, जिसमें 47 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है। लोकाईन नदी के तटबंधों पर कटाव निरोधक कार्य 87 प्रतिशत पूर्ण है। वहीं अधियारा नदी की उड़ाही और आठ नए आरसीसी स्लूइस निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। अस्थावां-सकसोहरा पथ चौड़ीकरण, ऐतवारी बाजार से उपरौरा मोड़ मार्ग निर्माण, तथा सरमेरा के धनावाडीह व गोपालबाद जमींदारी बांधों का जीर्णोद्धार कार्य भी प्रगति पर है, जिनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सोहसराय हॉल्ट के पास आरओबी-सह-रोटरी निर्माण हेतु रेलवे स्तर पर स्वीकृति प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी ने दोहराया कि विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य स्पष्ट है— घोषणाएं कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर बदलाव बनकर उभरें।

## भेंड्रा के पारंपरिक लौह शिल्प को प्रोत्साहित करेगी गुरु गोविन्द सिंह एजुकेशनल सोसायटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** गुरु गोविन्द सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस के इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज तथा भेंड्रा टूल्स इंडस्ट्रीज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम भेंड्रा, प्रखंड नवाडीह, जिला बोकारो के बीच मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर कॉलेज निदेशक प्रियदर्शी जरुहार और भेंड्रा के मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भेंड्रा के गोपाल विश्वकर्मा, पांचू विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा और बासु बिहारी उपस्थित रहे। बताया गया कि भेंड्रा को झारखंड का शेफील्ड कहा जाता है। यह गांव पंद्रहवीं सदी में शेरशाह सूरी द्वारा बसाया गया था और तब से यह लोहे के हथियार और औजारों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध रहा है। अंग्रेजी शासन के दौरान रेलवे में प्रयुक्त बाल पेन हैमर का निर्माण भी यहीं शुरू हुआ। कॉलेज निदेशक प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भेंड्रा के पारंपरिक लौह शिल्प और इंजीनियरिंग की अद्यतन तकनीक के समन्वय से दोनों पक्षों को लाभान्वित करना है, ताकि इंजीनियरिंग के छात्रों को आधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक शिल्प का व्यवहारिक ज्ञान मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने नरेश कुमार विश्वकर्मा को शाल प्रदान कर सम्मानित किया। नरेश कुमार विश्वकर्मा ने सुरेंद्र पाल सिंह को उपहार स्वरूप हस्तशिल्प भेंट किया और भेंड्रा आने का निमंत्रण दिया। यह कार्यक्रम कॉलेज के स्टूडेंट पार्लियामेंट हाल में सभी फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विकास जैन ने किया, जबकि संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह ने समझौते पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

## दरावां पैक्स में तीन दिवसीय भ्रमण सह अध्ययन कार्यक्रम सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** 'विकसित पैक्सों का भ्रमण-दर्शन कार्यक्रम' के तहत पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों के तीन दिवसीय अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम का समापन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन लक्खीसराय जिला के बड़हिया, पिपरिया और रामगढ़ ब्लॉक के पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक शामिल हुए। कौआकोल बीसीओ अजित कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य कर रहे पैक्सों की कार्य-प्रणाली,प्रबंधन क्षमता, पारदर्शिता एवं नवाचारों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराना है,ताकि अन्य पैक्स भी उनसे प्रेरणा लेकर अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि कर सकें। उन्होंने बताया कि विकसित पैक्सों की सूची में जिला के एकमात्र पैक्स दरावां का चयन किया गया है। जिसके अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में दरावां पैक्स में संचालित विभिन्न योजनाओं का अवलोकन कर उसकी कार्यप्रणाली की विस्तार से लक्खीसराय से आये पैक्स अध्यक्षों ने जानकारी ली। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पैक्स अध्यक्षों ने धान अधिप्राप्ति कार्य,मिलिंग हेतु धान की गुणवत्ता,जांच प्रक्रिया,पैक्स द्वारा संचालित अन्य योजनाओं को देखा। तथा पैक्स अध्यक्षों ने इस दौरान इन योजनाओं की जमीनी हकीकत और पारदर्शी संचालन व्यवस्था की सराहना की। विकसित दरावां पैक्स के अध्यक्ष रजनीश कुमार ने आगंतुक प्रतिनिधियों को बेहतर पैक्स संचालन,किसानों से समन्वय,पारदर्शिता एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में टीमवर्क और नियमित मानिटरिंग की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विकसित माडल को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लक्खीसराय सदर प्रखंड के बीसीओ चन्दन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा का दूसरा दिन शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा–2026 का दूसरा दिन जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुआ।
द्वितीय पाली में जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा रजौली प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, चिरैला स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्र पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देशों के आलोक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। परीक्षा 17 फरवरी 2026 से प्रारंभ



होकर 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक संचालित हो रही है।
प्रथम पाली में कुल 16,871 परीक्षार्थियों में से 16,548 उपस्थित रहे, जबकि 323 अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में 18,129 परीक्षार्थियों में से 17,791 उपस्थित हुए, जबकि 338 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में एसएनएस इंटर स्कूल, पार नवादा से 01 फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा गया, जो दूसरे के बदले परीक्षा दे रहा था। उक्त परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की गई। आज दोनों पालियों में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## हिलसा के नौ केंद्रों पर 236 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को हिलसा अनुमंडल मुख्यालय के कुल नौ परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में कुल 236 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आंकड़ों के अनुसार दोनों पालियों में रामबाबू हाईस्कूल परीक्षा केंद्र कुल 4153 परीक्षार्थियों में 71 अनुपस्थित रहे। एसयू कॉलेज परीक्षा केंद्र में 1506 में 40,सरदार पटेल कॉलेज में 1408 में 26, डीपीएस स्कूल 1087 में 13, मध्य विद्यालय हिलसा 825 में 8, उच्च विद्यालय मई 1806 में 39,मध्य विद्यालय गुलनी हैदरपुर 709 में 8,विद्या विहार 1409 में 23, ख्रीस्त ज्योति विद्यालय 734 में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान एसडीओ अमित कुमार पटेल ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्राधीक्षकों व वीक्षकों को कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सख्त निर्देश दिए।

**परीक्षा के दौरान 3 छात्रा मूर्छित**

रामबाबू हाईस्कूल केंद्र पर प्रथम पाली में एक एवं द्वितीय पाली में एक एवं उच्च विद्यालय मई परीक्षा दे रही कुल तीन छात्रा अचानक मूर्छित होकर गिर पड़ी। छात्रा की तबीयत बिगड़ते देख मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ।
छात्रा की पहचान मुस्कान कुमारी, शिवानी कुमारी, अंजली कुमारी के रूप में हुई है।

# गया-मानपुर रेलखंड पर बागेश्वरी गुमटी के पास बनेगा आरओबी

## आरओबी गया स्टेशन को रामशिला एवं प्रेतशिला मार्ग से जोड़ेगा : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** गयाजी-मानपुर रेलखंड पर बागेश्वरी गुमटी के स्थान पर पहुंच पथ सहित सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) बनेगा। यह परियोजना बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, गयाजी के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह आरओबी गया स्टेशन को रमेशिला एवं प्रेतशिला मार्ग से जोड़ेगा। इससे शहरवासियों और श्रद्धालुओं को जाम से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति 9016.60 लाख रुपए की है। इसकी मंजूरी पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार द्वारा दी गई है। प्रस्तावित आरओबी की लंबाई 63.480 मीटर होगी जबकि वायाडक्ट की कुल लंबाई 424.8 मीटर निर्धारित है। ए-1 साइड पर 72 मीटर तथा ए-2 साइड पर 82 मीटर आरई वॉल का निर्माण होगा। 560 मीटर लंबा एवं 3.5 मीटर चौड़ा लाइट फुट ओवरब्रिज (एफओबी) भी बनाया जाएगा। दोनों ओर 585-585 मीटर लंबा सर्विस रोड (3.5 मीटर चौड़ाई) तथा समान लंबाई का 1x1 मीटर आकार का नाला बनाने की योजना है। बता दें कि इस परियोजना के लिए कुल 2.0431 एकड़ भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है। इसमें लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण शहर है। बागेश्वरी गुमटी पर रेलवे फाटक के बार-बार बंद रहने से अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस आरओबी के निर्माण से गया स्टेशन, रमेशिला एवं प्रेतशिला जाने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी तथा आवागमन सुगम होगा। उन्होंने संबंधित विभागों को इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# दानापुर स्टेशन पर पुनः मेगा टिकट चेकिंग अभियान

## बिना टिकट-उचित प्राधिकार के 574 यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में 18 फरवरी (बुधवार) को अभिनव सिद्धार्थ (वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर) के नेतृत्व व अभिषेक कुमार तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार की उपस्थिति में दानापुर मंडल के दानापुर स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान दानापुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों 15126 (पटना-काशी जनशताब्दी), 12367 (विक्रमशिला एक्सप्रेस), 12370 (कुंभ एक्सप्रेस), 12791 (सिकंदराबाद- दानापुर एक्सप्रेस), 20801 (मगध एक्सप्रेस), 13240 (कोटा पटना एक्सप्रेस), 12393(सम्पूर्णक्रान्ति एक्सप्रेस) एवं 13128 (कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस) का दानापुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव लेकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनों के सभी आरक्षित कोचों को मुख्य रूप से वातानुकूलित कोचों को चेक किया गया। परिणामफलस्वरूप रात्रि 20.30 बजे तक 574 अनियमित/बिना प्राधिकार वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 3,14,200/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर स्टेशन के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं।

# ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक

## आमजन के आर्थिक सहयोग में बैंकर्स की अहम भूमिका : बीडीओ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** आम नागरिकों के आर्थिक सहयोग में बैंकर्स की भूमिका अहम होती है। आप सभी सरकारी योजनाओं पर दिए जाने वाले ऋण, सहयोग व पेंशन की राशि लाभुकों के खाते में समय से भेजवाएं। केवाईसी का काम तुरंत करें, ताकि उन्हें बार-बार बैंक का चक्कर नहीं लगाना पड़े। ये बातें प्रखंड विकास अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बुधवार को कहीं। वे प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार भवन में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमिटी की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर एलडीएम राजेश सिंह ने बैंककर्मियों से कहा कि आप सब प्रत्येक माह रजिस्टर 9 का 10 से मिलान अवश्य कराएं, ताकि ऋण वसूली एवं अन्य कार्य आसान हो।

# मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खिजरसराय।** गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (जीसीई), गया के स्टार्टअप सेल द्वारा वेल-बीइंग एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन विवेकानंद ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तनावमुक्त जीवन के उपायों से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों के लिए मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है तथा ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

मुख्य वक्ता डॉ. सूरज प्रकाश (एमबीबीएस, एमडी), एएनएमएमसीएच, गया ने मानसिक तनाव के कारण, उसके दुष्प्रभाव एवं उससे बचाव के चिकित्सकीय एवं वैज्ञानिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं विशेष अतिथि डॉ. स्वाति, नेत्र रोग विशेषज्ञ (ऑफ्थैल्मोलॉजी) ने बढ़ते स्क्रीन टाइम से आंखों पर पड़ने वाले प्रभाव, डिजिटल थकान एवं तनाव का दृष्टि स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। मौके पर कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतीक रंजन, स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज प्रो. लवकुश गुप्ता एवं स्टार्टअप सेल समन्वयक सुशांत कुमार, स्टार्टअप सेल के रिप्रेजेंटेटिव रोहित राज एवं अनन्या रानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन में पूर्व में हुए स्टार्टअप क्विज के विजेता को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रथम एवं द्वितीय विजेता कम्प्यूटर साइंस की छात्रा प्रकाशवती, राहुल कुमार एवं तृतीय विजेता इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक की छात्रा आकृति ज्ञानप्रिया को दिया गया।

# मारपीट मामले में आठ नामजद, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के बथानी गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। यह मामला कृष्णा पासवान के आवेदन के आधार पर दर्ज किया गया है। आवेदन में कृष्णा पासवान ने बताया कि वे विगत दिनों रात करीब आठ बजे गया से मजदूरी कर बस से अपने गांव के पास उतरे थे। उसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उनके साथ-साथ उनके भाई और भौजाई के साथ भी मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया है कि विक्रम पासवान, राजनंदन पासवान, नरेश पासवान, रंजू देवी, शिव पूजन पासवान, निभा देवी, रवि पासवान एवं साधु पासवान ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। मारपीट का कारण यह है कि उनका साढ़ू का पुत्रवधू को लेकर भाग गया और शादी कर लिया जिसकी जानकारी अपने साढ़ू को दे दिया कि बथानी गांव का ही लड़का है। इसी के चलते मारपीट हुई। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# मांगों को लेकर उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा का शिष्टमंडल डीएम से मिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** उत्तर कोयल नहर का पानी औरंगाबाद व गया जिले के प्रत्येक खेत तक पहुंचाने की मांग को लेकर उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध का एक शिष्टमंडल गया जिलाधिकारी शशांक शुभंकर से बुधवार को मिला और पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिलाधिकारी ने मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में गया जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी, मोर्चा के सचिव व गुरारू उत्तरी के जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव, अध्यक्ष नंदलाल सिंह, उपसचिव देवलाल सिंह तथा सदस्य सुखींद्र कुमार शामिल थे। मांग पत्र में 211 आरडी पर सीआर गेट में फाटक लगाने, नहर में बने अवैध दीवार हटाने, चेईं नवादा, कोटवारा व अंगरा कैनाल की सफाई, इस्माइलपुर व देवरोड में रेल पुल निर्माण, कुटकू डैम में फाटक लगाने तथा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के पालन की मांग शामिल है। इन मांगों का सीधा लाभ कोंच, गुरारू, गुरुआ सहित अन्य प्रखंड के किसानों को मिलने की बात कही गई।

# बोधगया में यानोतारा बौद्ध मंदिर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** कटोरवा रोड में बुधवार को शाक्य फुंत्सोक फोड्रांग फाउंडेशन द्वारा निर्मित यानोतारा बौद्ध मंदिर का भव्य उद्घाटन किया गया। पारंपरिक तिब्बती रीति-रिवाजों के तहत ताशी पूजा के साथ मंदिर का अभिषेक संपन्न हुआ। तिब्बती भाषा मेंताशी का अर्थशुभ होता है और यह अनुष्ठान शरीर व आत्मा की शुद्धि का प्रतीक माना जाता है। नेपाल में भी यह परंपरा स्वास्थ्य, समृद्धि और मंगलकामना से जुड़ी है। समारोह की शुरुआत में सभी अतिथियों के खादा पहनाकर स्वागत किया गया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने मंदिर की वेदी पर दीप प्रज्वलित कर विधिवत सूत्रपाठ किया। परमपावन अविकृत रिनपोछे ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह मंदिर साधना, करुणा और वैश्विक शांति का नया केंद्र बनेगा। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उद्घाटन के मौके पर शाक्य बौद्ध परंपरा के आध्यात्मिक गुरु लुडिंग खेण रिनपोछे, न्गोर संप्रदाय के प्रमुख लुडिंग शब्रुंग रिनपोछे, शाक्य फुंत्सोक फोड्रांग के डोंगमोस, बीटीएमसी की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, नगर परिषद की सभापति ललिता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता, महाबोधि मंदिर के पुजारी भिक्षुचालिंदा, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिषद के नवांग तेंजिंग तथा रॉयल थाई मंदिर के भिक्षु निप्पॉन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विधानसभा में गूंजा शेरघाटी के विकास का मुद्दा, विधायक उदय कुमार सिंह ने उठाई कई मांगें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शेरघाटी के समग्र विकास को लेकर विधायक उदय कुमार सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे मजबूती से उठाए। उन्होंने कहा कि शेरघाटी को विकास की नई दिशा देने के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। विधायक ने शेरघाटी स्थित ऐतिहासिक दुल्हन मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित कर उसके सौंदर्यीकरण एवं विकास की मांग की। ताकि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। इसके साथ ही उन्होंने शेरघाटी में नए रिंग रोड निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया जिससे शहर में जाम की समस्या से राहत मिल सके। अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा शेरघाटी में डिग्री कॉलेज खोलकर स्नातक की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग सदन में रखी गई। ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। विधानसभा में शेरघाटी को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने की पहल को लेकर भी उन्होंने अपनी आवाज बुलंद की। विधायक द्वारा उठाए गए इन मुद्दों पर स्थानीय जनता ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों का मानना है कि इन मांगों के पूरा होने से शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय नागरिकों ने शेरघाटी को जिला घोषित करने की मांग भी दोहराई है।

# शेरघाटी के शिक्षक को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** नवाचार को बढ़ावा देने वाली संस्था बिहार टीचर्स-हिस्ट्री मेकर्स टीबीटी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शेरघाटी अनुमंडल के एक शिक्षक को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि ग्रामीण शिक्षा में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का भी प्रतीक माना जा रहा है। शेरघाटी अनुमंडल अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीटी बिगहा श्रीरामपुर के शिक्षक बृजेश कुमार पांडेय को उनकी नवाचारी शिक्षण पद्धति के लिए 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान' प्रदान किया गया। वे कक्षा में प्रायोगिक, कहानी आधारित और रचनात्मक तरीकों से पढ़ाई कराते हैं। उनके प्रयासों से छात्रों की सहभागिता, उपस्थिति और सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। यह सम्मान समारोह गया जी स्थित डायट गया के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीबीटी मंच के पदाधिकारियों एवं डायट के प्राचार्य ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित किया। समारोह के दौरान शिक्षा में नवाचार, डिजिटल माध्यमों के उपयोग और ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, सहकर्मियों और क्षेत्र के शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

# मानपुर में खेल मैदान पर प्रस्तावित प्रखंड कार्यालय भवन का विरोध, लोगों में आक्रोश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मानपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एकमात्र खेल मैदान में बहुमंजिला प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण के प्रस्ताव की जानकारी मिलते लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता फरहान अख्तर ने कहा कि यह मैदान केवल खेल का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र रहा है। प्रतिदिन दर्जनों बच्चे यहां क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों का अभ्यास करते हैं। समय-समय पर बड़े खेल आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और राजनीतिक सभाएं भी होती रही हैं। ऐसे में यहां भवन निर्माण जनभावनाओं के खिलाफ है। स्थानीय निवासी इम्तियाज अहमद, मो. राजन, आशिर खान, फिरोज, फयान अहमद आदि ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में यही एकमात्र खुला मैदान है। यदि यहां भी कार्यालय भवन बना दिया गया तो बच्चों और युवाओं के पास खेलने के लिए कोई स्थान नहीं बचेगा।

# संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत स्वच्छता पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड कार्यालय सभागार में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत 18 पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित बुधवार को किया गया। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार एवं मिथलेश कुमार ने ओडीएफ प्लस श्रेणी में गांवों को उन्नत करने हेतु ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन तथा घर-घर डस्टबिन वितरण की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अस्लेमपुर पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक की नियुक्ति एवं डस्टबिन वितरण नहीं होने पर गंभीर लापरवाही पाई गई। इस पर जिला समन्वयक ने मुखिया रजनी कुमारी एवं पंचायत सचिव सूरज कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी। सभी पर्यवेक्षकों को संबंधित ऐप पर नियमित कार्य करने तथा डीसीएम ऐप के माध्यम से घर-घर सर्वे सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 18 पंचायतों के पर्यवेक्षक एवं कर्मियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता मिशन में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पांच डिसमिल वाले बने रजिस्टर्ड किसान, चार एकड़ वाले का रजिस्ट्रेशन नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड सहित राज्य में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जोर शोर से चल रहा है। सरकार द्वारा भी पचास प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री हो जाने का दावा किया गया है, परन्तु बड़ा रकवाधारी रह जा रहे वंचित। मात्र दो, चार, दस डिसमिल वाले का हो रहा रजिस्ट्रेशन। सरकारी स्तर पर हो रहा है खानापूर्ति। इस संबंध में दर्जनों किसानों सहित कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं इस कार्य में जुटे कर्मचारियों ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन एप में किसान का नाम, आधार संख्या, लगान रशीद सहित जमीन का खेसरा नंबर डालना होता है। किसान रजिस्ट्री जमीन का खाता नंबर से नहीं बल्कि खेसरा नंबर से होता है। उस खेसरा में जमीन का रकवा मायने नहीं रखता है। आगे बताया कि अधिकांश किसानों के जमाबंदी में एवं लगान रशीद में खाता संख्या लिखा हुआ है, परन्तु खेसरा संख्या के कॉलम में जीरो, जीरो है तथा रकवा कॉलम में रकवा भी वर्णित है और अधतन राजस्व रशीद भी कट रहा है। अधतन राजस्व रशीद में खाता नंबर नहीं रहने से किसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। कुछ लोग जिनका रकवा कम है और राजस्व रशीद में खाता एवं प्लाट नंबर चढ़ा हुआ है उन्हीं का रजिस्ट्रेशन हो पा रहा है। वहीं अधिकांश किसानों ने बताया कि मेरे द्वारा खेसरा संख्या चढ़ाने के लिए परिमार्जन प्लस महीनों पूर्व किया गया है परन्तु आज तक नहीं हो सका है। यहां तक कि राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अधिकारी के लॉग-इन पर महीनों से सैकड़ों आवेदन लंबित पड़ा है। साथ ही साथ अधिकांश आवेदनों को सीओ द्वारा अस्वीकृत कर दिया जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारी श्रीमती नुपुर ने बताया कि अधिकांश आवेदनों में आवेदकों द्वारा खेसरा नंबर अंकित करने हेतु संतोषजनक कागजातों को नहीं लगाया जाता है जिससे पता चल सके कि फलां खाता, प्लाट की भूमि आवेदक की है। परिणामतः अस्वीकृत करना मजबूरी रहती है। पुनः इस संबंध में किसानों सह आवेदकों ने बताया कि अंचल अधिकारी द्वारा खतियान की मांग की जाती है जो न ही हमलोगों के पास मौजूद है और न ही सरकार के पास। गौरतलब है कि किसान रजिस्ट्री में दर्शाये गये रकवा के अनुसार ही फसल बीमा सहित अन्य सरकारी लाभ किसानों को मिलने का प्रावधान है। इस तरह के छद्म रजिस्ट्रेशन से प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ हो सकता है। कम रकवाधारी किसानों को मिल जाए परन्तु अन्य कृषि संबंधित लाभों से वंचित हो सकते हैं जबकि सरकारी नियमानुसार पांच डिसमिल तक की जमीन को आवासीय माना गया है। ऐसे में कम रकवा पर फार्मर रजिस्ट्री करवाना या करना कहां तक न्यायोचित है? ज्ञात हो कि किसान रजिस्ट्री का दायित्व राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग को सामान्य रूप से है।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10डी-25, दिनांक** 16.02.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10डी-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 2X25 केवी सिस्टम के लिए टीटीसी मास्ट में डबल पोल आइसोलेटरों के प्रावधान के लिए अतिरिक्त मदों की अनुमानित अनुसूची। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,02,65,560.50, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,01,300/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 10.03.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-629/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @Eastern Railway
@easternrailwayheadquarter



## शपथ पत्र

मैं विकास कुमार सिंह, पिता-अरविन्द प्रसाद सिंह, ग्राम-दरियापुर, पो.- बालुगंज, थाना-अम्बा, जिला-औरगाबाद (बिहार) शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरी पुत्री का नाम आधार संख्या 3497 4434 9658 एवं जन्म प्रमाण-पत्र के अनुसार वेधिका कुमारी है जो सही है।

सुकन्या वृद्धि योजना के भारतीय स्टेट बैंक के खाता में मेरी पुत्री का नाम पिहु है जो गलत है।

मैं यह शपथ-पत्र अपने पुत्री वेधिका कुमारी के सुकन्या समृद्धि योजना के खाता में पिहु के स्थान पर वेधिका कुमारी करने के लिए कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 21432 दिनांक 26.9.25

शपथकर्ता
विकास कुमार सिंह



## बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

बिहार सरकार

ई-मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

### लोक-सुनवाई की सूचना

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा सशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष श्री शिशुपाल प्रसाद वर्मा, पिताः श्री अखलेश्वर प्रसाद वर्मा, पताः ग्राम-परेव, पोस्ट-परेव, थाना-बिहटा, जिला-पटना-802160 (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन 25A बालू घाट, मौजा-धमनी, ब्लॉक-बारूण, जिला-औरंगाबाद में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पूर्व निर्धारित तिथि दिनांकः 04.07.2025 को ग्रामीणों के उपस्थित नहीं रहने के कारण लोक-सुनवाई की कार्रवाई सम्पन्न नहीं हो सकी। अतः इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा पूर्व में TOR (Terms of Reference) निर्गत है तथा पुनः लोक-सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालाय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई-मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए पुनः लोक-सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया है:-

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक-सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 25.03.2026 | अपराह्न 12:30 बजे | बारूण, जिला-औरंगाबाद | धमनी | औरंगाबाद सोन-25A बालू घाट | प्रखंड कार्यालय, बारूण, जिला-औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक-सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड-19 गाईड-लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

PR- 024444 (B & C) 2025-26 — सदस्य सचिव

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

संपादकीय

# रेरा के औचित्य पर सवाल

देश में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से बनाई गई रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) अपने मूल उद्देश्य से भटक कर केवल डिफाल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंचा रही है। रेरा के बारे में देश की सर्वोच्च अदालत की यह राय न केवल महत्वपूर्ण बल्कि जमीनी हकीकत के आधार पर है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया कि ऐसे रेरा को बंद कर देना ही बेहतर है। सुप्रीम कोर्ट की इस राय को मप्र की रेरा की हालत से और बल मिलता है, जो डिफाल्टर बिल्डरों से राशि तक वसूल नहीं कर पा रही है। ऐसे में यदि मकान खरीदने वाले उपभोक्ताओं को भी लाभ नहीं मिल पा रहा है तो रेरा को बनाए रखने पर करोड़ों खर्च करने के क्या मायने है? कहीं ऐसा तो नहीं कि यह रेगुलेटरी अथॉरिटी खुद कमाई का जरिया बन गई हो। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें रेरा के गठन पर दोबारा विचार करें। यह संस्था खरीदारों की मदद के बजाय केवल डिफॉल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंचा रही है। कोर्ट ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए रेरा बनाया गया था, वह पूरी तरह भटक गया है। सुनवाई के दौरान कहा गया कि रेरा में एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को नियुक्त किया गया है, तो चीफ जस्टिस ने कहा- हर राज्य में यह रिटायर्ड नौकरशाहों के लिए एक 'रिहैबिलिटेशन सेंटर' बन गया है। चीफ जस्टिस ने कहा- जिन लोगों यानी होमबायर्स के लिए यह संस्था बनाई गई थी, वे आज पूरी तरह निराश और दुखी हैं। उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है। पूरा मामला हिमाचल प्रदेश सरकार के उस नोटिफिकेशन से जुड़ा था, जिसमें रेरा ऑफिस को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने की बात कही गई थी। हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को ऑफिस शिफ्ट करने की अनुमति दे दी है। साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि होमबायर्स की सुविधा के लिए अपीलीय ट्रिब्यूनल को भी धर्मशाला शिफ्ट किया जाए। सितंबर 2024 में भी जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा था कि रेरा पूर्व नौकरशाहों का ठिकाना बन गया है, जिन्होंने इस एक्ट की पूरी भावना और योजना को ही विफल कर दिया है। होमबायर्स की संस्था 'फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स' (एफपीसीई) ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कहा- रेरा कानून को आए 9 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि रेरा-रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट समय पर पूरा होगा। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि अगर रेरा खरीदारों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकता, तो इसमें बड़े सुधार की जरूरत है या फिर इसके अस्तित्व पर ही दोबारा विचार होना चाहिए। गौरतलब है कि रेरा की स्थापना 2016 में की गई थी। इस सरकारी संस्था का मकसद रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता लाना, बिल्डरों की जवाबदेही तय करना और खरीदारों के हितों की रक्षा करना था। लेकिन वास्तव में वैसा कुछ नहीं हो रहा। मप्र में सैंकड़ो प्रोजेक्ट रेरा की मंजूरी न मिलने के कारण अटके पड़े हैं। पिछले आठ वर्षों में मप्र रेरा ने बिल्डरों के खिलाफ 2382 मामलों में 374 करोड़ रु. की राजस्व वसूली प्रमाण-पत्र जारी किए। हालांकि इनमें से केवल 10 करोड़ रुपए (2.62%) की ही वसूली हो सकी है। मप्र में हर महीने ग्राहकों की क्षतिपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं की कमी और प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन से जुड़े 200 से 250 मामले रेरा में दर्ज होते हैं।

# पृथक बुंदेलखंड : उपेक्षा और विकास की अधूरी कहानी

**उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैला बुंदेलखंड लंबे समय से सूखा, पलायन, बेरोजगारी और विकास की कमी जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझता रहा है। इसी पृष्ठभूमि में अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग समय-समय पर उठती रही, जिसे हाल के वर्षों में अभिनेता से सामाजिक कार्यकर्ता बने राजा बुंदेला ने फिर प्रमुखता से सामने रख दिया। समर्थकों का तर्क है कि बड़े राज्यों की प्रशासनिक प्राथमिकताओं में यह क्षेत्र हमेशा हाशिए पर रहा, इसलिए अलग राज्य बनने से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप नीतियां बन सकेंगी। यह बहस केवल राजनीतिक मांग नहीं, बल्कि क्षेत्रीय अस्मिता, संसाधनों के न्यायसंगत वितरण और संतुलित विकास के मॉडल से जुड़ा व्यापक प्रश्न बन चुकी है।**

हेमंत पाल

उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्से और मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में फैला बुंदेलखंड लंबे समय से उपेक्षा, सूखा, पलायन और विकास की कमी जैसे सवालों से जूझता रहा है। इसी पृष्ठभूमि में अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग समय-समय पर उठती रही है। हाल के वर्षों में फिल्म अभिनेता से सामाजिक कार्यकर्ता बने राजा बुंदेला इस मांग को मुखर रूप से उठा रहे हैं। उनका तर्क है कि जब तक बुंदेलखंड को प्रशासनिक रूप से अलग राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा, तब तक इस क्षेत्र की समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का मूल आधार क्षेत्रीय असमानता और ऐतिहासिक उपेक्षा का आरोप है। यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश के झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट जिलों के साथ मध्य प्रदेश के सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह, दतिया जैसे जिलों में फैला है। प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से यह इलाका खनिज संपदा, पत्थर, ग्रेनाइट और सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध है, लेकिन मानव विकास सूचकांकों में लगातार पीछे रहा है। यहां औसत वर्षा कम और अनियमित है, जिससे बार-बार सूखे की स्थिति बनती है। खेती मुख्य रूप से वर्षा पर निर्भर है और सिंचाई के साधनों का पर्याप्त विकास नहीं हो पाया। समर्थकों का तर्क है कि बड़े राज्य की प्रशासनिक प्राथमिकताओं में बुंदेलखंड हमेशा हाशिए पर रहा। लखनऊ या भोपाल से दूर स्थित यह इलाका राजनीतिक रूप से प्रभावशाली नहीं माना जाता, इसलिए बजटीय आवंटन और योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित ध्यान नहीं मिला। वे उदाहरण देते हैं कि सूखा राहत पैकेज, सिंचाई परियोजनाएं और औद्योगिक निवेश घोषणाओं तक सीमित रह जाते हैं। अलग राज्य बनने पर स्थानीय नेतृत्व, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नीति बना सकेगा और संसाधनों का उपयोग क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के अनुसार होगा। आर्थिक आधार के साथ-साथ सांस्कृतिक तर्क भी दिए जाते हैं। बुंदेलखंड की अपनी विशिष्ट बुंदेली बोली, लोकगीत, वीरगाथाएं और ऐतिहासिक परंपराएं हैं। ओरछा, खजुराहो, झांसी जैसे ऐतिहासिक केंद्र इसकी पहचान को विशिष्ट




बनाते हैं। अलग राज्य समर्थकों का कहना है कि क्षेत्रीय पहचान और सांस्कृतिक गौरव को संरक्षित करने के लिए प्रशासनिक स्वायत्तता जरूरी है। वे यह भी तर्क देते हैं कि छोटे राज्यों के गठन के बाद विकास की गति तेज होने के उदाहरण सामने आए हैं, जैसे उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड। हालांकि इन राज्यों के अनुभव पूरी तरह एक जैसे नहीं रहे, फिर भी समर्थक इन्हें सकारात्मक मिसाल के रूप में पेश करते हैं। बुंदेलखंड राज्य की मांग नई नहीं है। स्वतंत्रता के बाद राज्यों के पुनर्गठन के समय भी क्षेत्रीय पहचान के आधार पर चर्चा हुई थी, लेकिन बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा नहीं मिला। 1950 और 60 के दशक में कुछ स्थानीय संगठनों ने आवाज उठाई, पर वह व्यापक जन आंदोलन का रूप नहीं ले सकी। 1990 के दशक में जब उत्तराखंड (तब उत्तरांचल) के आंदोलन ने जोर पकड़ा, उसी समय बुंदेलखंड में भी अलग राज्य की मांग ने फिर सिर उठाया। 2000 में जब तीन नए राज्य बने, तब भी बुंदेलखंड समर्थकों ने उम्मीद जताई थी, लेकिन केंद्र सरकार ने इस दिशा में कदम नहीं बढ़ाया। 2000 के दशक के उत्तरार्ध में यह मुद्दा फिर चर्चा में आया। 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों पूर्वांचल, बुंदेलखंड, अवध प्रदेश और पश्चिम प्रदेश में बांटने का प्रस्ताव पारित कराया था। विधानसभा में प्रस्ताव पारित हुआ, पर केंद्र सरकार ने उस पर आगे कार्रवाई नहीं की। उस समय यह स्पष्ट हो गया कि राज्य पुनर्गठन केवल विधानसभा प्रस्ताव से संभव नहीं, बल्कि संसद की स्वीकृति और व्यापक राजनीतिक सहमति जरूरी है।

राजनीतिक दलों का रुख भी समय-समय पर बदलता रहा है। भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों ने अलग-अलग समय पर छोटे राज्यों के सिद्धांत का समर्थन किया, लेकिन बुंदेलखंड के सवाल पर कोई ठोस पहल नहीं की। क्षेत्रीय दलों ने भी इसे चुनावी मुद्दा तो बनाया, पर सत्ता में आने के बाद प्राथमिकता सूची में यह पीछे चला गया। इसी पृष्ठभूमि में राजा बुंदेला का नाम उभरा। फिल्मी करियर के बाद उन्होंने सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 'बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा' जैसे मंचों के माध्यम से अलग राज्य की मांग को संगठित रूप देने का प्रयास किया। उनका दावा है कि बुंदेलखंड की जनता लंबे समय से शोषण और उपेक्षा झेल रही है, और राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में समस्याएं जस की तस हैं। वे धरना-प्रदर्शन, पदयात्रा और जनसभाओं के माध्यम से इस मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

जहां तक उनके साथ लोगों की संख्या का प्रश्न है, इसका सटीक आंकड़ों में मापन कठिन है। कोई आधिकारिक जनगणना या सदस्यता रजिस्टर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, जिससे यह बताया जा सके कि कितने लोग सक्रिय रूप से आंदोलन से जुड़े हैं। हालांकि, बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों में उनके समर्थक संगठन मौजूद हैं और समय-समय पर सैकड़ों-हजारों लोगों की रैलियां आयोजित की जाती रही हैं। यह भी सच है कि यह आंदोलन अभी तक उत्तराखंड आंदोलन जैसी व्यापक जनलहर का रूप नहीं ले सका है। जनसमर्थन क्षेत्र विशेष में केंद्रित है और इसे सर्वदलीय या सर्व समाज समर्थन नहीं मिला है। आंदोलन की एक चुनौती यह भी है कि बुंदेलखंड दो राज्यों उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैला है। यदि अलग राज्य बनाना हो तो दोनों राज्यों के हिस्सों को मिलाकर नया राज्य बनाना पड़ेगा, जिसके लिए दोनों विधानसभाओं और केंद्र सरकार की सहमति आवश्यक होगी। यह संवैधानिक और राजनीतिक दृष्टि से जटिल प्रक्रिया है। इसके अलावा, कुछ लोग तर्क देते हैं कि नया राज्य बनने से प्रशासनिक खर्च बढ़ेगा और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

विरोधियों का कहना है कि समस्या राज्य के आकार में नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता में है। यदि सिंचाई, जल संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीरता से काम हो तो बिना राज्य विभाजन के भी विकास संभव है। वे उदाहरण देते हैं कि विशेष पैकेज, जैसे बुंदेलखंड पैकेज, पहले भी दिए गए हैं। हालांकि समर्थक यह सवाल उठाते हैं कि इन पैकेजों का पूरा लाभ जमीन पर क्यों नहीं दिखा। बुंदेलखंड के अलग राज्य की मांग भावनात्मक, आर्थिक और प्रशासनिक तर्कों का मिश्रण है। यह केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा का सवाल नहीं, बल्कि क्षेत्रीय असंतोष की अभिव्यक्ति भी है। फिर भी, किसी भी नए राज्य के गठन के लिए व्यापक जनमत, राजनीतिक सहमति और आर्थिक व्यवहार्यता का स्पष्ट खाका जरूरी होता है। अभी तक यह आंदोलन प्रतीकात्मक और क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक समर्थन हासिल नहीं कर पाया है। राजा बुंदेला और उनके समर्थकों की सक्रियता ने इस मुद्दे को फिर चर्चा में ला दिया है। वे इसे केवल राजनीतिक मांग नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के सम्मान और अस्तित्व का प्रश्न बताते हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या यह आंदोलन व्यापक जनसमर्थन जुटा पाता है और क्या राष्ट्रीय राजनीति में इसे वह स्थान मिल पाता है, जो कभी उत्तराखंड या झारखंड आंदोलनों को मिला था। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि बुंदेलखंड का प्रश्न केवल अलग राज्य के गठन तक सीमित नहीं है; यह उस व्यापक बहस का हिस्सा है, जिसमें क्षेत्रीय असमानता, विकास का मॉडल और शासन की जवाबदेही जैसे मूल प्रश्न शामिल हैं।

अध्यात्म

## भगवान पर विश्वास को डिगने न दें

एक आदमी जब भी दफ्तर से वापस आता, तो कुत्ते के प्यारे से पिल्ले रोज उसके पास आकर उसे घेर लेते थे क्योंकि वो रोज उन्हें बिस्कुट देता था। कभी 4 कभी 5 कभी 6 पिल्ले रोज आते और वो रोज उन्हें बिस्कुट या ब्रेड खिलाता था। एक रात जब वो दफ़्तर से वापस आया तो पिल्लों ने उसे घेर लिया लेकिन उसने देखा कि घर मे बिस्कुट ओर ब्रेड दोनो खत्म हो गए हैं।

रात भी काफी हो गई थी, इस समय दुकान का खुला होना भी मुश्किल ही था, सभी पिल्ले बिस्कुट का इंतज़ार करने लगे। उसने सोचा कोई बात नहीं कल खिला दूंगा, ओर ये सोचकर उसने घर का दरवाजा बंद कर लिया, पिल्ले अभी भी बाहर उसका इंतजार कर रहे थे। ये देखकर उसका मन विचलित हो गया, तभी उसे याद आया कि घर मे मेहमान आये थे, जिनके लिए वो काजू बादाम वाले बिस्कुट लाया था।

उसने फटाफट डब्बा खोला तो उसमें सिर्फ 7-8 बिस्कुट थे, उसके मन मे विचार आया कि इतने बिस्कुट से तो कुछ नहीं होगा, एक का भी पेट नही भरेगा, पर सोचा कि चलो सब को एक एक दे दूंगा, तो ये चले जायेंगे। उन बिस्कुट को लेकर जब वो बाहर आया तो देखा कि सारे पिल्ले जा चुके थे, सिर्फ एक पिल्ला उसके इंतज़ार में अभी भी इस विश्वास के साथ बैठा था कि कुछ तो जरूर मिलेगा। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने वो सारे बिस्कुट उस एक पिल्ले के सामने डाल दिये। वो पिल्ला बड़ी खुशी के साथ वो सब बिस्कुट खा गया और फिर चला गया।

बाद में उस आदमी ने सोचा कि हम मनुष्यों के साथ भी तो यही होता है, जबतक ईश्वर हमे देते रहते हैं, तब तक हम खुश रहते हैं और भक्ति में लगे रहते हैं। उसके फल का इंतज़ार करते है, लेकिन भगवान को जरा सी देर हुई नही कि हम उसकी भक्ति पर संदेह करने लगते हैं, दूसरी तरफ जो उसपर विश्वास बनाये रखता है, उसे उसके विश्वास से ज्यादा मिलता है।

इसलिये अपने प्रभु पर विश्वास बनाये रखें, अपने विश्वास को किसी भी परिस्थिति में डिगने ना दें, अगर देर हो रही है इसका मतलब है कि प्रभु आपके लिए कुछ अच्छा करने में लगे हुए हैं।

# भ्रामक समय में स्पष्ट हो संदेश

**इन दिनों जिस तरह दुनिया में उथल पुथल मची है, और समाचारों की बाढ़ ने जिस तरह हर मन मस्तिष्क को अपनी गिरफ्त में ले लिया है उससे यह संकट उत्पन्न हुआ है कि क्या सही है और क्या गलत। भ्रम में केवल भारत, भारत की जनता या भारत का सरकार या विपक्ष ही नहीं है बल्कि या स्थिति विश्व के हर देश में है। पिछले दिनों विदेश में रहने वाले दोस्तों और रिश्तेदारों से चर्चा में यह बात और स्पष्ट हुई।**

डॉ. गरिमा संजय दुबे

भारत के संदर्भ में यह बात और चिंताजनक इसलिए हो जाती है कि हम आदर्शों की बड़ी बड़ी बातें करने वाले एक पाखंडी समाज में रहते हैं। जितना सुंदर हमारा साहित्य, धर्म, संस्कृति, कला है उतने ही अधिक विकार की संभावना सदा रही है। मुझे कहने दीजिए कि भारत का प्रत्येक व्यक्ति भारत के अतिरिक्त सबके हित की सोचता है, वह अपने हित की सोचता है, राष्ट्र उसके लिए दूसरे या तीसरे स्थान पर आता है, बहुत थोड़े हैं जो अपने व्यक्तिगत लाभ हानि से ऊपर राष्ट्र प्रथम की भावना को स्थान देते हैं।

दूसरे देशों में इतनी विसंगतियां नहीं है फिर भी वे युद्धरत हैं और पीड़ित हैं, भारत में अनेक विसंगतियां हैं फिर भी वह तुलनात्मक रूप से स्थिर है, शांत है, यह एक चमत्कार ही है। कहना चाहती हूं कि यदि हम स्वयं समस्या खड़ी न करें और राष्ट्र हित को, क्षेत्र, जाति, धर्म, भाषा, दल की क्षुद्र राजनीति और विचारधारा से ऊपर उठकर सोच सकें तो कोई भारत के आगे नहीं टिकता, किंतु यह होता नहीं दिखाई देता, अनेकता में एकता का नारा अब विभाजित होता दिखाई दे रहा है, और इसलिए आदर्शों में, मूल्यों में, नैतिकता में, अध्यात्म में लिखित रूप से बहुत आकर्षक दिखाई देने वाला समाज व्यावहारिकता में उतने ही खंडों में विभाजित रहा है। सूचनाओं के अंबार ने, हर किसी को कहीं भी कुछ भी बोल देने की, अपने मन अनुसार कंटेंट बना लेने की सुविधा ने जैसे बंदर के हाथ में उस्तरा थमा दिया है। बने हुए कंटेंट, वीडियो क्लिप्स, ढ्ढ से बनाए गए वक्तव्य, अपने अपने लाभ के लिए समाचार बना रहे हैं। सच जाने बिना ही सनसनी फैलाने और भ्रमित करने के प्रपंच अनियंत्रित गति से बढ़ रहे हैं, झूठी बातों के प्रचार पर कोई नियंत्रण नहीं है। राष्ट्रहित से जुड़ी संवेदनशील जानकारियों को सार्वजनिक करने पर कोई दंड नहीं है। नीतियों में पारदर्शिता नहीं है, और जनता तक नीतियों के सही स्वरूप को पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं दिखाई दे रही। जानबूझ कर आधी अधूरी जानकारियां प्रदान कर जनमानस को भ्रमित किया जा रहा है।

सरकार हो या विपक्ष, उनके प्रवक्ताओं को गंभीरता से अपनी बात जनता तक पहुंचाने का उपक्रम करना चाहिए न की सनसनी फैलाने जैसे टूल्स का सहारा लेकर, शोर करके, अराजकता के साथ, जिद और अहंकार के साथ भ्रम को और बढ़ाना चाहिए। पक्ष विपक्ष सदा रहते आएं हैं, सदा ही रहेंगे, यह तो शाश्वत है, किंतु मर्यादा, गरिमा, संयम, शांत ढंग से कही हुई बात का प्रभाव अधिक होता है। अब तो ऐसा लगता है जैसे शांति से, संयम से बात सुने न जाने कितने युग बीत गए। हर कोई चिल्लाकर, शोर करके, आक्रामक मुद्रा में, अपनी बात कह कर मुद्दों को भ्रमित कर रहा है। सरकार ने राष्ट्र हित में जो निर्णय लिए हैं उसको प्रभावी तर्क से वह जनमानस के सामने रखे, विपक्ष सरकार से प्रश्न करने का अधिकारी सदा रहा है, यह लोकतांत्रिक व्यवस्था है, किंतु हर बात में अविश्वास करके वह किस राष्ट्रहित की बात



करता है यह स्पष्ट करे। लोकतान्त्रिक रूप से चुनी हुई सरकार के निर्णयों पर भरोसा न करके क्या राष्ट्र को विपक्ष के अराजक, निराधार, संदेहास्पद अविश्वास योग्य वक्तव्यों पर भरोसा करना चाहिए? क्यों केवल इसलिए कि आपको लोकतंत्र ने विरोध का अधिकार दिया है, तो यह स्तर होगा विरोध का। विपक्ष को अपनी नकारात्मक राजनीति के नुकसान पता होने चाहिए। हर बार आरोप लगाकर भाग जाने की प्रवृत्ति को कोई गंभीरता से नहीं लेता, हास्यास्पद ढंग से अपनी अराजकता को अपनी बुद्धिमानी समझने का अहंकार भी बहुत स्पष्ट दिखाई देता है। प्रश्न पूछने वाले में उत्तर सुनने और समझने का धैर्य भी होना चाहिए। सरकार उत्तर दे जनता सुनेगी, क्योंकि सरकार विपक्ष के प्रति नहीं राष्ट्र और जनता के प्रति उत्तरदाई है।

पिछले बारह वर्षों में किसी भी मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार का साथ नहीं दिया। ऐसा कभी, कहीं नहीं हुआ। क्या पिछले बारह वर्षों में सरकार का एक भी निर्णय ऐसा नहीं जो देश हित में है, जिस पर बिना दलगत राजनीति किए जनमत का सम्मान करते हुए विपक्ष ने सरकार का साथ दिया हो, याद कीजिए, नहीं हुआ, सरकार के किसी फैसले पर विपक्ष का कोई सहयोग नहीं मिला। तमाम विरोध के बाद हर कहीं, हर देश में कुछ मुद्दों पर पक्ष विपक्ष एकजुट होकर राष्ट्रहित में काम करते हैं, भारत में भी इसके पूर्व यह उदाहरण बनते रहे हैं, राष्ट्रहित में पक्ष विपक्ष एक रहे ताकि किसी को हमें कमज़ोर करने का मौका न मिले, किंतु अब भारत में वयम पंचाधिकम शतम, का भाव नदारद है। बहुधा संदेश यह जाता है कि भारत विरोधी स्वर का सहयोगी है विपक्ष।

सरकार की तरफ से यह प्रयास अनेक बार हुए जब विपक्ष का सहयोग मांगा गया किंतु सहयोग नहीं मिला। जनता देखती है, समझती है, तमाम भ्रम के बाद भी यह तो उसकी समझ में आता है कि शोर सच नहीं होता, अराजकता आश्वस्त नहीं कर सकती, हल्ला करके हल नहीं निकलता। विपक्ष के सरकार से असहयोग का यह रवैया एक व्यक्ति और दल के विरोध से बढ़ते-बढ़ते राष्ट्र विरोध, संस्कृति विरोध तक जा पहुंचा है। सत्ता से दूरी ने विपक्ष को निराश और कुंठित किया है और उसकी अराजकता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

सरकार भी अपने संयम में यह न भूले कि जनता तक मुद्दों को स्पष्ट तरीके से पहुंचाने का काम उनका है, जनता से संवाद को और अधिक मजबूत बनाइए, केवल ढ्ढ सेल के कंटेंट से नहीं अपने प्रतिनिधियों को सही जानकारी देने के लिए बाध्य कीजिए। शोर को शोर से नहीं तर्कों से पराजित कीजिए, अराजकता को आक्रामकता से नहीं अनुशासन से नियंत्रित कीजिए, और हल्ले को हितकारी संवाद और उसके प्रचार से समाप्त कीजिए। हां यह देखा गया है कि बार बार स्पष्टीकरण के पश्चात भी विपक्ष का अविश्वास राग समाप्त नहीं होता और वह हर निर्णय में विघ्नसंतोषी की तरह व्यवहार करता है, किंतु सरकार जनता के प्रति इसे प्रथम दायित्व समझ कर करे, अंततः जनता ही लोकतंत्र की रीढ़ है। उसके बाद भी हठी, अहंकारी, अराजक विपक्ष न माने तो उसे उसके हाल पर छोड़ दीजिए, जनता तय कर लेगी। सरकार की तरफ से मुद्दों पर फैले भ्रम को दूर करने में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए, यह सरकार का दायित्व भी है और समय की मांग भी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। दोस्तों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा।

**वृषभ**
आज आप से मिलने के लिये मित्र घर आ सकते हैं। अचानक कई तरह के खर्चे सामने आयेंगे। जीवनसाथी से अपने सम्बन्ध बेहतर रखें।

**मिथुन**
नये कारोबार की शुरुआत करना उत्तम होगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनन्द लेंगे।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ हो सकता है। अधिकारी वर्ग आपकी हर सम्भव सहायता करने को तैयार रहेगा। किसी पर सहज विश्वास न करें।

**सिंह**
उलझे हुये मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। बच्चों की जरूरतों के लिये आप धन खर्च कर सकते हैं। बुजुर्गों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये।

**कन्या**
आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी। पैर में दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं।

**तुला**
व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। उच्च प्रबन्धन के पदों पर स्थित लोगों के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
नया कारोबार शुरू करने में परेशानी हो सकती है। नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। सम्पत्ति में निवेश के लिये दिन सुखद रहेगा।

**धनु**
नये व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। जीवनसाथी काफी रोमान्टिक मूड में रहेगा। कार्यक्षेत्र में अस्थिरता दूर रहेगी। यदि अस्वस्थ हैं तो डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। विद्वान लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा।

**मकर**
जीवनसाथी के साथ वैचारिक तालमेल कम रहेगा। विवादित मामलों में अपनी प्रतिक्रिया न दें। विदेश में रह रहे मित्रों से लम्बी चर्चा होने की सम्भावना है। घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है।

**कुंभ**
शत्रु वर्ग आपके विरुद्ध सक्रिय रहेगा लेकिन कुछ नुकसान नहीं कर पायेगा। घर में बदलाव और सजावट सम्बन्धी कार्य कर सकते हैं।

**मीन**
किसी कानूनी मामले में आपको विजय मिलेगी। व्यापार में बड़ी बिक्री होने की सम्भावना है। माता-पिता के साथ सम्बन्ध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले में धनरूआ पुलिस ने दो फरार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में सोनमई पंचायत के मखदुमपुर गांव से दो फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।, जिसमें विक्की कुमार और नवल प्रसाद दोनों पिता जुगल प्रसाद सा चकजोहरा की गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मामला बीते 8. 11. 2025 की है जहां कांड के वादी अजय कुमार पिता लालेश्वर प्रसाद मखदुमपुर सोनमई ने धनरूआ थाने में पांच लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन दिया था, दरअसल इसकी पीछे घटना के बारे में बताया गया कि बीते 23. 10.2025 को उनके घर से स्प्लेंडर की चोरी हुई थी, चोरी की घटना के कुछ दिनों बाद बीते 8 11.25 को अपने घर में छत पर सार्वजनिक तौर पर मोटरसाइकिल चोरी होने की हो हल्ला कर रहे थे उसी दरमियान अ् कई लोग घर में घुस कर लाठी डंडे लोहे के रोड से मारपीट कर जानलेवा हमला करने लगा है उसे दरमियां इसके पिता लालेश्वर प्रसाद बचाने गए उन्हें भी मारपीट कर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया दोनों को प्राथमिक उपचार का पीएमसीएच रेफर किया गया था। इसी मामले पांच लोगों पर नामजद केस दर्ज किया गया था।

### पीजी रेलखंड में छोटकी मसौढी हॉल्ट पर कई मेमू ट्रेनों का हुआ अस्थाई ठहराव

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैट्रिक परीक्षार्थियों के लिए अच्छी खबर है, गया कि रूट से मसौढ़ी परीक्षा देने वालों के लिए छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर कई मेमू ट्रेन की अस्थाई ठहराव की सूचना जारी की गई है।दरअसल मैट्रिक परीक्षा के कारण पटना-गया मेमू ट्रेन का दानापुर डिवीजन के छौटकी मसौढ़ी हॉल्ट स्टेशन पर मिला अस्थाई ठहराव की घोषणा की गई है।जो 18 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक गाड़ी संख्या 63256 गया-पटना मेमू पैसेंजर ट्रेन का ठहराव छौटकी मसौढ़ी हॉल्ट में होगा। एवं छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट में आगमन :- 19:14 / प्रस्थान :- 19:15 होगा,इसके अलावा 18 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक गाड़ी संख्या 63255 पटना-गया मेमू पैसेंजर ट्रेन का ठहराव छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट में होगा। छौटकी मसौढ़ी हॉल्ट में आगमन :- 19:30 / प्रस्थान :- 19:31 होगा, मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने यह सूचना जारी की है।

### 48 लीटर देसी शराब और एक बाइक जप्त

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना की गश्ती पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणीचक रेलवे गुमटी के निकट से 48 लीटर देशी शराब की खेप बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि दक्षिणीचक रेलवे गुमटी के निकट से 48 लीटर देशी शराब की खेप बरामद किया गया। साथ ही मौके से एक बाइक भी बरामद किया गया है। पुलिस शराब माफिया एवं बाइक के मालिक की जानकारी जुटाने में जुट गई है।

### सद्गुरु आचार्य धर्मचंद्र देव जी महाराज की 107 वीं जन्म जयंती मनी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान के प्रथम परम्परा सदगुरुदेव आचार्य श्री धर्मचंद्रदेव महाराज के 107 वी जन्म जयंती समारोह पूर्वक राम नगीना सिंह कॉलेज में मनाया गया। सत्संग समारोह मे प्रथम परंपरा सदुरु आचार्य श्री धर्मचंद्र देव जी महाराज की 107 वीं जन्म जयंती (अवतरण दिवस) के मध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें दिव्यवाणी और विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जहां अनुयायियों ने महाराज जी को याद किया और उनके वचनों का स्मरण किया।मौके पर संत समाज के महामंत्री श्री भुपेन्द्र राय, प्रमण्डलीए मंत्री नवल किशोर सिंह मुख्य अतिथि की उपस्थिति मे पटना जिला संत समाज के सचिव राकेश रंजन सिंह उपसचिव मनोज श्रीवास्तव ,सिताराम सिंह परामर्शक संयोजक डी एन सिंह उपदेष्टा महाबीर दुबे,बंशरोपन सिंह, किशन देव साव, राजकुमार साव एवं सैकडो संत समाज के गुरु भाई बहनो के साथ प्रवचनो एवं भजनो से सभी लाभान्वित हुए।

### मनेर में बिजली चोरी के चार मामले पकड़े गए

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर में बिजली चोरी के चार माले बुधवार को पकड़े गए।इस संबंध में कनीय अभियंता सीताराम प्रसाद ने बताया कि मनेर के हल्दी छपरा सात आना में कपिल देव राय पर 25,805 रुपये,संगीता देवी 19,020 रुपये,बच्चू साहब 23,087 रुपया,सरवन राय 11,633 रुपये विद्युत चोरी में जुमार्ना करते हुए विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है मौके पर विद्युत मानव बल अजीत कुमार, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

### अखंड-कीर्तन समारोह का भक्तिपूर्ण माहौल में समापन



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सरथुआ गांव में 48 घंटे के अखंड-कीर्तन समारोह का समापन भक्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। समापन के बाद हवन,कुंवारी कन्याओं का पूजन और प्रसाद वितरण किया गया।विदित हो कि महाशिवरात्रि के दिन इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी।इस धार्मिक आयोजन में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शिरकत किया।इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के पप्पू कुमार( शिक्षक),अमित कुमार,अम्बर पटेल,शिशुपाल कुमार, सोनी कुमार,बमशंकर कुमार,समित कुमार,गुंजन, सन्तोष रंजन व अन्य ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन से ग्रामीण समाज में समरसता, मैत्री ,सद्भावना की भावना प्रगाढ़ होती है।मुख्य पुजारी उमेश पांडेय ने कहा कि भगवान शिव, राम और कृष्ण भारतीय संस्कृति के नायक और अमूल्य धरोहर हैं।

### रमजान का दिखा चांद, आज से पहला रोजा शुरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माहे रमजान मुबारक का चांद बुधवार को देखा गया। बृहस्पतिवार को पहला रोजा की शुरूआत होगी। मसौढ़ी के सभी मस्जिद से मस्जिद के मौलाना ने चांद देखे जाने की पुष्टि की खबर लोगों को दी गई। रहमतगंज जामा मस्जिद के मौलाना जहूर ने कहा की रमजान का महीना मुसलमानों के लिए बहुत खास होता है। इसे रहमत वाला महीना कहा जाता है इसी महीने में मुसलमान का पवित्र ग्रंथ कुरान मजीद मोहम्मद साहब के द्वारा मुसलमान को मिला। इसलिए यह महीना और भी खास हो जाता है। रमजान का चांद की पुष्टि होने के बाद मुसलमान एक दूसरे को मुबारकबाद देने लगे । बता दें कि इस महीने में एक खास नमाज जिसे तरावीह कहते हैं जिसमें मौलाना कुरान मजीद पढ़ते हैं और मुसलमान सुनते हैं। इस पूरे महीने में मुसलमान रोजा रखते हैं । इस महीने में मुसलमान अपने आप को हर बुराई से बचते हैं । दिन भर भूखे रहते हैं और शाम सूर्य डूबने के बाद इफ्तार का आयोजन करते हैं। दूसरी मजहब के लोग भी इस महीने का बहुत सम्मान करते हैं।

### अतिक्रमण के खिलाफ चलाया गया अभियान, अतिक्रमणकारी पर लगाया जुर्माना

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को नगर प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ फिर से विशेष रूप से अभियान चलाया। नगर प्रबंधक पंकज कुमार और जितेंद्र कुमार के देखरेख में मनेर पड़ावपर, रामनगीना सिंह कॉलेज मार्ग, बस्ती मार्ग, बाजार पर, महादेव स्थान आदि जगहों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वही चेतावनी के बावजूद सड़क पर अतिक्रमण करने वाले पर जुमार्ना लगाया गया। करीब 10 लोगों पर जुमार्ना लगाया गया। वही इसके अलावा प्लास्टिक और थमोकील इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। जिस पर 2800 रुपए के करीब जुमार्ना लगाया गया। मौके पर नगर के कर्मी चंदन गुप्ता, मिथिलेश कुमार सागर, सुधीर कुमार, इमरान अली सहित कई लोग थे।

### क्षत्रिय करणी सेना भारत के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कासिमपुर दाढ़ी निवासी पंकज सिंह को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, बाढ़ नियुक्त किया गया है। इस आशय का पत्र जारी करते हुए बाढ़ जिलाध्यक्ष साकेत कुमार सिंह ने आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है कि पंकज सिंह पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए परिवार द्वारा दी गई जिम्मेवारी को बखूबी निभाएंगे। कार्यकाल के दौरान अनुशासनहीनता की स्थिति में तत्काल पदमुक्त किए जा सकते है। उनकी नियुक्ति पर उनके समर्थकों ने हर्ष जताया है। वहीं पंकज सिंह ने बताया कि परिवार द्वारा दी गई जिम्मेवारी को बखूबी निभाएंगे।

# विक्की हत्याकांड : पत्नी की बेवफाई और संपत्ति के लालच में हुई हत्या, दो गिरफ्तार

**11 फरवरी को गैराज में बुलाकर की थी हत्या ■ मृतक की पत्नी एवं साढ़ू समेत तीन लोगों पर केस दर्ज**





मृतक का फाइल फोटो।

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस ने विक्की हत्याकांड का बुधवार को खुलासा करते हुए इस पूरे मामले में संलिप्त मृतक के साढू और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। दरअसल बिते मंगलवार की शाम मसौढी थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव के बाहर सड़क के किनारे एक झाड़ी में बोरे में बंद एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया था, जिसकी पहचान विक्की कुमार पिता स्व. शिवानंद भेगामा,गौरीचक के रूप में की गई थी ,इस मामले में मृतक की बहन निक्की देवी पति जितेंद्र सिंह चंदा पर धनरूआ ने मसौढी थाने में लिखित आवेदन देकर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें विक्की के साढू सिद्धनाथ कुमार पिता स्व तुलसी सिंह,डीह मसौढी, सोनू यादव पिता चिंताहरण यादव डीह मसौढ़ी और विक्की की पत्नी सलोनी कुमारी डीह मसौढी पर प्राथमिकी दर्ज की थी,उसे पूरे घटनाक्रम का उदभेदन करते हुए पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि मृतक की बहन निक्की देवी के लिखित आवेदन के आधार पर जांच पड़ताल के दौरान दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और घटनाक्रम के बारे में बताया गया की 11 फरवरी को विक्की के गैराज में प्लास्टिक की डोरी से गले में बांधकर अपने सहयोगी सोनू के साथ उसकी हत्या की थी उसके बाद बोरे में शव को बांधकर मोटरसाइकिल के जरिए महादेवपुर गांव के बाहर झाड़ी में फेंक दिया गया था, छापेमारी के दौरान सिद्धनाथ के घर पर सीसीटीवी में छेड़छाड़ हुई थी,उसका डीवीआर, घर से प्लास्टिक की डोरी और मोटरसाइकिल जप्त की गई है। घटना के बारे में मृतक विक्की की पत्नी सलोनी के साथ साढु का अवैध संबंध था, इसके अलावा डीह मसौढ़ी के पास में जमीन लेकर बना रहे मकान पर भी लालच थी, वही मृतक विक्की कुमार की बहन निक्की देवी ने बताया की विक्की जो गौरीचक थाना क्षेत्र के भेरगामा के रहने वाले हैं और इधर हाल के दिनों में मसौढी डीह पर जमीन लेकर घर बना रहा था उसी दरमियान उसकी पत्नी और साढू के साथ अवैध संबंध थे चुकी दोनो का घर डीह मसौढी है। और उसी में इस हत्या की साजिश रची थी। फिलहाल दो आरोपियों की गिरफ्तार कर ली है पुलिस आरोपी पत्नी की तलाश में है: इस घटना के बाद पूरे इलाके में एक बार फिर से बेवफा पत्नी की चर्चा आम हो गई है।

# लाइब्रेरी खुलने से ग्रामीण बच्चों के सपनों को मिलेंगे पंख

**अगर इच्छाशक्ति दृढ़ हो, तो सफलता कदम चूमती है : बीडीओ सूरज कुमार**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। प्रखंड के शिकारपुर पंचायत स्थित डीके शिकारपुर गांव में नवनिर्मित पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन किया गया। पुस्तकालय का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह और स्थानीय मुखिया राहुल जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा की आज का समय बदल चुका है। सरकार और जनप्रतिनिधि मिलकर गांवों तक सुविधाएं पहुंचा रहे हैं। यदि विद्यार्थी अपने मन में दृढ़ इच्छाशक्ति बना लें, तो संसाधनों की कमी अब उनकी सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि किताबें ही वो सीढ़ी हैं, जो आपको सफलता के शिखर तक ले जाती हैं। वही मुखिया राहुल जायसवाल ने कहा की गांव के स्तर पर ऐसी सुविधाएं न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगी, बल्कि युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने में भी सहायक होंगी। उन्होंने बताया कि इस पुस्तकालय का निर्माण 3,99,500 रुपये की लागत से किया गया है।कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि प्रकाश गुप्ता और अनिल वर्मा ने भी संबोधित किया और इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर पंचायत सचिव मो. शाहबुद्दीन,उपमुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, वार्ड सदस्य शेख सब्बर, मदन राम, बृजेश चौरसिया, भरत राम सहित कई ग्रामीण और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# मैट्रिक परीक्षा के पहले ही दिन चार परीक्षार्थियों को लेट आने से नहीं मिली इंट्री



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा मंगलवार से सभी सेंटरों पर कड़ी निगरानी और सुरक्षा के बीच शुरूआत हो गई है। वहीं मसौढी के श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर पहले ही दिन पहले पाली में तीन परीक्षार्थियों को लेट से आने पर इंट्री नहीं मिली है। दरअसल 9 बजकर 7 मिनट में एक परीक्षार्थी पहुंची उसके बाद 9:10 में एक परीक्षार्थी पहुंची लेकिन तब तक मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था, काफी देर तक परीक्षार्थी दरवाजा पिटती रही लेकिन इंट्री नहीं मिली, इसके अलावा धनरूआ स्थित बरनी हाई स्कूल के बने परीक्षा केंद्र पर भी दो लड़की को लेट आने पर परीक्षा केंद्र में एंट्री नहीं मिली है, काफी देर तक महिला परीक्षार्थी रोती रही लेकिन एंट्री नहीं मिला। गौरतलब है कि मसौढ़ी अनुमंडल में छह परीक्षा केंद्र सिर्फ लड़कियों के लिए ही बनाए गए हैं जहां पर 4697 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं और मंगलवार की पहली पाली में हिंदी विषय की परीक्षा थी लेकिन कई परीक्षा केंद्रों में लेट आने से परीक्षार्थियों को एंट्री नहीं मिली है हालांकि लगातार बिहार बोर्ड के द्वारा समय से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के नोटिफिकेशन भी जारी किए गए हैं बावजूद कई जगहों पर लेट आने की के कारण परीक्षा से वंचित होना पड़ा है।

# अथमलगोला में किराना दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख









**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र अंतर्गत थमहा गांव में अज्ञात लोगों द्वारा एक किराना दुकान में आग लगा देने का मामला सामने आया है। इस घटना में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया और दुकानदार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात अचानक दुकान से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठती देख पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी, लेकिन तब तक दुकान में रखा फ्रिज, पंखा, आटा, चावल, मसाले समेत अन्य दैनिक उपयोग के सभी सामान पूरी तरह जल चुके थे। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि दुकान से लगभग 30 हजार रुपये नकद भी गायब हैं। उनका आरोप है कि अज्ञात लोगों ने पहले चोरी की और उसके बाद दुकान में आग लगा दी। आग बुझने तक पूरी दुकान खाक हो चुकी थी और अंदर कुछ भी सुरक्षित नहीं बचा।घटना की सूचना अथमलगोला थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आगजनी और चोरी की इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।पीड़ित दुकानदार ने प्रशासन से उचित मुआवजा और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जिसके सत्यता की जांच कराई जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच के उपरान्त विधि सम्मत करवाई की जाएगी।

# दृष्टिपुंज आई हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर अत्याधुनिक अल्कॉन यूनिटी मशीन का हुआ शुभ उद्घाटन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दृष्टिपुंज आई हॉस्पिटल अपने स्थापना दिवस (17 फरवरी 2026 मंगलवार) के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। ईश्वर की असीम अनुकम्पा से अस्पताल प्रबंधन इस दिन को सेवा और आधुनिक चिकित्सा तकनीक के विस्तार के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सा क्षेत्र की अत्याधुनिक Alcon-Unity-VCS-VLT मशीन का शुभ उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थय मंत्री मंगल पांडे, माननीय श्रम संसाधन विभाग मंत्री जिवेश मिश्रा के द्वारा किया गया, जिससे आंखों की जांच और सर्जनी पहले से अधिक सटीक, सुरक्षित और उन्नत होगी। यह मशीन मरीजों को विश्वस्तरीय नेत्र उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम के संरक्षक कमल किशोर शर्मा (अधीक्षण अभियंता, सेवानिवृत, पीएचईडी) और स्वागताकांक्षी के रूप में डॉ. बंदना तिवारी एवं डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। अस्पताल निदेशक ने शहर के गणमान्य नागरिकों, चिकित्सकों एवं शुभचिंतकों को समारोह में सादर उपस्थित होकर बताया कि यह स्थापना दिवस के साथ नई तकनीक की शुरूआत मरीजों के लिए बेहतर दृष्टि और स्वस्थ भविष्य का संदेश लेकर आया है।

### अथमलगोला में ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल राज्य मंत्री व चेयरमैन से की मुलाकात

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल भवन नई दिल्ली में,अथमलगोला के रहने वाले काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी) के आचार्य विकास पाठक व बाढ (पटना) भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री आशुतोष कुमार अमीत ने केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू व रेलवे बोर्ड ( नई दिल्ली) के अध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात की।आचार्य विकास पाठक ने दोनों को काशी विश्वनाथ का अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान आशुतोष कुमार अमीत ने केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू व रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार से पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत अथमलगोला रेलवे स्टेशन ट्रेन संख्या 18183/84 टाटानगर बक्सर एक्सप्रेस व 13331/32 पटना धनबाद इंटरसिटी की मांग की।केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री के समक्ष अपने प्रतिवेदन में आशुतोष कुमार अमीत ने कहा की अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेनों के ठहराव की मांग वर्षो पूरानी है।

# परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं देने पर थी डिप्रेशन में थी छात्रा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैट्रिक परीक्षार्थी कोमल कुमारी की मौत के बाद मसौढी कै खरजमा गांव मे सन्नाटा पसरा रहा इसके अलावा बरनी हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर बुधवार को दिन भर परीक्षा दिलाने आये अभिभावकों मे गहमागहमी का माहौल रहा,वहीं परीक्षा केंद्र पर कोई अनहोनी की आशंका से सभी मजिस्ट्रेट सहमे दिखे,हलांकि इस घटना के बाद स्थानीय लोगों मे आक्रोश दिखा लोगों ने बताया की दस मिनट परीक्षा केंद्र पर लेट पहुंची तो क्या हुआ कौन सा नियम का उलंघन कर दिया आदी सवालों के बौछार होती रही, बहरहाल मसौढी थाने में मृतक कोमल की नानी लक्ष्मीनिया देवी पति भोजी यादव गंगाचक मालिकाना के बयान पर मसौढ़ी थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। गौरतब है कि मैट्रिक की परीक्षार्थी कोमल कुमारी बरनी हाई स्कूल में मैट्रिक की परीक्षा दे रही थी, परीक्षा के पहले ही दिन पहले पाली में परीक्षा केंद्र पर 10 मिनट लेट पहुंची जहां दरवाजा नहीं खुला लाख रोते रही फिर भी गेट नभी खुला, जिससे वह डिप्रेशन का शिकार हो गई उसके बाद वहां से निराश होकर लौटी और फिर घर खरजमा न जाकर सिधे अपने नानी के नैहर मसौढ़ी के गंगाचक मालिकाना पहुंची अपने नानी से मुलाकात की उसके बाद कुछ देर वहां से निकल गए और सीधे रेलवे लाइन पर चढ़ गई और रेलवे लाइन के किनारे चलते हुए महाराजचक गांव के समीप कोई अज्ञात ट्रेन से सुसाइड कर लिए देर शाम तक इसकी पहचान नहीं हुई सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के बाद उनके परिजनों तक यह तस्वीर पहुंची और सबसे पहले उनकी नानी ने पहचान की और देर शाम तकरीबन 8:00 बजे थाने पहुंचकर पुलिस से पहचान करके पूरे मामलों की बात बताई।

# वीबी जीरामजी से बदलेगी गांवों की तस्वीर,होगा बेहतर रोजगार, पंचायत स्तर पर जागरूकता चौपाल की तैयारी



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण बेरोजगारी और पलायन पर रोक लगाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत-जी राम जी को वित्तीय वर्ष 2026-27 से प्रभावी रूप से लागू करने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय भवन में कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश नंदन की अध्यक्षता में कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जनसंवाद के दौरान मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश नंदन ने योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर गतिविधियां शुरू की जायेगी,सभी मुखिया और पंचायत समितियों को प्रस्तावित योजनाओं की एंट्री अनिवार्य रूप से युक्तधार पोर्टल पर कराने का निर्देश दिया गया है।ग्राम पंचायतों को श्रमिक पंजीकरण, जॉब कार्ड जारी करने तथा कम से कम 50 प्रतिशत कार्यो के निष्पादन की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही योजना की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए दीवार लेखन भी कराया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि विकसित भारत-जी राम जी योजना मनरेगा से अधिक प्रभावी साबित होगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

# कभी शराब बनाने के लिए बदनाम रहा कोलहाचक मुसहरी, अब मुसहर समाज के लिए बन गया नजीर, नहीं बनती है शराब, लिया है लोगों ने संकल्प



**शशि तुलस्यान**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के बाद शराब बनाने के कार्य में बदनाम रहा मुसहरी के बीच एक अच्छी खबर यह है कि पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में एक एक ऐसा मुसहरी जहां के रहने वाले मुसहर समाज के लोग अब शराब नहीं बनाते हैं न पीते हैं ना पिलाते हैं और ना ही बेचते हैं।

यह तस्वीर है मसौढ़ी अनुमंडल के धनरूआ प्रखंड के संडा पंचायत के कोलहचक मुसहरी की, जहां तकरीबन 50 घर में ढाई सौ परिवार मांझी समाज के रहते हैं और यह प्रयास सबों की एकजुट निर्णय से हुआ है, हालांकि इसके पीछे कहानी भी दिलचस्प हैं कोल्हाचक मुसहरी के रहने वाले एक युवा समाजसेवी रंजन मांझी ने यह तय किया कि अब हमारे मुसहरी में शराब नहीं बनेगा और ना ही पियेगे और पिलाएंगे यह संकल्प लेते हुए इस अभियान की शुरूआत की तकरीबन 3 महीने के अंतराल में पूरे मुसहरी के सभी लोगों को एकजुट करते हुए संकल्प लिया और और एक दिन ऐसा आया कि सबों ने एकजुट होकर शराब बनाने वाले उपकरण को सबके सामने तोड़ते हुए संकल्प लिया। हालांकि ऐसा हुआ इसलिए हुआ क्योंकि लगातार मुसहरी में कई लोगों की कम उम्र में ही मौत हो जा रही थी, शराब पीने से कई लोग बीमार पड़ रहे थे,वहीं लगातार पुलिस की कार्रवाई भी चल रही थी, तोड़फोड़ हो रहा था उसे दौरान महिलाओं के साथ आपाताजनिक घटनाएं भी घट रही थी। ऐसे में इस घटना क्रम को देखते हुए मुसहरी समाज के कुछ युवाओं ने बैठकर कर निर्णय लिया कि अब हम सभी मुसहरी के लोग जो शराब बनाने के लिए बदनाम है इसे छोड़ेंगे।

निर्णय तब रंग लाई जब पूरे गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि अब हम शराब नहीं बनाएंगे,जिसमें रंजीत मांझी राजेश मांझी करमु मांझी, शेष मांझी, दूधनाथ मांझी, शिक्षक उपेन्द्र मांझी, सुनीता देवी, रूबी देवी डौली देवी,आदी रही। आज के वर्तमान स्थिति में हालत यह है कि उसे पूरे मुसहरी में किसी भी घर में चले जाइए शराब नहीं बनती है,कुछ अपवाद हो सकते है। पूरे पटना जिला में यह मुसहरी अन्य मुसहरी के लिए नजीर पेश की है। कोलहाचक मुसहरी के सभी पुरुष और महिला अब मजदूरी कर अपने बाल बच्चों की परवरिश कर।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक परीक्षा से 27 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**बिहिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित तीन परीक्षा केन्द्रों प्लस टू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा प्लस टू उच्च विद्यालय एवं यूनिवर्सल प्लस टू पब्लिक स्कूल पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच मंगलवार से शुरू मैट्रिक परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। तीनों परीक्षा केन्द्रों पर दोनों पालियों में कुल 2176 परीक्षार्थियों को शामिल होना था परन्तु पहले दिन की हिन्दी व उर्दू विषयों की परीक्षा से कुल 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताया जा रहा है कि हिन्दी भाषा की परीक्षा से जहां 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वहीं उर्दू भाषा के कुल 50 परीक्षार्थियों में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रही। वहीं मैट्रिक परीक्षा को लेकर बिहिया नगर में आम दिनो से अलग काफी भीड़ दिखी।

### अज्ञात अधेड़ महिला का शव बरामद

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के सहार थाना क्षेत्र के करवासीन गांव के बालू घाट के किनारे से एक अज्ञात 52 वर्षीय अधेड़ महिला का शव बरामद हुआ है। मृतका के चेहरे पर काला लाल धब्बा जैसा निशान एवं सड़ा हुआ पाया गया है। शव मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।।सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य को इकट्ठा किया। इसके बाद स्थानीय थाना द्वारा शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया गया। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात अधेड़ महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। हालांकि खबर लिखे तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

### यूनिक पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक परिभ्रमण दल राजगीर रवाना



**उदवंतनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पर्यटक व दर्शनीय स्थलों को नजदीक से निहारने तथा उसके संबंध में विशेष जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से शैक्षणिक परिभ्रमण दल को सामाजिक कार्यकर्ता शशि कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उदवंतनगर प्रखंड के कसाप गांव स्थित युनिक पब्लिक स्कूल के बच्चे तथा शिक्षक परिभ्रमण दल में शामिल हुए।युनिक पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सह प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार ने बताया कि परिभ्रमण दल सबसे पहले पटना के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान देखेगा। उसके बाद राजगीर, पावापुरी व नालंदा के दर्शनीय व ऐतिहासिक स्थलों को देखेगा। परिभ्रमण दल में 36 छात्र छात्राएं शामिल हुईं। परिभ्रमण दल के साथ जाने वाले शिक्षकों में प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार, शिक्षक गौतम कुमार, संजय कुमार पांडेय, विकास कु सिंह, रीता कुमारी, काजल कुमारी, सहयोगी राम लखन सिंह,चंदलीला देवी मुख्य थे।

### बिहिया तथा बहोरनपुर थाना में जनता दरबार आज

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर भोजपुर एसपी द्वारा फरवरी 2026 में जिले के विभिन्न स्थानों में जनता दरबार सह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों का निरीक्षण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एसपी आम जनता से जुड़े मामलों को सुनेंगे और उनका त्वरित समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। पुलिस जनता संबंध मजबूत करने एवं पुलिसिंग की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह भ्रमण आयोजित किया गया है। एसपी ने बताया कि आगामी 20 फरवरी 26 (शुक्रवार) को बिहिया थाना तथा उसी दिन बहोरनपुर थाना में जनता दरबार सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जनता दरबार सह भ्रमण कार्यक्रम में आमलोग अपनी समस्याओं को सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखेंगे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में बाप-बेटी समेत चार जख्मी

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरा-बड़हरा मार्ग पर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के लौहर गांव के समीप बुधवार की दोपहर दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री समेत चार लोग जख्मी हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक बाइक पर सवार बड़हरा थाना क्षेत्र के फरना गांव निवासी 39 वर्षीय दशरथ प्रसाद, उनकी 15 वषीर्या पुत्री सोनी कुमारी एवं दूसरे बाइक पर सवार उसी थाना क्षेत्र के नेकनाम टोला गांव निवासी राजकुमार राय का 15 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार एवं सत्येंद्र राय का 16 वर्षीय पुत्र संजय यादव शामिल है। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार दशरथ प्रसाद अपनी बेटी सोनी कुमारी को लेकर उसका दवा लाने के लिए सरैया बाजार जा रहे थे। जबकि दूसरे बाइक पर सवार संजय यादव एवं छोटू यादव मैट्रिक का परीक्षा देने के लिए आ रहे थे। उसी दौरान लौहर गांव के समीप दोनों की बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे चारों जख्मी हो गए। डायल-112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उन्हें इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा पीएचसी लाया गया। जहां से परिजन द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाया गया।

### एसपी ने किया पुलिस निरिक्षक कार्यालय का निरीक्षण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसपी डॉ शौर्य सुमन ने बुधवार को पुलिस अंचल कार्यालय का निरीक्षण किए। उन्होंने साफ-सफाई और अन्य चीजों का जायजा लिए। इस दौरान एसपी ने पुलिस अंचल से संबंधित विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन कर अपराध नियंत्रण से जुडे विभिन्न विन्दुओं पर पुलिस पदाधिकारी से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर नरकटीयागंज एसडीपीओ जेपी सिंह,पुलिस इनस्पेक्ट राजीव कुमार इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता मौजूद रहें

### अगलगी से हजारों की सम्पत्ति राख

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड थाना क्षेत्र के सेमरवारी गांव में मंगलवार की देर रात आग लगने से हजारों की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालेश्वर यादव के घर में अचानक आग लग गई। लोग जब तक सोचते-समझते तब तक आग विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों की अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

### निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर 22 फरवरी को



**शिविर में मरीजों को दिया जाएगा निःशुल्क परामर्श**

आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप 'फिजियोहिल' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में आगामी 22 फरवरी 26 को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि 22 फरवरी को निःशुल्क फिजियोथैरेपी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मरीज को निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में कमर दर्द, कूल्हे में दर्द, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द, एड़ी में सूजन व दर्द, शरीर में लकवा, घुटने का दर्द, खेल संबंधित मांसपेशियों में चोट, फ्रैक्चर व सर्जरी के बाद अक-ड़न का इलाज, हाथ व पैरों में झनझनाहट एवं सुन्नपन वाले मरीज निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि कैंप में रजिस्ट्रेशन कराने पर मरीजों को इलाज में विशेष लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया इस वर्ष अगामी 29 मार्च, 19 अप्रैल, 24 मई, 28 जून, 26 जुलाई, 23 अगस्त, 25 अक्टूबर एवं 29 नवंबर को निःशुल्क फिजियोथैरेपी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। वही विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति अगामी 7-8 सितंबर 2026 को दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सभी लाभार्थियों का शिविर में भाग लेना अनिवार्य



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उद्योग केंद्र, मोतिहारी द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के उन सभी लाभार्थियों को सूचित किया जाता है जिनका बैंक से ऋण स्वीकृत हो चुका है, परंतु राशि का वितरण लंबित है, उनके लिए अनिवार्य 10 दिवसीय ऑफलाइन उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण 18 फरवरी से शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला उद्योग केंद्र के परिसर में 28 फरवरी तक चलेगा। सभी संबंधित लाभार्थी, जिनका ऋण स्वीकृत है लेकिन ट्रेनिंग बाकी है, वे तुरंत अपने ऋण स्वीकृति पत्र, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ कार्यालय में उपस्थित हों। नियमों के अनुसार, इस प्रशिक्षण को पूरा किए बिना बैंक द्वारा ऋण की राशि खाते में नहीं भेजी जा सकती है। अतः ऋण वितरण की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए सभी लाभार्थियों का इस शिविर में भाग लेना अनिवार्य है।

# 2030 में बिहार की जनता तेजस्वी यादव को बनाएगी मुख्यमंत्री : विनोद यादव

## राजद और ओसामा साहाब पर बिहार के अल्पसंख्यकों का भरोसा : विनोद यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता विनोद यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पार्टी के भीतर चल रही खींचतान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जगदीशपुर में राजद के भीतर बिखराव की स्थिति पैदा हो रही है, जिससे कार्यकर्ताओं को सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व विधायकों की लड़ाई से पार्टी को नुकसान हो रहा हैं। विनोद यादव ने क्षेत्र के दो पूर्व विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी आपसी लड़ाई पार्टी की जड़ों को कमजोर कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सचेत किया कि वे किसी के बहकावे में न आएं। यादव ने कहा, "यहाँ के दो-दो पूर्व विधायक आपस में लड़ रहे हैं, जिसका सीधा नुकसान पार्टी संगठन को हो रहा है।

**फर्जी सदस्यता अभियान पर बड़ा खुलासा**

प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने सदस्यता अभियान में हो रही धांधली का भी जिक्र किया। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग घर बैठकर ही सदस्यता रसीदें 'हसुआ' से काट रहे हैं और केवल खानापूर्ति के लिए पैसा ऑफिस में जमा कर देते हैं। उन्होंने इसे पार्टी के साथ धोखाधड़ी करार दिया।

**2030 में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना**

विनोद यादव ने आगामी राजनैतिक लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम सभी लालू प्रसाद यादव के सच्चे सिपाही हैं। हमारा एकमात्र लक्ष्य 2030 में तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है। इसके लिए उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

**बाहरी ताकतों से सावधान रहने की हिदायत**

ओवैसी जैसे नेताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा किः "ओवैसी जैसे लोग चुनाव के समय आएंगे, अपना नेतृत्व करेंगे और चले जाएंगे। हमें उनके बहकावे में नहीं आना है। आगे उन्होंने कहा कि दिवंगत पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा साहब को लेकर विनोद यादव ने स्पष्ट किया कि बिहार का मुसलमान और उनके नेतृत्व की ओर देख रहा है राजद का असली सच्चा हितैसी ओसामा साहब है। बिहार के अल्पसंख्यकों का भरोसा राजद और ओसामा साहब पर है और उन्हीं के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ेगा।

# दो वाहनों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, यूपी के तीन तस्कर गिरफ्तार

## उक्त वाहनों से कुल 2304 पीस में 494.88 लीटर शराब जप्त

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को लेकर डीएम तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश के नेतृत्व में मद्यनिषेध विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में विदेशी शराब जप्त किया है। बुधवार को वाहन जांच के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर ख्वासपुर सड़क पुल के पास (थाना-ख्वासपुर, जिला-भोजपुर) से एक महिंद्रा बोलेरो से 132 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया, वाहन पर झारखंड का निबंधन संख्या अंकित पाया गया एवं कायमनगर सब्जी मंडी के (थाना-गीधा, जिला-भोजपुर) से एक महिंद्रा कम्पनी का एक्स यूभी 300 कार से 362.88 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया, कार पर बिहार पटना का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। साथ ही कार के अंदर से एक अन्य नंबर प्लेट पाया गया जिस पर हरियाणा का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। गिरफ्तार तस्करो में यूपी के बलिया जिले के दोकटी थाना अंतर्गत कोडरा वार्ड नंबर दो निवासी कृष्णा कुमार यादव, धन्जी यादव एवं सुनील यादव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तीनों को अग्रतर कार्रवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द किया गया। उक्त वाहनों से कुल 2304 पीस में 494.88 लीटर जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 06 लाख रुपये आँका गया। जप्त शराब को क्रमशः उत्तर प्रदेश एवं चण्डीगढ़ से भोजपुर लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# भगवत भजन से ही होती है सुखों की प्राप्ति : देवराहाशिवनाथ

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संत श्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज के सान्निध्य में बिहिया चौरास्ता स्थित जीओ पेट्रोल पंप के पीछे पूरब टोला दोघरा में होनेवाले श्रीविष्णु महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञमंडप की परिक्रमा करने हेतु श्रद्धालुओं की भाड़ी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं काशी के प्रसिद्ध आचार्य पंडित डाक्टर भूपेंद्र पांडे और उनके सहयोगियों के द्वारा यजमानों को हवन कराया गया। वहीं हवन के पश्चात श्रद्धालुओं के द्वारा संतश्री की महाआरती हुई। महाआरती के बाद श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए संतश्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज ने कहा कि जैसे रेल के पटरी पर बस नहीं चलता सकता है , वैसे ही जीव का मन दुःख नहीं खोजता है। सभी जीव का मन सुख शांति और आनंद खोजता है।वह सुख शांति और आनंद केवल भगवान के नाम का भजन और यज्ञ जैसे धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से ही मिल सकता है। भगवान राम के राज्य में कोई भी जीव दुखी नहीं था।इसका एकमात्र कारण यह था कि सभी जीव ईश्वर का भजन और कीर्तन किया करते थे। यहां तक कि उन लोगों के द्वारा किया गया हर कर्म भगवतमय था। जिससे सभी सुखी और आनंदित थे। भगवतमय वृत्ति होने के कारण अयोध्यावासियों को सुख दुःख का भान ही नहीं था। अयोध्यावासियों के हृदय में बस एक ही भाव था , केवल राम के सुविचार और उनका स्वरूप।जिस कारण न तो वहां के लोगों को शारीरिक ताप था।न मानसिक ताप था और ना ही दैविक ताप था।वहीं इसके बाद अयोध्या के जनकदुलारी आदर्श बाल रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उदय सिंह, राजेश्वर पासवान लोजपा रामविलास, हरेंद्र सिंह उर्फ मंटू सिंह, रामभरोसा जी,राजू यादव, अभिजीत मिश्रा,शंभू प्रसाद चौरसिया, गुड्डू सिंह बबुआन, वीरेंद्र सिंह, सहित सभी समस्त ग्रामीण और सदस्य दिन रात एक किए हैं।

# ट्रक से कुचलकर सेवानिवृत कर्मी की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के स्टेशन चौक पर बने डिवाइडर के पूर्वी छोर पर बुधवार को ट्रक से कुचलकर वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद चालक करीब 200 मीटर आगे जाकर ट्रक छोड़ फरार हो गया। मृतक के पास से एक पर्ची बरामद हुई है। मृतक की पहचान बगहा के बौद्ध नगर न्यू कॉलोनी वार्ड 24 निवासी स्व. जंगी माझी के पुत्र रामधारी मांझी (61) के रूप में की गई है। रामधारी मांझी 1 साल पूर्व मापतौल विभाग सेवानिवृत हुए थे। वे शुगर का इलाज कराने बगहा से बेतिया आए थे। घटना की सूचना मिलते ही यातायात डीएसपी अतनु दत्ता, नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ट्रक मालिक के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वृद्ध पश्चिम दिशा से आकर डिवाइडर के पूर्वी छोर से शहर की ओर पैदल जा रहे थे।

# लिंग निर्धारण एवं असमानता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** आरा स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में 'समसमायिक परिदृश्य में लिंग निर्माण एवं असमानता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन विभाग के सेमिनार हॉल किया गया जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अवध बिहारी सिंह ने किया। इस आयोजन में मुख्यवक्ता प्रो. प्रमोद कुमार सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष, तिलका मांझी भागलपुर, विश्वविद्यालय तथा सह व्यक्ता डॉ. मनीषा कुमारी, गंगा देवी महिला कॉलेज, पटना थे। तथा सेमिनार के संयोजक डॉ. मनीष कुमार एवं कार्यकरणी सदस्य डॉ. रीना कुमारी, प्रेम शंकर सिन्हा थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर गई तत्यपश्चत कुलगीत खुशबू पांडेय, रोशनी तिवारी, प्रियंका, रंजू कुमारी एवं स्वागत गीत ज्योति कुमारी है। सेमिनार का संचालन संयुक्त रूप से शोधार्थी सर्वज्ञा श्री और सर्वेश्वरी सिंह ने किया। कार्यक्रम की रूप रेखा डॉ. रवि शंकर सिंह प्रस्तुत की। मुख्यवक्ता ने कहा कि पश्चात संस्कृति जो हमसे आगे होने का दभ भरती है वहां भी गृह कार्यों की जिम्मेदारी महिलाओं की है । भारतीय समाज मे अभी भी एक महिला की स्थिति वैवाहिक स्थिति से निर्धारित होती है। डॉ. मनीषा कुमारी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि विवाहयोत्तर महिलाओं का घर छोड़ना उनके स्थिति को पैतृक घर में अवमूलित करती है प्रो. अवध बिहारी सिंह ने आने आध्यक्षीय भाषण में कहा कि यह आयोजन एक प्रयास था समाज मे हमारे नव युवकों के द्वारा शैक्षिणक जागरूकता एवं समाज मे समन्वय व समानता लाने का प्रयास था। इस सेमिनार की सफलता से प्रोत्साहित हो कर विभाग अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन जल्द ही करेगा और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा को एक जीवंत शैक्षिणक संस्थान के रूप मानचित्र पर स्थापित करेगा है। इस सेमिनार में डॉ. मनोज कुमार दीक्षित, सामाजिककर्त्ता अखिलेश कुमार सिंह, अतिथि शिक्षक पंकज सुधांशु, अनेक शोध छात्र व छात्रा एवं स्नातकोत्तर हरिओम कुमार आदि उपस्थित थे।

# सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएंगे : महापौर



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ, सुगम एवं आधुनिक नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में विभिन्न आधारभूत एवं जनहितकारी विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया है। तेजी से बढ़ती आबादी एवं बढ़ते यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं का विस्तार समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा प्रमुख स्थानों पर डीलक्स सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आधुनिक यूरिनल की स्थापना, आमजनों के लिए स्वच्छ पेयजल हेतु पियाऊ (जल स्टैंड) निर्माण, जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मुख्य आरसीसी नाला निर्माण एवं सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था, तथा प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पेवर ब्लॉक (इंटरलॉकिंग) कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने की योजना बनाई गई है। इन विकास कार्यों के अंतर्गत मीना बाजार, छतौनी चौक, अवधेश चौक, बरियारपुर चौक (जीरो माइल), जानपुल चौक, बलुआ चौक, कचहरी चौक, मोतिहारी ब्लॉक परिसर, मिशन चौक तथा कमेटी चौक सहित अन्य प्रमुख स्थलों को शामिल किया गया है, ताकि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित एवं समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# 16 वर्षीय किशोर की मौत के बाद उबाल

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर-भैरोगंज रोड स्थित मोतीपुल पर हुए सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई. मृतक की पहचान कुर्मी टोला वार्ड नंबर 7 निवासी भरत प्रसाद के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है. बताया जाता है कि वह भैरोगंज में अपनी मौसी के घर शादी समारोह में शामिल होने गया था और अहले सुबह मामा सहबाग के साथ लौट रहा था. इसी दौरान ट्रैक्टर के पीछे लगे बडे.हिस्से से टक्कर लगने के बाद वह सीधे मोतीपुल के पानी में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया. एसडीपीओ रागिनी कुमारी, थानाध्यक्ष दीपक कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करते रहे. आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया. इसी दौरान एक एंबुलेंस वहां पहुंच गई,

# रक्सौल एयरपोर्ट भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में मुआवजा भुगतान हेतु रैयतो से आवेदन के लिये कैम्प का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल एयरपोर्ट ग्राउंड में लगातार जिला भू-अर्जन कार्यालय मोतिहारी एवं अंचल कार्यालय रक्सौल के स्तर से भूमि अधिग्रहण प्रकिया में मुआवजा भुगतान हेतु रैयतों से आवेदन प्राप्त के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक हो रहा है जिसका मॉनिटरिंग अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल,उड रक्सौल , जिला भू अर्जन पदाधिकारी मोतिहारी एवं सहायक जिला भू अर्जन पदाधिकारी मोतिहारी द्वारा किया जा रहा है। रैयतों को लगातार जल्द से जल्द आवेदन देने हेतु अपील भी की जा रही है ' कैंप में सांसद संजय जयसवाल का भी आगमन हुआ था । उनके द्वारा भूमि अधिग्रहण प्रकिया में अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई एवं इसमें तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया।

### जितना पुलिस ने किया बिजबनी गांव से 60.4 किलो गांजा जब्त




**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने मंगलवार रात बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर बिजबनी गांव निवासी बैजू यादव के गोआस से छापेमारी कर 60.4 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा चार बंडलों में था। इस कार्रवाई से क्षेत्र के नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।पुलिस को बिजबनी गांव में अवैध रूप से गांजा के भंडारण और तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने मंगलवार रात संदिग्ध स्थान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान बैजू यादव के घर से गांजे के चार बंडल मिले। जब्त गांजे को विधिवत सील कर थाने लाया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गांजा कारोबारी बैजू यादव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# समकालीन अभियान में मझौलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 8 अभियुक्त गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस कप्तान के निर्देश पर चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत मझौलिया थाना पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता स्पष्ट दिखी है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि विशेष छापेमारी अभियान चलाकर अलग-अलग गांवों से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मझौलिया देवानटोली से मनान देवान, मोटर देवान एवं सराजुल देवान को पकड़ा गया। वहीं लालसरैया से अमेरिका चौबे, करमवा से अनिरुद्ध प्रसाद एवं पन्नालाल कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा रामपुरवा से सहजाद आलम तथा पुरशोतीपुर से दीपक यादव को भी पुलिस ने दबोच लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिवत स्वास्थ्य जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# चिरैया पुलिस ने मनिहारी दुकान में सूखा नशा बेचते दुकानदार को किया गिरफ्तार



**चिरैया (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में नशीले पदार्थों के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने माधोपुर स्थित एक श्रृंगार सामग्री (मनिहारी) की दुकान में छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में सूखे नशे से संबंधित सामग्री को बरामद किया गया है। इस दौरान पुलिस ने दुकानदार उक्त गांव निवासी स्वर्गीय वकील अहमद के पुत्र 50 वर्षीय शमीम अहमद को गिरफ्तार किया है। तलाशी के क्रम में दुकान से गांजा, नशा करने वाला सिरप, ह्लगो-गोह्ल नामक नशीला पदार्थ, नशीली गोलियां तथा चिलम समेत अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। सभी बरामद वस्तुओं की विधिवत जब्ती सूची तैयार कर उन्हें जप्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में युवाओं को नशे की लत से बचाने और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# देखा गया रमजान का चांद, पवित्र माह रमजान आज से शुरू

## जरूरतमंदों में वितरित किया गया रमजान किट



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इबादतों, रहमतों व बरकतों का पवित्र महीना रमजान-उल-मुबारक का चांद बुधवार को देखा गया। शिया और सुन्नी चांद कमेटियों ने चांद दिखने की घोषणा कर दी हैं। इसकी तस्दीक होते ही लोग गुरुवार से रमजान के रोजे रखने की तैयारी में मशगूल हो गये। सेहरी के इन्तेजाम में लोगों की भीड़ से बाजार गुलजार हो गए। शीरमाल, नान, बाकरखानी और दूध व मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ देखी गयी। वहीं यह नियम है कि चांद देखे जाते ही रमजान की विशेष नमाज तरावीह की शुरूआत हो जाती है। लोग इसके लिए मस्जिद और चिन्हित जगहों पर पहुंचने की जल्दी में दिखे।

**सज गईं खजूर की दुकानें, दाम 120 से 2000 तकः**

रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है। हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए। ऐसे खजूर की मांग है जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो। रोजेदारों की पसंद को देखते हुए बाजार में बड़े चमचमाते काले कलमी खजूर आ गए हैं। इसके कई प्रकार हैं। जो 120 से लेकर 2000 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं। ईरानी 130, कीमिया 270, रब्बी 300, फर्द 400, अम्बर 500, कूबा 1100, अजवा 2000 से 3000 रुपये और चटाई खजूर 100 रुपये किलो है।

**जरूरतमंदों को प्रदान किया गया रमजान किटः**

शहर के करीमचक स्थित फरहत कदा में जरूरतमंद लोगों को रमजान किट वितरण किया गया। मौके पर आयोजक समाजसेवी सैयद मेराज हुसैन ने कहा कि रमजान दया, त्याग और आपसी सहयोग का संदेश देता है। जरूरतमंदों का ख्याल रखना ही असली इबादत है। सक्षम लोगों को अपने आस-पास के जरूरतमंद लोगों का खास ख्याल रखना चाहिए। उनके साथ अपनी खुशियां बांटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की भलाई की कोशिशें समाज में प्यार, भाईचारा और एकजुटता को बढ़ावा देती हैं। सामाजिक रिश्ते मजबूत करती हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से रमजान आने से पहले जरूरतमंद परिवारों में रमजान किट बांटने का काम चल रहा है। रोजेदारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन किट में बुनियादी जरूरतें शामिल की जाती हैं। ताकि वे गरिमापूर्ण तरीके से सेहरी और इफ्तार का आयोजन कर सकें। मौके पर डॉ शहजाद आलम, अब्दुल कय्यूम अंसारी, मो समी-उज-जमां अरशद, हसन इमाम खान, शाहिद अख्तर, राशिद, दस्तगीर, अरमान, अमन और मुहम्मद हुसैन आदि उपस्थित थे।

# कायाकल्प टीम ने सीएचसी रफीगंज का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में केंद्रीय कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया। टीम में शामिल डॉ. साक्षी कुमारी एवं डॉ. सैयद तारिक अहमद ने अस्पताल परिसर का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, बागवानी, स्टोर, लैब, ऑपरेशन रूम, वार्ड, ओपीडी, दवा काउंटर तथा रिसेप्शन काउंटर सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया गया। टीम ने संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों की भी जांच की। जांच के उपरांत व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सीएचसी रफीगंज को पूर्व में भी कई बार कायाकल्प सहित अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी स्वास्थ्य कर्मियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।



इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, पिरामल से जितेन्द्र कुमार, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक विकास कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार, नदीम अख्तर, रंजीत कुमार, जीएनएम सुमन कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, जयंती माला, एएनएम रंजना कुमारी, आशा सिन्हा, सुषमा, दावन तिग्गा, एनी होर, हेलेना, सुमित्रा कुमारी, डाटा ऑपरेटर अजहर तथा सफाई सुपरवाइजर लाल बहादुर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## चालक सहित बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के सिहाड़ी बाजार स्थित हनुमान मंदिर के समीप एनएच 120 पथ से हसपुरा पुलिस ने अवैध खनन का बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त के साथ चालक को बुधवार की अहले सुबह गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चालक दाउदनगर थानाक्षेत्र के दशई विगहा निवासी रंजीत राज है। उन्होंने कहा कि बालू लदा ट्रैक्टर दाउदनगर कि ओर से आ रही थी। पुलिस को देख चालक भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस खदेड़ कर चालक को पकड़ते हुए बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त करते अवध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए चालक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

# जिले में धड़ल्ले से हो रहा ओवरलोड टेंपो का परिचालन

**बगैर लाइसेंस के सड़क पर टेंपो दौड़ाते हैं चालक**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में ओवरलोड टेंपो का परिचालन इन दिनों काफी तेजी से होता जा रहा है। जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर तेजी के साथ दौड़ रहे ओवरलोड टेंपो से इन दिनों काफी हादसा हो रहा है। टेंपो चालकों के द्वारा किए जा रहे लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटना घट रही है। बता दें कि पिछले एक माह में टेंपो की टक्कर और अन्य सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों ने अपनी जान गंवा दी है जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना का कारण टेंपो चालकों की लापरवाही और यातायात नियमों का पालन नहीं करना ही है। यहां तक की कई टेंपो चालक बिना ड्राइविग लाइसेंस के वाहन चला रहे हैं। इसके अलावा टेंपो चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को ठुंसकर टेंपो को जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर दौड़ाते हैं। यहां तक की कई बार चालक अपनी सीट पर दोनों और यात्रियों को बैठा लेते हैं और खुद तिरछा होकर वाहन चलाते हैं जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना हो जाती है। बराटपुर के जीतेंद्र सिंह, अंकित सिंह बताते हैं कि टेंपो चालकों की नियमित जांच, सड़क पर सख्त निगरानी और बिना परमिट या बिना लाइसेंस वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई ही इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है। इतना होने के बावजूद भी परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

# न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** एमी बाग स्थित न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक, प्राचार्या एवं नगर के गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आरा की मेयर इंदु देवी, अरुण कुमार सिंह, के.एन. सिन्हा, भाई ब्रह्मेश्वर तथा डॉ. विमला सिंह सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।



समारोह की शुरुआत यूकेजी की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान मिशन पर आधारित प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं पुलिस, सैनिक और किसान विषय पर आधारित नृत्य, महिला क्रिकेट टीम पर प्रस्तुति, बिहू, झिझिया एवं राजस्थानी लोकनृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित नाट्य मंचन, योगा डांस तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्साहमय बना दिया। कार्यक्रम में जानवी, गौरी, शिवाय, प्रशांत, दर्शिता, आराध्या, अनम, दृष्टि, वैष्णवी, अनन्या सहित 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

विद्यालय की प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के साथ संस्कारयुक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। समारोह के दौरान शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## नाली के पानी से गुजर कर स्कूल जाने को मजबूर नौनिहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्कृष्ट विकास कार्य करने के लिए आकांक्षी प्रखंड कुटुंबा का चयन पीएम अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस के लिए किया गया है। परंतु हर पंचायत में ऐसे दसियों गांव हैं जो गली और नाली जैसी कई मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहें हैं। ऐसे मामले कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के विकास के कागज़ी दावों की पोल खोल रहें हैं। ग्राम पंचायत पिपरा बगाही का प्राथमिक विद्यालय रतनुआ आज भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है। ग्रामीण भोला कुमार चौहान ने बताया कि स्कूल के खेल मैदान में पुरे गांव के नाली का पानी बहता है। मैदान में सालोंभर गंदे पानी का जमाव रहता है। जिससे उठती दुर्गंध के कारण बच्चों को गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। बच्चें और शिक्षक नाली के गंदे पानी से गुजरकर स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं।

# पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्रदेव यादव की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**एक कुशल संगठनकर्ता तथा समर्पित कार्यकर्ता थे इंद्रदेव यादव**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवंगत इन्द्रदेव यादव की आत्मा की शांति हेतु बुधवार को शहर के कुंडा हाउस में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। सभा की अध्यक्षता व संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने की।

इस अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे व्यक्ति नही व्यक्तित्व थे। उनका मार्गदर्शन हमें सदैव प्राप्त होता रहता था। वे एक कुशल संगठनकर्ता तथा समर्पित कार्यकर्ता थे। उनका व्यक्तित्व सभी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। वे मेरे अग्रज थे उनकी मृत्यु समाज के साथ साथ व्यक्तिगत क्षति है, नजदीक समय मे जिसकी भरपाई संभव नही है।




वरीय भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि उनका जाना एक युग का अंत है। साथ ही यह विचार करने का वक्त है कि एक कार्यकर्ता ने जीवन मे क्या पाया? अध्यक्षीय भाषण देते हुए पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि वे मेरे राजनीतिक गुरु थे। पिता के समान सदा सही राह दिखाते रहते थे। एक वकील के रूप में वे सदा समाज से जुड़े रहे और किसी गरीब को आर्थिक अभाव के कारण कानूनी सेवा से वंचित नही होने दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिवनंदन जी, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिता सिंह, अजय श्रीवास्तव, रामकेवल सिंह, प्रो अटल बिहारी वाजपेयी, लोजपा नेता विजय अकेला, कांग्रेस नेता धीरेंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, मुस्ताख़ अहमद, विकास कुमार बारूद, जुलेखा खातून, दीपक कुमार, लालदेव यादव, इंदू सिंह, देवंती देवी, पूर्व मुखिया सुरेंद्र गुप्ता, अश्विनी तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# होली को लेकर बाजारों में दिख रही रौनक, रंग-गुलाल और पिचकारियों की बढ़ी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रंगों का पर्व होली नजदीक आते ही शहर से लेकर गांव तक के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। मुख्य बाजार और कपड़ा बाजार की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे, टोपी और बच्चों के लिए कार्टून प्रिंट वाली पिचकारियों की बिक्री में खासा इजाफा देखा जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार त्योहार को लेकर लोगों में पहले से ज्यादा उत्साह है, जिसका असर बाजार की चहल-पहल में साफ नजर आ रहा है। व्यापारियों का मानना है कि होली के कारण बाजार में अच्छी आमदनी की संभावना है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद जताई जा रही है।



शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अस्थायी दुकानें सज चुकी हैं। लाल, गुलाबी, हरे और पीले रंग के साथ-साथ हर्बल गुलाल की मांग तेजी से बढ़ी है। कई ग्राहक अब केमिकल रंगों से बचते हुए प्राकृतिक और त्वचा-हितैषी गुलाल खरीदना पसंद कर रहे हैं। थोक विक्रेताओं के अनुसार पिछले बार की तुलना में खुदरा बिक्री में लगभग 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है।

बच्चों और युवाओं में तरह-तरह की पिचकारियों को लेकर खास उत्साह है। बाजार में टैंक वाली बड़ी पिचकारी, कार्टून थीम, सुपरहीरो डिज़ाइन और बैटरी चलित स्प्रे गन आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। स्कूलों की छुट्टियों से पहले ही अभिभावक बच्चों के साथ खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। होली पर नए कपड़े पहनने की परंपरा को देखते हुए कपड़ा बाजार में भी रौनक बढ़ी है। सफेद कुर्ता-पायजामा, टी-शर्ट, जींस और महिलाओं के लिए सूट-साड़ी की बिक्री में उछाल आया है। दुकानदारों ने विशेष होली ऑफर भी शुरू किए हैं, जिससे ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। त्योहार के मद्देनजर प्रशासन भी सतर्क है। बाजारों में भीड़ को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थों और नकली रंगों की जांच के लिए छापेमारी अभियान चलाए जाने की तैयारी है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाएं।

# बेरी गांव स्थित पुल पर रेलिंग न होने से कभी घट सकती है दुर्घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर-कासमा मुख्य पथ के बेरी गांव के समीप पुल पर रेलिंग न होने से इन दिनों लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बिना रेलिंग के पुल से कभी भी दुर्घटना हो सकता है। क्षेत्र के लोगों ने अधिकारियों से मांग की है कि बिना रेलिंग के बने पुल पर रेलिंग का निर्माण कराया जाए ताकि हादसा न होने पाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण पुल में रेलिंग नहीं है। बता दें कि करीब 22 वर्ष पहले सिंचाई विभाग द्वारा पुल का निर्माण कराया गया था। बता दें कि पुल वर्षों से रेलिग विहीन है। इस पुल में गिरकर कई लोग घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने पुल के निर्माण को लेकर कई बार अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से आवेदन भी दिया परंतु स्थिति जस की तस है। पुल रेलिंग विहीन होने के कारण कई बच्चे व अन्य व्यक्ति इस पुल से गिरकर घायल हो चुके हैं। बता दें कि इस पुल से होकर हरि बिगहा, बेरी, खिरियावां, मदनपुर, कासमा समेत गांव के ग्रामीण आवागमन करते हैं। पुल में रेलिंग लगाने को लेकर ग्रामीणों ने मांग की थी लेकिन इस ओर किसी का ध्यान जाता ही नहीं है। रात्रि के अंधेरे में पुल दिखाई नहीं देता है और वाहन चालक पुल के नीचे गिरकर घायल होते रहते हैं।



# कंचनपुर पथ की स्थिति हो गई बदहाल

**सड़क से होकर आवागमन करने में होती है परेशानी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव से कंचनपुर पथ इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। चांदपुर से केताकी मोड़ तक करीब एक किमी में सड़क जर्जर अवस्था में है। सड़क पर गड्ढें उभर आए हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। यहां तक की रात्रि में साइकिल से या पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बाइक से चलने पर या टेंपो में बैठकर यात्रा करने पर बगल से किसी कार के गुजरने पर गड्ढे का पानी कपड़े पर पड़ जाता है जिससे शरीर का रंग बदरंग हो जाता है। दरअसल यह पथ देव से कंचनपुर तक जाती है। इसी पथ से गोपालपुर मोड़ से केताकी तक एक दूसरी सड़क जाती है। दोनों सड़क मौजूदा समय में जर्जर हो गया है। चांदपुर मोड़ से केताकी मोड़ तक स्थिति दयनीय हो गई है। निर्माण नहीं होने से वर्षा के इस मौसम में झील बन गया है। यह सड़क कई गांवों की लाइफ लाइन है। इसी सड़क से केताकी और कंचनपुर इलाके के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय आवागमन करते हैं। बीमार पड़ने पर देव अस्पताल इसी सड़क से पहुंचते हैं। सटवट गांव निवासी बब्लू कुमार सिह बताते हैं कि सड़क का निर्माण होने की जरूरत है। उनके गांव में संपन्न हुए यज्ञ को लेकर कई जगहों पर गड्ढें में सामग्री भरा गया था। अधिकारियों को सड़क निर्माण के प्रति ध्यान नहीं है।



## फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के तिलकपुरा गांव में फरार चल रहा वारंटी सावित्री देवी पति रितुराज शर्मा के घर पर हसपुरा पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया है। अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि कोर्ट से फरार चल रहा आरोपित सावित्री देवी के खिलाफ इश्तेहार चिपकाने का नोटिस निर्गत था। पुलिस पहले उसे उपस्थित होने के लिए डुग-डुगी पिटवाया और जब उपस्थित नहीं हुई तो आरोपित के घर इश्तेहार चिपकाया गया।

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेलवे सुरक्षा बल ने प्लेटफार्म संख्या तीन एवं चार के बीच से एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि उतर प्रदेश के फैजाबाद जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के अमीर सिंह मिल्कीपुर करमडंडा खास गांव निवासी अखिलेश यादव के 19 वर्षीय पुत्र कुणाल यादव को संदेह होने पर रोका गया लेकिन वह भागने लगा। रेलवे पुलिस घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ा तो उसके बैग से शराब बरामद किया गया। बिहार में पूर्ण शराबबंदी है एवं बिहार प्रदेश के भीतर शराब रखने एवं शराब बेचना खरीदना एवं पीना एक संगीन अपराध है जिसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को सोन नगर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने अलग-अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शम्भु कुमार ने बताया कि बड़गांव गांव निवासी विक्की कुमार को मारपीट के मामले में निर्गत वारंट के आलोक में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं जाखिम सलेमपुर गांव निवासी दिलीप पासवान को शराब से संबंधित मामले में जारी वारंट के आधार पर गांव से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-26-1-1-21-1-सी-ई, दिनांक: 16.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-26-1-1-21-1-सी-ई** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल-निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-शेड्यूल ए1-एईएन/आजिमगंज के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 26/1/1(ई) के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल ए2-एईएन/आजिमगंज के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 26/1/1(ई) के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। शेड्यूल बी1-एईएन/कटवा के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 21/1/सी/ई (एमएल) के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल बी2-एईएन/कटवा के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 21/1/सी/ई (एमएल) के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,28,86,195.34, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,14,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 16.02.2026 को 16.12 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 24.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-627/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# आरा में पीएचईडी मंत्री संजय कुमार सिंह व पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** शहर के सदर अस्पताल रोड पर बुधवार की शाम लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री संजय कुमार सिंह एवं पूर्व एमएलसी सह लोजपा संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडेय का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश रंजन उर्फ पुतुल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं को माला पहनाकर अभिनंदन किया।



स्वागत से अभिभूत मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि सुशासन की सरकार में बिहार का चौमुखी विकास हो रहा है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं और आने वाले समय में बिहार पूरे देश के लिए रोल मॉडल के रूप में स्थापित होगा। पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय ने भी गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति निरंतर जारी है और हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता शशि चौधरी, मुकुल सिंह, उपेंद्र चौधरी, साधु सिंह, मंटू मुखिया, जितेंद्र कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, विपुल सिंह, अमरेश कुमार, टून्ना पासवान, पिंटू सम्राट, अभिषेक सिन्हा, पिंटू चंद्रवंशी, चीकू कुमार, सोनू कुमार, प्रकाश, वीर बहादुर यादव, विजय चंद्रवती, एन.एन. ओझा, नवनीत कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं, शहर के धरहरा पुल पर युवा नेता मयूर के नेतृत्व में भी मंत्री संजय कुमार सिंह और हुलास पांडेय का स्वागत किया गया।

# शराब के नशे में हंगामा युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड अंतर्गत मिश्र बिगहा गांव में पुलिस ने शराब के नशे में हल्ला-हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान प्रिंस कुमार, पिता भोरिक चंद्रवंशी, निवासी शेखपुरा (थाना गोह) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मिश्र बिगहा में एक युवक नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर शोर-शराबा कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को काबू में लेकर गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



थानाध्यक्ष ने कहा कि मद्यनिषेध कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और किसी भी हाल में कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से इलाके में शांति व्यवस्था कायम है।

# अररिया में स्कॉटिश पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल महोत्सव शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में बुधवार को वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम दिवस पर लगभग 400 विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों में 100 मीटर, 50 मीटर, रिले दौड़ एवं कुर्सी दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासित ढंग से "स्कॉटिश" नाम का आकर्षक स्वरूप प्रस्तुत किया। विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। निदेशक अनूप कुमार ने खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।



# विभागीय योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कराएं पूरी : डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में की गई तकनीकी विभागों की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में बुधवार को श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न तकनीकी विभागों की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित निर्माण एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की वर्तमान प्रगति आकलन करना, लंबित कार्यों की स्थिति की समीक्षा करना तथा कार्यों में आवश्यक गति लाने हेतु ठोस रणनीति निर्धारित करना था। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग (बेगूसराय, बखरी, बलिया एवं तेघड़ा प्रमंडल), पथ निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, भवन निर्माण विभाग, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल (बरौनी एवं बेगूसराय) सहित अन्य संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। प्रत्येक विभाग से योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, पूर्णता की संभावित समयसीमा, कार्य में आ रही बाधाओं तथा गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित उपायों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विकास योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। तथा जिन परियोजनाओं में विलंब हो रहा है। उनमें उत्पन्न तकनीकी, प्रशासनिक अथवा भूमि संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों, भवनों, सिंचाई संरचनाओं एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जाए, स्थल निरीक्षण की आवृत्ति बढ़ाई जाए तथा कार्य प्रगति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन समय पर समर्पित किए जाएं। साथ ही आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थलों पर आवश्यक सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में संपूर्णता अभियान 2.0 की प्रगति की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को अभियान अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने तथा अधिकाधिक लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विभागीय समन्वय को और मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आकलन जमीनी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग, पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यसंस्कृति से ही संभव है। अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और जिले के समग्र आधारभूत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित अवधि में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर समाहर्ता बेगूसराय, सिविल सर्जन बेगूसराय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित पदाधिकारी एवं तकनीकी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ठाकुरबाड़ी के नवनिर्माण व सौंदर्यीकरण के लिए चलाएं अभियान : गुप्तेश्वर पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बुधवार को प्रखण्ड के सलौना स्थित बड़ी ठाकुरबाड़ी में प्रसिद्ध कथावाचक और बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय पहुंचे। उन्होंने विश्व माया चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक डॉ रमन झा के नेतृत्व में ठाकुरबाड़ी का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने फूल-माला और अंगवस्त्र से उनका स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। गुप्तेश्वर पांडे ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक की और बड़ी ठाकुरबाड़ी की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसके पूर्ण निर्माण, सौंदर्यीकरण और सनातनी संपत्ति के संरक्षण पर चर्चा की। ठाकुरबाड़ी की विशालता देखकर वे प्रसन्न हुए। लेकिन इसकी खराब हालत देखकर उन्होंने नाराजगी भी जताई और स्थानीय लोगों से इसके रखरखाव में कमी पर सवाल किया। उन्होंने हिंदू सनातनी प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे संगठित होकर एक-एक रुपया इकट्ठा करें और ठाकुरबाड़ी के नवनिर्माण व सौंदर्यीकरण के लिए एक अभियान चलाएं। उन्होंने इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों जैसे मुखिया, वार्ड पार्षद, मुख पार्षद और विधायक को भी शामिल करने का निवेदन किया। पूर्व डीजीपी ने स्वयं भी तन, मन और धन से सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। स्थानीय लोगों ने उनसे बखरी सलौना में कथा वाचन के लिए आने का अनुरोध किया। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जब आपलोग सलौना महान जनता भगवान बुलाएंगे। वे आने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इसके बाद गुप्तेश्वर पांडे उजान बाबा स्थान के लिए रवाना हो गए। वहां उन्होंने उजान बाबा की विशाल बरगद के वृक्ष का बारीकी से अवलोकन किया और आसपास भ्रमण किया। उन्होंने सुझाव दिया कि उजान बाबा स्थान को भी एक बड़े धार्मिक और पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है और इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर क्षेत्र के दर्जनों बुजुर्ग और युवा मौजूद रहे।

## नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई जलभरी

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गजियापुर में नव निर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को रंग बिरंगे परिधानों में सुसज्जित महिला-पुरुष, साधु संत व बच्चें सिर पर कलश रखकर गजियापुर बंगला पानी टंकी से हाथी, ऊंट और घोड़ा व बाजे के साथ निकले। श्रद्धालु सबसे पहले मंदिर परिसर के समीप तृण से बने यज्ञशाला (यज्ञ मंडप) का परिक्रमा करते हुए गजियापुर बांध, लक्ष्मीपुर, सिन्हा बाजार होते सिन्हा गंगा नदी घाट पहुंचें। नदी में स्नान कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जलहरी कर वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। यह आयोजन श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की सत्प्रेरणा से 17 से 23 फरवरी 2026 तक शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। रंग बिरंगे रोशनी व सजावट अत्याधुनिक तरीके से कराया जा रहा है। भक्तों द्वारा जीयर स्वामी जी महाराज शाम में तृण कुटिया से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करवायेगें। आयोजन समिति ने बताया कि परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का पावन आगमन 18 फरवरी को होगा। उनके आगमन के साथ ही गांव में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी। कार्यक्रम इस प्रकार है- 17 से 23 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, 18 को जलभरी, 19 को मंडप प्रवेश, पूजन एवं हवन 19 से 23 तक, 20 फरवरी को शिव परिवार प्रतिमा का ग्राम भ्रमण, नव निर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, 23 फरवरी को पूर्णाहुति व भंडारा होगा।

## ममता बनर्जी देश के साथ कर रही हैं गद्दारी : गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मोहम्मद बिन तुगलक जैसी कार्यशैली है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उन्हें डबल गेम खेलने का आरोप लगाते हुए चेताया। बुधवार को केंद्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयान में कहा गया कि उन्हें मोहम्मद बिन तुगलक जैसी कार्यशैली पसंद नहीं है। इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ममता बनर्जी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ममता बनर्जी देश के साथ गद्दारी कर रही हैं। और उनकी कार्यशैली तुगलक की तरह आदेशात्मक है। सिंह ने कहा कि ममता केवल तुगलकी फरमान जारी नहीं करतीं, बल्कि औरंगजेब की तरह हिंदुओं को दबाने का काम भी कर रही हैं। गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि ममता बनर्जी बांग्लादेशी मुसलमानों के सहारे सत्ता में बने रहना चाहती हैं और इसके लिए बंगाल में हिंदुओं का दबाव बढ़ाने से नहीं हिचकिचातीं। उन्होंने दावा किया कि अब बंगाल के हिंदू जाग चुके हैं और ममता की राजनीति को पहचान चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने ममता बनर्जी की तुलना शेरनी से करने वाले लोगों को भी गलत ठहराया। उन्होंने कहा, वह शेरनी नहीं, बल्कि देश के साथ गद्दारी करने वाली हैं। गिरिराज सिंह ने बाबरी मस्जिद के शिलान्यास का जिक्र करते हुए कहा कि अगर ममता चाहतीं तो शिलान्यास नहीं होने दिया जाता। उन्होंने ममता को स्पष्ट चेतावनी दी कि उनका डबल गेम बंद होना चाहिए, और जो लोग धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्हें भगवान भी माफ नहीं करेंगे। बता दें कि राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह बयान पश्चिम बंगाल में आगामी चुनावी तैयारी के दौरान सियासी आरोप-प्रत्यारोप का हिस्सा है।




## भूमि से जुड़े मामलों को लेकर लोग परेशान, अंचल कार्यालय का लगा रहे चक्कर

### हड़ताल पर हैं राजस्व कर्मचारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र में राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बीते 11 फरवरी से अंचल की नौ पंचायतों में कार्यरत चार राजस्व कर्मचारी सत्रह सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे जमीन संबंधी महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। हड़ताल के चलते म्यूटेशन, नामांतरण, बंटवारा, भूमि मापी, दाखिल-खारिज सहित अन्य राजस्व संबंधित कार्य लंबित पड़े हैं। छात्र-छात्राओं को आवासीय, आय, ईडब्ल्यूएस, जाति प्रमाण पत्र आदि बनाने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सभी अंचल के चक्कर काटते हुए नजर आ रहे हैं। जमीन से जुड़े मामलों के निष्पादन में देरी होने से लोगों को अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। विशेष रूप से किसानों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि भूमि अभिलेख अद्यतन नहीं होने के कारण किसान रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इससे कृषि कार्य और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी अड़चनें उत्पन्न हो रही हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि वे अपनी सत्रह सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उनकी प्रमुख मांगों में ग्रेड पे में बढ़ोतरी, नवनियुक्त राजस्व कर्मचारियों को गृह जिला में पदस्थापित करने की व्यवस्था, सेवा शर्तों में सुधार तथा अन्य सुविधाओं का प्रावधान शामिल है। कर्मचारियों का आरोप है कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। इधर आमजन ने प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान निकालने की

## काम करने के बावजूद भी नहीं मिल रहा मानदेय

### आवास योजना से जुड़े कर्मियों का आठ माह से वेतन लंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से जुड़े कर्मियों को पिछले आठ माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष के बारह महीनों में से आठ महीने का मानदेय लंबित रहने से ग्रामीण आवास सहायकों प्रखंड लेखापाल एवं आवास पर्यवेक्षकों के समक्ष भूखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रखंड की नौ पंचायतों में कार्यरत ग्रामीण आवास सहायक प्रवीण कुमार, राम प्रवेश, सौरभ कुमार, आलोक कुमार, अमन कुमार, प्रकाश मल्लिक, ललन कुमार सहित अन्य कर्मियों ने बताया कि नियमित कार्य करने के बावजूद मानदेय का भुगतान नहीं होना अत्यंत दुखद बात है। आवास पर्यवेक्षक मुकेश कुमार एवं प्रखंड लेखापाल दीनानाथ ने भी बताया कि लगातार विभागीय निर्देशों के अनुसार लाभुकों के चयन, सत्यापन, जियो-टैगिंग एवं भुगतान प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जा रही है, बावजूद इसके उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। कर्मियों ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई, बीमार परिजनों के इलाज, रोजमर्रा की खरीददारी तथा सामाजिक दायित्वों जैसे शादी-विवाह आदि को निभाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार भी फीके गुजर गए और अब आगामी होली पर भी मानदेय मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। आवास कर्मियों ने सरकार एवं संबंधित विभाग से अविलंब लंबित मानदेय भुगतान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होंगे।

## मां शीतला धाम में चार दिवसीय शीतला महोत्सव होगा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी प्रखण्ड के बीहट स्थित ऐतिहासिक माँ शीतला धाम में चार दिवसीय भव्य शीतला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 27 से 30 मार्च तक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला इस महोत्सव का विशेष आकर्षण होगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह का माहौल है।महोत्सव के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, भजन-कीर्तन एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध गायक अल्ताफ राजा एवं चर्चित कलाकार इशरत जहां सहित कई लोकप्रिय एवं वायरल कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति के अनुसार अल्ताफ राजा का कार्यक्रम महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगा। प्रेस वार्ता के दौरान महोत्सव समिति के अध्यक्ष महंत महेश दास ने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश महोत्सव को विशेष बनाएगा। इस अवसर पर संस्थापक सह अध्यक्ष महंत महेश दास, महासचिव अभिषेक कुमार राय, कोषाध्यक्ष हर्ष राज तथा सदस्य संजय गौतम एवं निशांत कुमार उपस्थित रहे। महोत्सव में बिहार सरकार के कई मंत्री एवं गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से सपरिवार शामिल होकर माँ शीतला का आशीर्वाद लेने की अपील की है। सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट मद 'कला एवं संस्कृति संवर्द्धन' के अंतर्गत इस महोत्सव के लिए 3 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह राशि बेगूसराय के जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कोषागार से निर्गत की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि महोत्सव का संपूर्ण व्यय बिहार वित्त नियमावली 2024, बिहार खरीद अधिनियम/नीति तथा विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। स्वीकृत राशि की सीमा के भीतर ही कार्यक्रम आयोजित करना अनिवार्य होगा। आयोजन के उपरांत व्यय विवरणी, वीडियो, फोटोग्राफ एवं कार्यान्वयन प्रतिवेदन एक माह के भीतर विभाग को उपलब्ध कराना होगा।सरकार के इस निर्णय से स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की

## सात दिवसीय जागरूकता अभियान को मिली गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास गत दो दशकों से बाल एवं महिला अधिकार संरक्षण के लिए निरंतर न्याय के लिए प्रयासरत है। संस्था अपने निरंतर जमीनी कार्यो के साथ, समय-समय पर आवश्यक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी करती रहती है, ताकि समाज में अधिकारों के प्रति समझ और संवेदनशीलता विकसित हो सके। इसी कड़ी में एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के तहत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एवं दिशा एक प्रयास के साझा प्रयास से संचालित 7 दिवसीय फोर ह्वीलर जागरूकता रथ अभियान के चौथे दिन नई ऊर्ज़ा मिली। इस अभियान को जिला परियोजना प्रबंधक, कुमार रोहित और जिला मिशन समन्वयक मो तैय्यब अहमद ने महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर दिशा एक प्रयास की सचिव डॉ कुमारी सुनीता सिंह एवं संस्था के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास निगम से जिला परियोजना प्रबंधक कुमार रोहित, जिला मिशन समन्वयक मो तैय्यब अहमद, केंद्र प्रशासक अनुपमा श्रीवास्तव, जेंडर स्पेशलिस्ट कल्याणी कुमारी, केस परामर्शी गुड़िया कुमारी, केस वर्कर अंजू कुमारी एवं सविता कुमारी, लेखा सहायक मो0 नौशाद आलम, डाटा ऑपरेटर अमोद कुमार, एमटीएस जैकी राज एवं अन्य कर्मी के साथ कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस दौरान बाल अधिकार, महिला सुरक्षा, विधिक सहायता एवं सामाजिक न्याय से संबंधित संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया गया। संस्था द्वारा बताया गया कि यह जागरूकता रथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में भी मार्गदर्शन देगा। संस्था का यह सतत प्रयास समाज में न्याय आधारित व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## लूट की वारदात से नाराज आभूषण व्यवसायियों ने बंद रखीं एकमा सोनार पट्टी की दुकानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के समीप चांदी के आभूषण व्यवसायी से हथियार के बल पर मंगलवार की शाम हुई लूट की घटना के विरोध में बुधवार को एकमा बाजार स्थित सोनार पट्टी की सभी सोना-चांदी की दुकानें सुबह से लेकर दोपहर बाद तक बंद रहीं। स्वर्ण व्यवसायियों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए अपराह्न तक कारोबार ठप रखा और घटना के खिलाफ कड़ी नाराज़गी जताया। एकमा स्वर्णकार व्यवसायी संघ के बैनर तले संघ के प्रतिनिधि अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में एकत्रित दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि लूट की गई राशि लगभग एक लिख 29 हजार 500 रुपए एवं लगभग 4.200 किलोग्राम चांदी के आभूषणों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए तथा वारदात में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। व्यवसायियों का कहना था कि दिनदहाड़े हथियार के बल पर हुई इस घटना ने पूरे बाजार में भय का माहौल बना दिया है। यदि समय रहते अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो व्यवसायियों का आंदोलन और तेज किया जाएगा। संघ के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने, बालू के स्कैनर की तरह सीसीटीवी कैमरे से अपराधियों की निगरानी सुदृढ़ करने तथा व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होने तक वे चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर विचार करेंगे। उल्लेखनीय है कि एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर स्थित आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार की शाम दो बाइकों पर सवार छह नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर चांदी के आभूषण व्यवसायी परसागढ़ के कसेरा टोली निवासी सालिग्राम साह के पुत्र सोनू कुमार सोनी से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित व्यवसायी सोनू द्वारा बताया गया है कि व्यवसायी रसूलपुर बाजार से चांदी के जेवर की आपूर्ति कर बाइक से एकमा लौट रहे थे, तभी रेलवे ओवरब्रिज के बीचों-बीच अपराधियों ने घेर लिया। अपराधियों ने उनके बैग में रखे लगभग 1,29,500 रुपए नकद, करीब दो से ढाई लाख रुपये मूल्य के चांदी के लगभग 4.200 किलोग्राम आभूषण, मोबाइल फोन एवं बाइक की चाबी लूट ली और महाराजगंज की दिशा में फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर एकमा थाने में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध वारदात से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## दो वाहनों से 6 लाख की शराब बरामद

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को बुधवार को बड़ी उपलब्धि मिली है। दो फोर व्हीलर से 6 लाख मूल्य के विदेशी शराब बरामद कर तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों तस्कर उतर प्रदेश के बलिया तहसील अंतर्गत दोकटी थाना क्षेत्र के कोड़हरा निवासी कृष्ण कुमार यादव, धनजी यादव व सुनील यादव है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश (नेतृत्व करते हुए) को गुप्त सूचना के आधार पर बड़हरा प्रखंड के गंगा पार खवासपुर सड़क पुल के पास एक महिंद्रा बोलेरो से 132 लीटर शराब पकड़ा। दूसरा महिंद्रा बोलेरों कार गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर सब्जी मंडी के पास से 362.88 लीटर विदेशी शराब जप्त किया।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** नगर के पीपा पुल अखाड़ा घाट पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बुधवार को गंगा से जल लाने के लिए कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे एवं हाथी घोड़े के साथ भगवान विष्णु का जयकारा के साथ यज्ञ स्थल से निकली कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में गंगा का जल भरा गया। उसके बाद रंगबिरंगे परिधानों में सुसज्जित 501 महिलाएं व कन्याएं कलश माथे पर लेकर तकीयापर व बीबीगंज होते हुए पुनः यज्ञ स्थल तक पहुंची। इस दौरान यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पुजारी रामकुमार दास जी महाराज एवं कन्हैया जी महाराज ने बताया कि महायज्ञ दानापुर में गंगा नदी के तट पर आयोजित किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन कथा और रामलीला का मंचन होगा।

# छोटे उद्योगों को बढ़ावा देगा जमालपुर कारखाना

## उद्योग को बढ़ाया देने को लेकर दो दिवसीय सेमिनार आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारतीय रेलवे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर कदम उठाई है जिसके तहत स्थानीय कारीगरों के साथ छोटे बड़े उद्योग को बढ़ावा देने को लेकर रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। किसी परिपेक्ष में जमालपुर कारखाना की ओर से दो दिवसीय उद्योग सेमिनार का आयोजन केंद्रीय संस्थान ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में आयोजित किया है। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल करेंगे। सेमिनार के बारे में जानकारी देते हुए उपमुख सामग्री प्रबंधन कारखाना जमालपुर के अभिषेक कुमार ने बताया कि जमालपुर कारखाना लगातार आसपास के छोटे उद्योग को बढ़ावा देने को लेकर रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। कारखाना में कौन से प्रकार के कल पुर्जे की आवश्यकता है यह बताने का काम आसपास के छोटे उद्योग लगाने वाले को सेमिनार में दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि दो दिवसीय सेमिनार में लगभग 150 से अधिक उद्योग से जुड़े लोग हिस्सा लेंगे और बिहार के जाने-माने फैक्ट्री भी हिस्सा लेंगे। जिसमें एनटीपीसी, बरौनी, नालंदा, ऑडियंस फैक्ट्री इत्यादि सेमिनार में हिस्सा लेंगे। सेमिनार की सफलता को लेकर उप मुख्य सामग्री प्रबंधन पूरी तरह से तैयारी कर ली है।

# शिवाजी वीरता को नमन करेगा छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जमालपुर (मुंगेर)।** छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ मुंगेर के बैनर तले गुरुवार को शिवाजी की जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय महासंघ बैठक के माध्यम से लिया। महासंघ के अध्यक्ष राजकुमार मंडल एवं सचिव लटोरी मंडल ने कहा कि हलिमपुर गांव में शिवाजी की भव्य प्रतिमा स्थल पर जयंती समारोह के मौके पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित होना है। जिसको लेकर ग्रामीण से विचार विमर्श किए गए। संरक्षक स्वामी मुक्ति यंत्र ने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के गाथाओं को जन-जन में फैलने को लेकर इस बार जयंती के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण अंचल में शिवाजी जैसा वीर बना पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन कर सनातन धर्म को बढ़ावा देने का काम महासंघ की ओर से किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार विजय आनंद ने कहा किताबों में हम सभी शिवाजी महाराज के गाथा को पढ़ते थे पर आज किताबों से यह गाथा दूर होती जा रही है इसलिए महासंघ इस बार शिवाजी के जयंती के मौके पर बच्चों के बीच शिवाजी के साहस पराक्रम की गाथा से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम को आयोजित कर बच्चों को का बताने का काम किया जाएगा। मौके पर कमलेश्वरी मंडल, आनंदी मंडल, उमेश मंडल, विजय मंडल, राकेश कुमार, तनु कुमार, कुमार राहुल, नीतीश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# अंग्रेजी शराब के साथ स्टेशन से बाहर निकल रहे तस्कर गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** मॉडल स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो से बाहर निकल रहे एक यात्री को शक के आधार पर आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार यात्री की पहचान कोतवाली थाना वासुदेवपुर निवासी गोविंद कुमार के रूप में हुई है जिसके पास से अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। आरपीएफ के सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा ने बताया कि प्लेटफॉर्म ड्यूटी कर रहे सब इंस्पेक्टर राम मीणा को शक हुआ कि एक यात्री तेजी से स्टेशन से बाहर निकल रहा है। शक के आधार पर उक्त यात्री से पूछताछ एवं उनके पिट्ठू बैग का तलाशी ली तो उनके बैग से अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद हुई। बरामद शराब मामले में इंस्पेक्टर ने उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मामले को रेल पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

# उचित मुआवजा और दमकल की हो जल्द व्यवस्था

## बीते दिनों सैकड़ों दुकानों में लग गई थी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कटिहार।** जिले के कुर्सेला हाट में बीते दिनों देर शाम लगी भीषण आग की घटना ने सैकड़ों परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। इस भयावह अग्निकांड में सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गईं, जिससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। कटिहार के सांसद तारिक अनवर कुर्सेला पहुंचकर अग्नि पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की और घटनास्थल का जायजा लिया। सांसद ने पीड़ित दुकानदारों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस कठिन समय में हम सभी पीड़ित दुकानदार भाइयों के साथ खड़े हैं। जिन लोगों की वर्षों की मेहनत कुछ ही घंटों में राख हो गई, उनके दर्द को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, उन्होंने कहा। सांसद ने राज्य सरकार से मांग की कि सभी अग्नि पीड़ितों को शीघ्र और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे दोबारा अपने व्यवसाय को खड़ा कर सकें। उन्होंने प्रशासन से क्षति का त्वरित आकलन कर राहत राशि उपलब्ध कराने की अपील की।

इस दौरान सांसद ने क्षेत्र में दमकल व्यवस्था की कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में यदि समय पर दमकल पहुंचती तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। उन्होंने आश्वस्त किया कि कुर्सेला सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दमकल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग से बात की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सके।

मौके पर मौजूद जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने भी घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस अग्निकांड ने सैकड़ों परिवारों की आजीविका छीन ली है। इस संकट की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के साथ है और उन्हें हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि दुकानदारों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और राहत कार्य जारी है। कुर्सेला हाट का यह अग्निकांड जिले के सबसे बड़े हादसों में से एक माना जा रहा है। अब पीड़ितों की निगाहें सरकार और प्रशासन की ओर टिकी हैं कि उन्हें कब तक राहत और मुआवजा मिल पाता है। मौके पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास, शहनवाज खान, कुरसेला प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, बरारी प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह, संजय सुमन, अकबर अंसारी, सत्यनारायण चौधरी, शमशाद आलम, अशोक मंडल सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# डीआरएम कप 2026 के रोमांचक मुकाबले में इलेक्ट्रिक और एस एंड टी विभाग की शानदार जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में चल रहे अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के डीआरएम कप 2026 में दूसरे दिन खेले गए दोनों मुकाबले काफी रोमांच, उत्साह और शानदार खेल प्रदर्शन से भरपूर रहा। खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने पूरे मैदान को खेलमय बना दिया। इसमें पहला मुकाबला रेल की इलेक्ट्रिकल बनाम पर्सनल के साथ हुए मैच में इलेक्ट्रिकल और पर्सनल विभाग आमने-सामने थे। पर्सनल टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया। इलेक्ट्रिकल टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित ओवरों में 195 रन बनाकर पर्सनल को 196 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी पर्सनल टीम 102 रन पर ही सिमट गई। इस तरह इलेक्ट्रिकल टीम ने 93 रनों से शानदार विजय दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गौरव सिन्हा रहे, जिन्होंने 22 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलने के साथ-साथ 3 विकेट भी झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच में अंपायर की भूमिका अनुराग और दीपक ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में सिद्धांत सिंह और कमेंट्री की जिम्मेदारी अमित सागर ने सफलतापूर्वक संभाली। दूसरा मुकाबला रेल की एस एंड टी बनाम अकाउंट्स विभाग के बीच खेला गया। अकाउंट्स विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन एस एंड टी की सटीक गेंदबाज़ी के सामने उनकी टीम निर्धारित 20 ओवर में केवल 96 रन ही बना सकी और 97 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी एस एंड टी टीम ने आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए महज़ 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और शानदार जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच एस एंड टी के राजीव यादव रहे, जिन्होंने 4 ओवर में मात्र 16 रन देकर 3 विकेट झटके और विरोधी टीम की कमर तोड़ दी। टूर्नामेंट के दौरान आयोजन समिति के सदस्य राकेश रंजन, वेद प्रकाश, बुबली, संजीव, पिंटू, पीपू, गौतम, सतीश, सोनू, संतोष सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे और पूरे आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। डीआरएम कप 2026 के ये मुकाबले खेल भावना, टीमवर्क और उत्साह का बेहतरीन उदाहरण बने। आने वाले मैचों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता देखी जा रही है।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बरारी/कटिहार।** प्रखंड में आगामी हिंदू सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर गंगेश्वर नाथ शिवमंदिर बारीनगर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सम्मेलन के आयोजन संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम स्थल के रूप में राम जानकी ठाकुरबाड़ी गुरुबाजार, बरारी का चयन किया गया। अतिथि निमंत्रण, मंच व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, संचालन व्यवस्था तथा विद्यालयों से संपर्क कर अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस बैठक में कटिहार से आशीष झा, अनीश सिंह एवं अभिषेक सिंह प्रिंस की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में कार्यक्रम प्रमुख गंगा समग्र के जिला संयोजक मनोज साह को बनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रवीण रिंकू, जीवछ गुप्ता, राजकुमार साह, राणा सिंह, अखिलेश कुशवाहा, दीपक चौधरी, हरदेव मंडल, विकास साह, सुमन साह, राजेन्द्र मंडल इत्यादि सनातनि उपस्थित रहे।

# राधा-कृष्ण प्रतिमा विसर्जन के साथ हरिनाम संकीर्तन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के सार्वजनिक शिव मंदिर मोहनपुर में आयोजित 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन राधे-कृष्ण की प्रतिमा विसर्जन के साथ हो गया। इस मौके पर कमेटी के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक आजाद कुमार मंडल ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर सार्वजनिक शिव मंदिर मोहनपुर में राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई। 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन कराया गया। जिसमें पांच मंडली हरे राम हरे कृष्णा का गायन किया। वहीं रासलीला का पाठ मोहनपुर कीर्तन मंडली के द्वारा दिखाया गया। वहीं महिलाओं ने नम आंखों से विदाई गीत गाकर राधे कृष्ण की प्रतिमा को विदाई दी। वहीं राधे कृष्ण की प्रतिमा को पूरे मोहनपुर गांव, मोहनपुर चौक घुमाते हुए डिघरा नदी में विसर्जन किया गया। इस दौरान लोग एक दूसरे से अबीर लगाकर लगाया। इस अवसर पर कमेटी के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता को लेकर जिला महिला फुटबाल टीम का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कटिहार।** जिला फुटबाल संघ की ओर से एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संघ के महासचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला ने बताया कि 8 मार्च महिला दिवस पर बिहार राज्य फुटबाल संघ द्वारा सीनियर महिला अन्तर जिला फुटबाल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। अंतर जिला फुटबाल मैच में भाग लेने हेतु कटिहार महिला फुटबाल टीम का चयन किया गया। चयन प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। मुख्य चयनकर्ता हीरालाल, चयनकर्ता बिनोद कुमार चौधरी, शुभाशीष मूर्मू, शुभम कुमार राजा, आशीष कुमार साह के देख रेख में जिला महिला फुटबाल खिलाड़ियों का चयन किया गया। अंतर जिला फुटबाल मैच में भाग लेने हेतु कटिहार महिला फुटबाल टीम का चयन किया गया है। चयनित सभी खिलाड़ियों को मनिहारी बेतेल मिशन में प्रशिक्षक शुभाशीष मूर्मू के द्वारा 10 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं प्रशिक्षण शिविर मुख्य प्रशिक्षक हीरालाल वरिष्ठ खिलाड़ी के निगरानी में चलाया जाएगा। चयनित सभी खिलाड़ियों में प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, नीशा हेम्ब्रम रेशमा टूड्डु, सजोनी मूर्मू, मंती बास्की, ममता कुमारी, खुशबू मरांडी, खुशबू सोरेन, सोनिया हेम्ब्रम, रेशमा खान, प्रीया हेम्ब्रम, सोनाली कुमारी,शांति टूडू, अंजलि हेम्ब्रम, जोनिता टुडू, कपूर मुनी हांसदा, राखी कुमारी, रुपाली डे, मनिषा कुमारी, सुमित्रा मुर्मू, राधा कुमारी, खुशबू हेम्ब्रम इत्यादि खिलाड़ियों को कटिहार जिला फुटबाल टीम के लिए चयन किया गया है। जो कि अंतर जिला टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

# सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के कानकी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 75705 /75706 के निर्धारित ठहराव के उपलक्ष्य में ट्रेन संख्या 75706 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कार्तिक चन्द्र पाल ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस ठहराव से क्षेत्रीय यात्रियों को अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी और स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी। कार्यक्रम में कटिहार रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, डीएससी, डीइएन, डीईई, डीएसटीई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। रेल प्रशासन द्वारा बताया गया कि यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय मांग को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अग्निकांड पीड़ितों के बीच पूर्णियां सांसद ने बांटी नगद राशि

## सरकार से मांगी विशेष पैकेज की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले के कुर्सेला हाट में हुये भीषण अग्निकांड के बाद पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पीड़ितों के बीच पहुंचे और नगद राहत राशि का वितरण किया। उन्होंने अपने सहयोगियों और नजदीकी मित्रों के सहयोग से लगभग 10 लाख रुपये की नगद सहायता अग्नि पीड़ितों को प्रदान की। इस दौरान सांसद पप्पू यादव ने कहा कि कोशी और सीमांचल का इलाका उनके घर का आंगन जैसा है, इसलिए वे यहां के लोगों के हर सुख-दुख में शामिल रहने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि कुर्सेला में लगी आग से सैकड़ों दुकानदारों की जिंदगी की कमाई जलकर राख हो गई है और यह सिर्फ आर्थिक नहीं बल्कि मानवीय त्रासदी भी है। सांसद ने राज्य सरकार से मांग की कि जिन लोगों का इस अग्निकांड में सब कुछ जलकर खत्म हो गया है। उनके लिए जल्द से जल्द विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। उन्होंने प्रशासन से भी त्वरित सर्वे कराकर उचित मुआवजा सुनिश्चित करने की अपील की। बीते दिनों कुर्सेला हाट में लगी आग में सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गई थीं। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग की इस भयावह घटना के बाद पूरे इलाके में मायूसी का माहौल है और पीड़ित परिवार पुनर्वास की उम्मीद लगाए बैठे हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान, वकील दास, अरुण सिंह, रवि यादव सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# होलिका दहन समिति की बैठक

**कटिहार (नबिटा संवाददाता)।** अरगडा चौक स्थित श्याम मंदिर परिसर में बड़ा बाजार हाट होलिका दहन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए होलिका दहन समिति के संयोजक राजकुमार मुरारका ने बताया कि पंडित जयप्रकाश पांडेय एवं राजकुमार शर्मा की ओर से निकाले गए शुभ मुहूर्त के अनुसार 2 मार्च सोमवार को सुबह 10:30 बजे स्तंभ रोपण एवं मध्य रात्रि को 12.35 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष विश्वनाथ मुकिम, सचिव किशन बजाज उर्फ बुली, अनिल चमाडिया, नरेश शर्मा, मनोज रुंगटा, राहुल मुरारका, चीकू मुकीम, टप्पू चौधरी, रामनिवास शर्मा, राजेश चमड़िया, विनोद तंबाकूवाला, विकास पोद्दार आदि थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/592, दिनांक 17.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/42/25-26/सीएपी। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सभी ईआई पर वीडीयू, एम्बेडेड पीसी और वीडीयू के पावर सप्लाई सिस्टम का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन। **निविदा मूल्य :** रु.1,33,42,469.28, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,16,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 02.03.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 16.03.2026 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 16.03.2026 को 14.30 बजे। **विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य {इनडोर या (इनडोर + आउटडोर)} और/या पैनल इंटरलॉकिंग कार्य {इनडोर या (इनडोर + आउटडोर)} और/या रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्य {इनडोर या (इनडोर+ आउटडोर)} को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समान प्रकृति के कार्य के रूप में माना जाएगा।" **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-405/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# अररिया के जिला पर्यवेक्षक बने नैयर मसूद खान

## नियुक्ति से समर्थकों में उत्साह, नैयर मसूद खान ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** कांग्रेस पार्टी की ओर से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार पूर्णिया सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान को अररिया जिला का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अररिया जिले के लिए कुल चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें कटिहार सांसद तारिक अनवर, कटिहार अमला टोला निवासी नैयर मसूद खान, मुदस्सिर शम्स और प्रेमचंद सिंह शामिल हैं। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक पार्टी की संरचना को सुदृढ़ किया जाएगा और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका दी जाएगी। अररिया जिला पर्यवेक्षक बनाए जाने पर नैयर मसूद खान ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्णिया सांसद राजेश रंजन, सांसद रंजीता रंजन, प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम तथा वरिष्ठ नेता तारिक अनवर सहित सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। नैयर मसूद खान ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन सृजन अभियान के तहत वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी और वे कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर कांग्रेस को अररिया जिले में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में काम करेंगे। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने नैयर मसूद खान को बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

# कुटुम्बा में होगा औद्योगिक क्षेत्र का गठन, भूमि अधिग्रहण के लिए 284.28 करोड़ की स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राज्य में प्रस्तावित औद्योगिक पार्कों एवं औद्योगिक क्षेत्रों हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा बैठक बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहम्मद अफान एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भूमि अधिग्रहण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के कुटुंबा अंचल अंतर्गत मौजा-हरसू एवं



अन्य 05 मौजों में औद्योगिक क्षेत्र के गठन एवं विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। यह परियोजना बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा प्रायोजित है तथा क्रियान्वयन एजेंसी बुनियादी ढांचा विकास प्राधिकरण (आईडीए), पटना है। उद्योग विभाग के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिला के अंचल कुटुम्बा में औद्योगिक क्षेत्र के गठन एवं विस्तार हेतु कुल 441.79 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए मंत्रिपरिषद द्वारा 284.28 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रशासनिक स्वीकृति की कुल राशि में से 60 करोड़ रूपये जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए गए हैं। वर्तमान में परियोजना के अंतर्गत वित्तीय प्रगति 21.10 प्रतिशत दर्ज की गई है। परियोजना के अंतर्गत धारा 11(1) की अधिसूचना दिनांक 06 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की गई है। इसके उपरांत संबंधित प्रक्रिया के अंतर्गत जेएमएस की कार्यवाही प्रगति पर है। पोस्ट-फैक्टो अनुमोदन हेतु मगध प्रमंडल गया के आयुक्त को पत्र के माध्यम से से प्रस्ताव समर्पित किया गया है। मुख्य सचिव द्वारा समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि औद्योगिक विकास से संबंधित परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए ताकि राज्य में निवेश को बढ़ावा मिले तथा रोजगार सृजन के अवसरों में वृद्धि हो सके। बैठक में भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित बिंदुओं के त्वरित निष्पादन, विभागीय समन्वय तथा प्रक्रियागत कार्यों को गति देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## मांगों को ले अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर जाएंगे न्यायालय कर्मचारी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ की पटना में हुई महत्वपूर्ण बैठक में कर्मचारियों की लंबित न्यायोचित मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में कर्मचारियों ने संवैधानिक एवं विधि सम्मत अधिकारों की रक्षा हेतु शांतिपूर्ण ढ़ंग से आंदोलन का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में 1 मार्च को जिला मुख्यालय में महत्मा गांधी की प्रतिमा के पास मौन बैठ और काली पट्टी बांध कर न्यायालय में उपस्थिति, 15 मार्च को एक दिवसीय भूख हड़ताल व धरना, 28 मार्च को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश तथा 06 अप्रैल से मांगों की पूर्ति न होने की स्थिति में अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर जाएंगे जिससे पूरे बिहार में न्यायिक कार्य प्रभावित हो सकती है। यह जानकारी जिला न्यायालय कर्मचारी संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष श्रीकांत कुमार एवं सचिव नवीन कुमार ने दी है।

# ससुराल गए युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के बेलसारा टोले भुइयां बिगहा गांव स्थित ससुराल गए एक युवक की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव गांव के धनियावाली बगीचा स्थित तालाब के पास एक पेड़ से लटका हुआ बरामद किया गया। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र के अजब विगहा महुआ दोहर गांव निवासी स्वर्गीय मुनारीक भुइयां के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया गया है कि रंजीत का ससुराल बेलसारा गांव के भुइंया बिगहा टोले में है और वह इन दिनों ससुराल आया हुआ था। बुधवार को स्थानीय लोगों ने उसके शव मिलने की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने तथा शव को पेड़ से लटका देने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते



ही देव थानाध्यक्ष कुमार सौरभ के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम में एसआई विवेक कुमार, एसआई रूबी कुमारी और पीएसआई प्रियंका कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने धनियावाली बगीचा के तालाब के पास से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के कारण युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है।

# निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर दो प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमर कुमार द्वारा कई विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय सिहुली खैरा के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन शर्मा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय लभरी के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार यादव अग्रिम उपस्थिति बनाकर गायब पाए गए। बीइओ ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिहुली खैरा के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन शर्मा महीने में एकाध दिन आते हैं। उसके बाद लगभग गायब ही रहते हैं। एमडीएम रिपोर्ट फर्जी तरीके से भेज रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति कुछ रहती है। फर्जी तरीके से उपस्थिति बनाकर अपना वेतन ले रहे थे। एक ही दिन में पूरे एक महीने की हाजिरी बनाकर गायब रहते हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लभरी में छात्रों की उपस्थिति नगण्य थी। 3.50 बजे तक छात्र उपस्थिति पंजी में उपस्थिति नही बनाई गई थी जबकि एमडीएम रिपोर्ट में 280 छात्रों की उपस्थिति दिखाई गई है। एमडीएम रिपोर्ट में बच्चों की उपस्थिति बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई जाती है और उनके द्वारा सुधार नहीं किया गया। पूर्व में इस संदर्भ में स्पष्टीकरण किया गया था लेकिन इन दोनों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। ये अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं, इसलिए इनके निलंबन हेतु वरीय पदाधिकारी को लिखा गया है। ये दोनों लोग आज भी अपना उपस्थिति बनाकर फरार पाए गए। शिक्षकों द्वारा फोन करने पर प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार आए। दोनों पूर्व से भी विवादित रहे है। जो शिक्षकीय आचरण के विरुद्ध है। इनके इस कृत्य के विरुद्ध एमडीएम राशि की वसूली एवं निलंबन की करवाई हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निरीक्षण रिपोर्ट भेजा जा रहा है।

# अलग-अलग मामलों में 82 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। इस क्रम में बीते 24 घंटे के दौरान हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े 82 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 42 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एसी-एसटी में 5, हत्या के प्रयास में 8, शराब में 20 एवं अन्य शीर्ष कांड में 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 79 लीटर देसी शराब, 325. 95 विदेशी शराब, एक कार, एक ऑटो, एक मोबाइल बरामद किया गया है। इसके अलाव साईबर थाना की पुलिस द्वारा 46000 रूपये बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1322 वाहनों की जांच की गई जिसमें 4600 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जन सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को करें सुदृढ़ : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में निर्माणाधीन आधारभूत संरचनाओं की प्रगति की स्थिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार एवं डीपीएम अनवर आलम एवं बिहार मेडिकल एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड के सहायक अभियंता के साथ की गयी। समीक्षा के क्रम में उन्होंने पाया कि सदर अस्पताल में मातृ शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) भवन का निर्माण कार्य काफी धीमी हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि मातृ शिशु स्वास्थ्य भवन निर्माण से संबधित संवेदक को बुलाकर बैठक कर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।



अधिकारियों से विमर्श के क्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी मद से सदर अस्पताल के मातृ शिशु स्वास्थ्य भवन में तीन मॉड्यूलर ओटी का निर्माण कराया जाएगा। इस विषय पर अग्रतर कार्रवाई करने के लिए उन्होंने सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिया कि जिला योजना पदाधिकारी से समन्वय कर कार्य कराया जाए। संदर्भ में सिविल सर्जन द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर में एक मॉड्यूलर ओटी का निर्माण कराया जाए। निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर के संदर्भ में बीएमएसआईसीएल के सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि आज रूफ कास्टिंग हो रही है। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारीयों को बताया गया कि आगामी माह में मुख्यमंत्री का जिले में आगमन प्रस्तावित है स्वास्थ्य संस्थानों के संचालन के लिए यदि किसी उपकरण, उपस्कर की आवश्यकता हो तो उसकी मांग प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी विकासात्मक योजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से किया जाए ताकि जनमानस को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विभागीय दिशा-निर्देशों एवं नियमों का हमेशा अनुपालन सुनिश्चित हो तथा निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** अनियंत्रित ट्रक की भीषण टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना दाउदनगर-गया मुख्य मार्ग पर बुधवार को टीचर ट्रेनिंग स्कूल के समीप जेल के आगे की है। मृतक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी दुर्गेश पासवान के 22 पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सौरभ अपने फूफा के घर दाउदनगर थाना क्षेत्र के छट्ठू बिगहा मनार आया हुआ था। 19 फरवरी को उसकी फुफ़ेरी बहन का तिलक समारोह था। बताया गया कि वह पूजा की सामग्री लेकर दाउदनगर से फूफा के घर लौट रहा था। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर लगभग ढाई घंटे तक सड़क जाम कर दी। प्रत्यक्षदर्शी और मृतक के परिजन चंदन कुमार ने बताया कि वे लोग सड़क किनारे गाड़ी खड़ी किए हुए थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सौरभ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चंदन कुमार बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन गया रोड बस स्टॉप के पास स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। भीड़ ने उसकी पिटाई भी की। सूचना मिलने पर एसआई विक्की कुमार मौके पर पहुंचे और चालक को भीड़ से निकालकर सुरक्षित थाने पहुंचाया। घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जफर इमाम एवं थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। परिजनों ने तत्काल मुआवजे की मांग की। करीब ढाई घंटे बाद प्रशासन के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ और आवागमन बहाल किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली बिल बकायदारों के खिलाफ विभाग का सख्त अभियान जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की अब खैर नहीं है। बिजली विभाग ने वैसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर कार्रवाई शुरू कर दी है जिन्होंने बिजली बिल के भुगतान मे लापरवाही बरती है। यह जानकारी देते हुए कार्यपालक विद्युत अभियंता पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में औरंगाबाद प्रमंडल अंतर्गत विशेष दस्ता टीम तैयार कर बिजली बिल वसूली की कार्रवाई की जा रही है। वैसे उपभोक्ता जो नियमित रूप से अपना बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनका बिजली कनेक्शन ऑन स्पॉट काट दिया जा रहा है। साथ ही दोबारा बिना बिजली बिल भुगतान किए और रिकनेक्शन आदेश लिए बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर बिजली विभाग के पदाधिकारी द्वारा दोषी उपभोक्ताओं के विरुद्ध अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए भारी जुर्माना लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट निःशुल्क बिजली दिए जाने के बावजूद यदि उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को लेकर विभाग विवश है।

# जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** प्रखंड क्षेत्र में बीते तीन दिनों से एक जंगली हाथी के प्रवेश करने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हाथी झारखंड क्षेत्र से भटकते हुए गयाजी जिले के शेरघाटी होते चाल्हो पहाड़ के रास्ते पिरवां और सलैया मार्ग से मदनपुर थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव तक पहुंच गया। अचानक हाथी के गांवों के समीप दिखने से लोग सहमे हुए हैं और खेतों की ओर जाने से भी बच रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथी ने क्षेत्र में प्रवेश के बाद कुछ स्थानों पर उत्पात मचाया तथा किसानों की गेहूं समेत अन्य रबी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि अब तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह सतर्क है और हाथी को सुरक्षित तरीके से झारखंड के पलामू के जंगलों की ओर भेजने की योजना पर काम कर रहा है। डीएफओ रुचि सिंह के निर्देशन में वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम लगातार इलाके में कैंप कर रही है। वनपाल रौनक कुमार ने बताया कि हाथी को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से दूर रखते हुए उसे सुरक्षित कॉरिडोर के माध्यम से झारखंड की सीमा की ओर मोड़ा जा रहा है। मंगलवार को मदनपुर थाना क्षेत्र के चौखड़ा, निमा आंजन और सहियार इलाके में टीम ने घेराबंदी कर निगरानी की। रात के समय हाथी को जंगल की ओर बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वह आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रहे। वन विभाग की टीम ग्रामीणों से भी अपील कर रही है कि वे हाथी के पास जाने या उसे उकसाने का प्रयास न करें। लोगों को समूह में रहने, अंधेरा होने के बाद खेतों की ओर न जाने और किसी भी गतिविधि की तुरंत सूचना विभाग को देने को कहा गया है। इस अभियान में वन रक्षी सुभाष कुमार, नंदू कुमार, सुमन कुमार समेत अन्य कर्मी सक्रिय रूप से जुटे हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिकता मानव जीवन की सुरक्षा है और प्रयास किया जा रहा है कि हाथी को बिना किसी नुकसान के उसके प्राकृतिक आवास की ओर भेज दिया जाए।

# फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के क्रम में जिला पदाधिकारी ने अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड स्तरीय एवं नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में छूटे हुए किसानों का फार्मर आईडी कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविरों के अतिरिक्त डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दूरस्थ, वंचित एवं छूटे हुए किसानों तक पहुँच बनाई जाए, जिससे कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान से वंचित न रह सके। साथ ही सभी पदाधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# पूर्व पैक्स अध्यक्ष के अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद से पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जम्होर निवासी भाजपा के पूर्व जिला मंत्री और पूर्व पैक्स अध्यक्ष चन्द्रावती देवी के निधन की सूचना मिलने पर जम्होर स्थित पुनपुन घाट पर उनके अंतिम दाह संस्कार में शामिल होकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि चन्द्रावती देवी का निधन अत्यंत दुःखद है और यह भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत का पूरा जीवन सामाजिक कार्यों को समर्पित रहा, उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा का भाव सदैव कार्यकर्ताओं के लिए स्मरणीय रहेगा। उनका संपूर्ण जीवन पार्टी के लिए समर्पित रहा और वे सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखती थीं। ऐसे कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ता सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, अधिवक्ता नीरज सिंह उर्फ मंटू सिंह, जम्होर पंचायत के उप मुखिया गोपाल चौरसिया, मुकेश चौरसिया, अनिल अग्रवाल, अशोक शौण्डिक और पंकज शौण्डिक उपस्थित रहे। दिवंगत के निधन पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, मनोज शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुनील शर्मा, अजीत सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, अनिता सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, नलिनी रंजन, मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, भाजपा नेता सुरेन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, आलोक सिंह, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनीन्द्र राम, बिनोद चन्द्रवंशी, जिला प्रवक्ता जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर और गुड़िया सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डीएम से मिल समस्याओं से कराया अवगत, समाधान का मिला आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** विभिन्न समस्याओं के निदान और क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शमशेर सिंह ने शिष्टमंडल के साथ डीएम अभिलाषा शर्मा से मुलाकात की। बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि जिलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात हुई जिसमें मदनपुर प्रखंड में चल रही सरकार के विकास कार्यों से अवगत करवाया तथा इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल उमगा मंदिर, सीता थापा मंदिर एवं राणा रामेश्वर उच्च विद्यालय घटराईन बनिया जो विकास से अब तक वंचित हैं, जिस पर ध्यान आकर्षित करवाया गया। मामले में डीएम ने मामले में सकारात्मक पहल करने की आश्वासन दिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष 20 सूत्री मनोज कुमार पाठक, सदस्य हेमंत कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, टुनटुन सिंह, अजय कुमार पाठक, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, तपेश्वर वर्मा, अनुज मेहता आदि लोग शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# औरंगाबाद में औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने डीएम से की मुलाकात**

**औरंगाबाद।** जिला में उद्योग स्थापित करने तथा स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा से औरंगाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा शिष्टाचार मुलाकात की गई। इस दौरान जिले में औद्योगिक संभावनाओं, निवेश अवसरों एवं व्यवसायिक गतिविधियों के विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। गौरतलब है कि औरंगाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना 28 जनवरी 2026 को की गई है, जो बियाडा उद्यमिता एवं औद्योगिक गतिविधियों से जुड़े व्यवसायियों के समन्वय हेतु कार्य करेगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष द्वारा जिले में व्यापार एवं उद्योग के विकास हेतु विभिन्न स्तरों पर रणनीति तैयार करने, निवेशकों को आकर्षित करने तथा स्थानीय उद्यमियों को



सहयोग प्रदान करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला में कृषि आधारित उद्योगों की संभावनाओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा स्ट्रॉबेरी की खेती को प्रोत्साहित करने, किसानों एवं उद्यमियों को जागरूक करने तथा स्ट्रॉबेरी आधारित व्यवसाय में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष द्वारा नवगठित टीम के साथ उद्योग संबंधी विषयों पर जिला स्तर पर बैठक आयोजित करने हेतु आग्रह किया गया, ताकि जिले में उद्योगों का व्यापक विस्तार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि व्यवसाय वर्ग के अधिक से अधिक लोग जिले में निवेश करें, इसके लिए चेंबर द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रस्तावित औद्योगिक गतिविधियों के अंतर्गत स्टार्टअप सेल, सिंगल विंडो सेल, कोल्ड स्टोरेज तथा फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्योगों की स्थापना को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय रोजगार सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। जिलाधिकारी द्वारा जिले में उद्योग एवं निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने तथा इस दिशा में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उद्यमियों को नियमानुसार हरसंभव सहायता दी जाएगी ताकि औरंगाबाद जिले में औद्योगिक विकास को गति मिल सके।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
**नवबिहार टाइम्स**
**आवश्यकता**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com